आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


सोमवार, 24 जून 2024
वर्ष 5, अंक 90, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित 15

72 वर्ष के हुए बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर 16

## नक्सली हमले में कानपुर का लाल बलिदान

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को परिष्कृत विस्फोटक यंत्र (आईईडी) से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। इनमें एक कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर के रहने वाले थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच टिम्मापुरम गांव के पास अपराह्न करीब तीन बजे किया गया। उन्होंने बताया कि कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 201वीं इकाई के एक अग्रिम दल ने टेकलगुडेम की ओर सड़क सुरक्षा ड्यूटी के तहत जगरगुंडा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सिलगेर शिविर से गश्त शुरू की थी। सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर सवार थे। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया, जिसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई। कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित नौगवां गौतम गांव के रहने वाले थे। बेटे के शहीद होने की सूचना पर घर में कोहराम मच गया।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घर पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी ने बताया कि धमाके की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं तथा शवों को जंगल से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

### पुलिस ट्रक को उड़ाया



शैलेंद्र

- छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आईईडी से किया गया धमाका
- बम धमाके में कांस्टेबल शैलेंद्र और चालक विष्णु आर बलिदान

### मुख्यमंत्री साय ने जवानों के बलिदान होने पर जताया शोक

**रायपुर/जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में दो कोबरा जवानों के बलिदान होने पर गहरा दु:ख व शोक व्यक्त किया है। साय ने रविवार को ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं, विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं।

### इसरो ने बनाया एक और कीर्तिमान : 4.5 किमी ऊंचाई से छोड़ा गया आरएलवी पुष्पक

## आरएलवी का तीसरा सफल लैंडिंग परीक्षण

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुनः काम आने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) के लैंडिंग प्रयोग (एलईएक्स) को लगातार तीसरी बार सफलतापूर्वक पूरा कर नया मील का पत्थर स्थापित किया है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) पर एलईएक्स श्रृंखला के एलईएक्स-03 का अंतिम परीक्षण रविवार सुबह 07:10 बजे हुआ। पिछले आरएलवी एलईएक्स -01 और एलईएक्स -02 मिशनों की उपलब्धियों के आधार पर, आरएलवी एलईएक्स -03 परीक्षण ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमताओं को फिर से प्रदर्शित किया। इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इसमें 500 मीटर की क्रॉस-रेंज शामिल है, जो एलईएक्स -02 के 150 मीटर से काफी अधिक और अधिक तेज हवा की स्थिति में है।

पुष्पक नाम के इस पंखों वाले यान (आरएलवी) को वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ा गया। इस रिलीज़ बिंदु से पुष्पक ने स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार में निष्पादित किया, यह रनवे के पास पहुंचा और रनवे केंद्र रेखा पर एक सटीक क्षैतिज लैंडिंग की।

निम्न लिफ्ट-टू-ड्रैग अनुपात की विशेषता वाले इसके वायुगतिकीय विन्यास के परिणामस्वरूप लैंडिंग वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि वाणिज्यिक विमानों के लिए 260 किमी प्रति घंटे और सामान्य लड़ाकू जेट के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है।



कर्नाटक के चित्रदुर्ग में टेस्ट रेंज पर लैंड करता पुष्पक। ● एजेंसी

## नीट-यूजी में अनियमितताओं को लेकर सीबीआई ने दर्ज की रिपोर्ट

### पेपर लीक के दावों की जांच के लिए बिहार और गुजरात भेजे गए विशेष दल

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने पांच मई को आयोजित नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक संदर्भ के आधार पर रविवार को एक प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने एजेंसी को दी गई एक शिकायत में आरोप लगाया है कि परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं। यह शिकायत अब प्राथमिकी का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने विशेष दल गठित किए हैं जो गोधरा और पटना रवाना हो गए हैं, जहां पुलिस ने प्रश्नपत्र लीक के मामले दर्ज किए हैं। केंद्रीय एजेंसी गुजरात और बिहार में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इन मामलों की जांच अपने हाथ में लेने की योजना बना रही है।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से अभ्यर्थियों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा कथित अनियमितताओं के सम्पूर्ण पहलुओं की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है, जिसमें षड्यंत्र, धोखाधड़ी, अभ्यर्थी की जगह किसी और के परीक्षा में बैठने, विश्वासघात और साक्ष्यों को नष्ट करना शामिल है।

**कृपांक पाने वाले 1,563 अभ्यर्थियों में 813 ने दोबारा दी परीक्षा :** नीट-स्नातक में जिन 1,563 अभ्यर्थियों को पहले कृपांक दिए गए थे, उनमें से 813 अभ्यर्थी रविवार को दोबारा परीक्षा में शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सात केंद्रों पर दोबारा परीक्षा आयोजित की गई।

### बिहार में जांच करने पहुंची सीबीआई टीम पर हमला, चार लोग गिरफ्तार



सीबीआई टीम से मारपीट में गिरफ्तार आरोपी।

**नवादा।** यूजीसी नेट पेपर लीक मामले की जांच करने दिल्ली से बिहार के नवादा पहुंची सीबीआई टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अम्बरीष राहुल ने बताया कि सीबीआई टीम से शनिवार को नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव में मारपीट हुई थी। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में रविवार को पांच और संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इन्हें एक दिन पहले झारखंड के देवघर से हिरासत में लिया गया था। इस मामले में अब तक 18 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।

### एनटीए की वेबसाइट हैक नहीं हुई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि उनकी वेबसाइट तथा अन्य सभी वेब पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित हैं और इनके हैक होने की खबरें गलत और भ्रामक हैं। एनटीए का यह स्पष्टीकरण नीट-यूजी और यूजीसी-नेट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी विवाद के बीच आया है।

### एटीएस ने दो शिक्षकों से की पूछताछ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में लातूर जिले में एक निजी कोचिंग सेंटर चलाने वाले दो शिक्षकों से पूछताछ की। एटीएस की नांदेड़ इकाई ने शनिवार रात दोनों को हिरासत में लिया और कुछ घंटों तक पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। इनमें से एक शिक्षक लातूर जिले के एक सरकारी स्कूल में काम करता है।

### परीक्षा सुधारों पर उच्च स्तरीय समिति की बैठक आज

**नई दिल्ली।** परीक्षा सुधारों पर सुझाव देने और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की समीक्षा के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय समिति की सोमवार को बैठक होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष आयोजन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। एक सूत्र ने बताया कि शीघ्र कार्रवाई करते हुए, समिति की पहली बैठक सोमवार को होगी। समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जिन सुधारों की सिफारिश की गई है, उन्हें अगले परीक्षा चक्र तक लागू किया जाएगा। समिति परीक्षा कैलेंडर पर भी गौर करेगी और सुझाव देगी।

समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली को लेकर सिफारिशें करेगी।

## परीक्षा केंद्र और प्रेस से लीक हुआ था आरओ एआरओ का पेपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मामले में प्रयागराज से पकड़े गए छह अन्य आरोपी
- पूर्व में एक दर्जन से अधिक आरोपी हो चुके गिरफ्तार

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने रविवार को आरओ-एआरओ परीक्षा (2023) का प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह के छह अन्य सदस्यों को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक प्रिंटिंग प्रेस में कार्यरत बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा का प्रश्नपत्र बीती 11 फरवरी को सुबह परीक्षा शुरू होने से पूर्व ही परीक्षा केन्द्र बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज प्रयागराज से आउट कराया गया था।

एसटीएफ ने गिरोह का खुलासा करते हुए बिशप जॉनसन कॉलेज में परीक्षा संबंधी कार्य देखने वाले अर्पित विनीत यशवंत (जिसने प्रश्नपत्र आउट कर गिरोह को उपलब्ध कराया था) के साथ-साथ गिरोह के अन्य सदस्यों को पूर्व में अलग-अलग दिनों में गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा था। इस मामले में बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य की भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है।

एसटीएफ (वाराणसी) के इंस्पेक्टर अमित श्रीवास्तव को जांच के दौरान जानकारी मिली कि प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्र से ही नहीं, प्रिन्टिंग प्रेस से भी आउट कराया गया। इस संबंध में जानकारी करने पर पता चला कि प्रश्नपत्र लोक सेवा आयोग द्वारा प्रिंटिंग प्रेस भोपाल में छपवाया गया था। इस संबंध में जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सुनील रघुवंशी (प्रिंटिंग प्रेस कर्मी) निवासी बिलखिरिया भोपाल, सुभाष प्रकाश निवासी जयनगर मधुबनी बिहार, विशाल दुबे निवासी मेजा प्रयागराज, संदीप पाण्डेय निवासी करछना प्रयागराज, अमरजीत शर्मा निवासी फतेहपुर, गया बिहार और विवेक उपाध्याय निवासी बैरिया बलिया शामिल हैं।

### एक नजर

#### केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई जमानत की अर्जी

**नई दिल्ली।** धनशोधन के मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा शुक्रवार को उनकी जमानत पर लगाई गई रोक के खिलाफ याचिका दायर की है। केजरीवाल के वकीलों ने सोमवार सुबह सुनवाई की अपील की है। अधीनस्थ अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन उच्च न्यायालय ने अंतरिम रोक लगा दी थी।

#### बस्तर में अब नकली नोट भी छाप रहे नक्सली

**सुकमा (बस्तर)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के नक्सली आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पैसों की कमी को पूरा करने के लिए अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। इसके लिए संगठन के बड़े कैडर्स ने अपने लड़ाकों को नोट छापने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। पुलिस ने रविवार को तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाए जाने की मशीन, नकली नोट के सैंपल, विस्फोटक और हथियारों को बरामद किया। एसपी किरण चौहान ने बताया कि संयुक्त सुरक्षा बल को विशेष नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र में भेजा गया था।

## मायावती ने भतीजे आकाश को फिर बनाया उत्तराधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने रविवार को भतीजे आकाश आनंद को फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। उन्होंने आकाश को पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद पर भी बहाल कर दिया है। ऐसे में आकाश आनंद फिर देश में पार्टी के मूवमेंट को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

मायावती ने रविवार को पार्टी कार्यालय में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भतीजे को लेकर निर्णय साझा करने के साथ आकाश को दूसरे राज्यों में भी बसपा को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने अन्य प्रांत समेत उप्र. में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की भी घोषणा की। बसपा प्रमुख ने कहा कि आकाश के भाषण के दौरान आप लोग भीड़ लेकर मंच पर पहुंच गए थे। कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रखने के लिए ही आकाश को पद से हटाया गया था।



- बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर का पद भी सौंपा

## प्रज्वल रेवन्ना का भाई सूरज अप्राकृतिक यौनाचार में गिरफ्तार



**होलेनरासीपुर (हासन)।** कर्नाटक के हासन में कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना के भाई एवं पार्टी विधायक सूरज रेवन्ना को पुलिस ने पार्टी के एक पुरुष कार्यकर्ता के साथ कथित तौर पर अप्राकृतिक यौनाचार करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि शिकायत अर्कलगुड तालुक के एक युवक की ओर से दर्ज कराई गई। सूरज रेवन्ना ने आरोपों को खारिज करते हुए राजनीति से प्रेरित बताया है।

## प्रोटेम स्पीकर को लेकर हंगामा होने के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। 24 जून से 3 जुलाई तक के चलने वाले 10 दिन के इस सत्र में कुल आठ बैठकें होंगी। सत्र के दौरान 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। भाजपा नेता एवं सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को संसद के निचले सदन का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किए जाने के कारण सदन में हंगामा होने के आसार हैं।

महताब को अस्थायी अध्यक्ष बनाए जाने की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश के दावे की अनदेखी की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि महताब लगातार सात बार के लोकसभा सदस्य हैं, जिससे वह इस पद के लिए उपयुक्त हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में महताब को लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद भवन पहुंचेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह निचले सदन के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। इसके बाद, महताब प्रधानमंत्री से सदन की सदस्यता की शपथ लेने का आग्रह करेंगे। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर, राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्षों की समिति को शपथ दिलाएंगे।

### संसद सत्र आज से



- नवनिर्वाचित सदस्य लेंगे शपथ सरकार साबित करेगी बहुमत

### इन 10 दिनों के दौरान संसद में क्या-क्या होगा ?

- प्रधानमंत्री संसद को संबोधित करेंगे
- लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण
- प्रधानमंत्री कैबिनेट का देंगे परिचय
- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा
- प्रधानमंत्री 2 या 3 जुलाई को इस चर्चा पर अपना जवाब देंगे

### नीट और यूजीसी नेट मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे

संसद संत्र के दौरान राहुल गांधी नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में कथित अनियमितता के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे, तो दूसरी तरफ सेना में अग्निवीर योजना को लेकर भी सरकार पर हल्ला बोल करेंगे। इसके अलावा, कांग्रेस और टीएमसी ने तीन नए कानूनों पर भी मोदी सरकार को घेरने का संकेत दे दिया है।

## एक हफ्ते में बिहार में एक और पुल गिरा

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर शनिवार रात एक निर्माणाधीन पुल ढह गया। बिहार में एक सप्ताह के अंदर अररिया और सीवान के बाद यह तीसरा पुल ढहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहा 18 मीटर लंबा पुल शनिवार रात अपने दो स्पैन में से एक की ढलाई के कुछ ही घंटों बाद ढह गया। ढाका में तैनात आरईएस के कार्यपालक अभियंता एसएन. मंडल ने दावा किया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पुल के नए बने हिस्से के सेंट्रिंग को बिगाड़ दिया था, जिससे पुल ढह गया। जबकि स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

## ईटानगर में बादल फटने से भूस्खलन, बाढ़ से असम में 4 लाख प्रभावित, 37 की मौत

ईटानगर/गुवाहाटी, एजेंसी

- जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में रविवार सुबह बादल फटने से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 415 के कई हिस्सों में जलभराव हुआ।

राज्य की राजधानी के लोगों की जीवनरेखा माने जाने वाले राजमार्ग पर कई वाहन फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से नदियों के किनारे और भूस्खलन के खतरे वाले क्षेत्रों में न जाने को कहा है। आपदा प्रबंधन विभाग ने भारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए हैं। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब एक हफ्ते से हो रही बारिश के कारण आई बाढ़ से 19 जिलों में करीब 4 लाख लोग प्रभावित हैं।

बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों का आंकड़ा 37 हो गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सरकार ने 134 रिलीफ कैंप लगाए हैं। जहां कुल 17,661 लोगों ने शरण ले रखी है। बराक के करीमगंज में कुशियारा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। असम राज्य के आपदा प्रबंधन प्राधिकारी के अनुसार रविवार को दो लोगों की मौत हो गई। 3995.33 हेक्टेयर कृषि भूमि बाढ़ के पानी से जलमग्न है।

### एमपी समेत 11 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें मध्य प्रदेश के मालवा इलाके के अलावा गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। अगले 3-4 दिनों में इन राज्यों को मानसून पूरी तरह कवर कर लेगा।

## जुलाई से क्रियाशील होने लगेंगे नए थर्मल पॉवर स्टेशन

### 660 मेगावॉट की जवाहरपुर-2, 561 की घाटमपुर-1 और 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट हो जाएंगी चालू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आने वाले समय में बिजली की बढ़ती मांग के मद्देनजर अगले माह से ही नए थर्मल पॉवर प्लांट क्रियाशील होने लगेंगे। दरअसल, शासन की योजना इसी साल 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारने की है। इसके बाद बड़े स्तर पर बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे देखते हुए राज्य सरकार अगले तीन साल में 10 नए थर्मल पॉवर प्लांट के जरिए लगभग 5255 मेगावॉट बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी करेगी। वहीं, 2030 तक तीन इकाइयों की क्षमता बढ़ाकर 5120 मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा।

राज्य में जिन नए थर्मल पॉवर स्टेशन को शुरू करने की कवायद चल रही है उनमें 660 मेगावॉट की जवाहरपुर यूनिट-2, इस साल जुलाई तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-1, जुलाई तक, 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट जुलाई तक जबकि, 660 मेगावॉट की ओबरा सी यूनिट-2, इस साल सितंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-2, दिसंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-3, मार्च 2025 तक, 396 मेगावॉट की खुर्जा एसटीपीपी यूनिट-1 और 396 मेगावॉट की यूनिट-2, मई 2025 तक, 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री यूनिट-1 अगस्त 2027 तक और 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री, यूनिट-2 अगस्त 2027 तक क्रियाशील हो जाएगी। इनके शुरू होने से उप्र. में अतिरिक्त 5255 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। इसके अतिरिक्त 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता में 5120 मेगावॉट की बढ़ोत्तरी की जाएगी। इसके तहत मौजूदा तीन इकाइयों की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इसमें ओबरा डी-2 को 1600 मेगावॉट, अनपरा ई-2 को 1600 मेगावॉट और मेजा 2 को 1920 मेगावॉट उत्पादन क्षमता तक विस्तारित करना है।



- 2027 तक 10 पॉवर प्लांट होंगे पूरे, बनेगी 5255 मेगावॉट बिजली
- 2030 तक और तीन बड़े बिजली घरों की क्षमता में भी होगी बढ़ोत्तरी

### बिजली खपत और उत्पादन में बड़ा अंतर

राज्य में स्थापित सभी थर्मल पॉवर प्लांट्स के जरिए लगभग साढ़े 6 हजार मेगावॉट बिजली का उत्पादन होता है। इसके अलावा हाइड्रो, विंड और सौर ऊर्जा सहित अन्य स्रोतों से भी बिजली का उत्पादन होता है, मगर बीते दशकों में बिजली उत्पादन को लेकर बरती गई उदासीनता के कारण वर्तमान में बिजली की खपत और उत्पादन के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है। इस साल गर्मियों में बिजली की मांग 30 हजार मेगावॉट से भी अधिक रही है।



**शहर में आज**

- भमरौआ स्थित मंदिर में भगवान शकंर का जलाभिषेक प्रात: 5 :30 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12 :30 बजे।

**एक नजर**

### किशोरी के अपहरण में युवक के खिलाफ रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** तेरह वर्षीय किशोरी को युवक बहला–फुसलाकर भगा ले गया। उसके पिता ने कोतवाली में मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी निरंजन के विरुद्ध अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उत्तराखंड के नजदीक स्थित एक गांव निवासी किशोरी के पिता का कहना है कि उसकी 13 वर्षीया पुत्री शनिवार की दोपहर बाजार गई थी। वह घर में रखे 80 हजार रुपये तथा करीब 4 .5 लाख रुपये के सोने के जेवर भी ले गई है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके अपहृत किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई है।

# जनपद में कहीं सूखा तो कहीं झमाझम बरसे बदरा, मिली राहत

## सैदनगर ब्लॉक के कई गांवों में खूब बरसीं काली घटाएं, बच्चों ने बरसात के पानी में जमकर की मस्ती, कई जगह जलभराव से भी जूझे लोग

कार्यालय संवाददता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में रविवार को कहीं सूखा रहा तो कहीं बादल झमाझम बरसे। सड़कों पर जलभराव हो गया और बच्चों ने बारिश के दौरान खूब मस्ती की। जबकि सिविल लाइंस क्षेत्र में सूखा रहा। शहर के कई हिस्सों में बारिश भी हुई।

सैदनगर ब्लॉक में काली घटाएं खूब बरसीं। वर्षा से गन्ना, मेंथा और मक्का की फसल लहलहा उठी। वर्षा के लिए मंदिर और मस्जिदों में दुआएं की जा रही हैं। जहां सूखा रहा वहां लोग पूरे दिन उमस से बेहाल रहे। वर्षा होने से तापमान में करीब आठ डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

सैदनगर क्षेत्र में रविवार की दोपहर तेज हवा के साथ आई बारिश ने लोगों को गर्मी से कुछ राहत दिलाई। बच्चों ने वर्षा का आनंद लिया। बच्चों ने बारिश में खूब मस्ती की। लगभग एक घंटा मूसलधार बारिश होने से खौद चौराहे पर जलभराव हो गया। गर्मी से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को बारिश ने राहत दिलाई। कई दिन से भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से लोग बुरी तरह से हलकान थे। रविवार की दोपहर मौसम में परिवर्तन हुआ और आसमाान में काली घटाएं घिर आईं। ठंडी हवा साथ पानी बरसने लगा। बारिश होने के बाद बिजली आपूर्ति ठप हो गई। खुशनुमा मौसम और तेज हवा ने क्षेत्र के लोगों को बिजली कटौती का अहसास नहीं होने दिया। बारिश से क्षेत्र के किसान और आम उत्पादकों के चेहरे खिल गए। धान की फसल और हरे चारे को बारिश से भरपूर लाभ मिला है। शहरी क्षेत्र में पूरे दिन आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा। सुबह 10 बजे से सूरज की तपिश से लोग बेचैन रहे। रविवार को आर्द्रता 53 प्रतिशत रहने और अधिकतम तापमान 36 डिग्री तक पहुंचने से उमस रही। लोग पसीना-पसीना होते रहे।



वर्षा के बाद खौद चौराहे पर हुए जलभराव के बीच से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार



सैदनगर में हुई वर्षा में मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार



सैदनगर क्षेत्र में सड़क पर हुए जलभराव के बीच से गुजरती महिलाएं।



रविवार को आसमान में छाए बादल। ● अमृत विचार

**सिविल लाइंस क्षेत्र में नहीं बरसा पानी**

रविवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में एक बूंद पानी नहीं बरसा। जबकि शहर के मोहल्ला मोती मस्जिद, मिस्टन गंज, राजद्वारा, लाल कबर, लाल मस्जिद, चिरान, नालापार क्षेत्र में दोपहर 12 :30 बजे झमाझम बारिश हुई। कुछ देर बरसने के बाद बदरा आगे बढ़ गए।

> पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण वर्षा का अनुमान है। इसके बाद मौसम शुष्क रहने के आसार हैं।
>
> – डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ



निमंत्रण यात्रा में भजन गाते लोग। ● अमृत विचार

## 18वीं निमंत्रण यात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जगन्नाथ रस कथा से पहले रविवार को 18वीं निमंत्रण यात्रा ज्वालानगर में निकाली गई। इसमें काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

जगन्नाथ कथा महोत्सव से पहले रविवार को 18वीं निमंत्रण यात्रा ज्वालानगर क्षेत्र में ही निकाली गई। लगभग शहर की प्रत्येक गली में निमंत्रण यात्रा के माध्यम से जगन्नाथ कथा का निमंत्रण दिया जा चुका है।

सीए सजल अग्रवाल ने बताया कि अब कथा प्रारम्भ होने में 13 दिन शेष हैं। इसलिए सोमवार की निमंत्रण यात्रा के बाद उत्सव पैलेस में कथा की तैयारी शुरू की जाएगी। योजना के अनुसार उत्सव पैलेस को सजाया जाएगा। शहर के अंदर आने वाले मुख्य मार्गों पर भगवा गेट बनेंगे। जगन्नाथ कथा के दरबार की तैयारी मन्नू ने प्रारम्भ कर दी है। कथा के लिए भव्य जगन्नाथ के मंदिर का स्वरूप कथा स्थल पर उतारा जाएगा। इसका कार्य मनोज शर्मा कर रहे हैं।

## बाइक टकराने के बाद मारपीट में दो लोग घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** बाइक टकराने के बाद रविवार की शाम को दो पक्ष भिड़ गए। उनके बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें दो लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गंज थाना क्षेत्र के गांव सैजनी नानकार में रविवार की शाम दो युवकों की बाइक आमने-सामने से टकरा गईं। इसके बाद दोनों युवकों के बीच गाली-गलौज होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। जमकर लाठी-डंडे चले।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। मारपीट में घायल हुए दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है। गंज प्रभारी विजयपाल सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।



पंचायत में बोलते किसान नेता अजय बाबू गंगवार। ● अमृत विचार

## जिलाधिकारी को बताएंगे किसानों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के निवास पर पंचायत हुई। इसमें जिला अध्यक्ष ने कहा कि 24 जून को आंबेडकर पार्क में जिले की पंचायत होगी। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्यों से रूबरू कराया जाएगा।

पंचायत में किसानों के साथ हो रहे उत्पीड़न को जिलाधिकारी के समक्ष रखा जाएगा। किसान लंबे समय से अपनी मांग प्रशासन के सामने रख रहे है, परंतु प्रशासन गंभीर नहीं है। मिलक तहसील में ही एक कार्यकर्ता के साथ लेखपाल ने बदतमीजी की कोशिश की थी। अभी तक आरोपी लेखपाल पर कार्रवाई लंबित है। बैठक में प्रेमपाल सिंह, दानिश खान, वीरेंद्र गंगवार, लक्ष्मी ठाकुर, किरण, साजिद अली, नबी शेर, बाबू राम आदि मौजूद रहे।

## पंचायत राज विभाग में हो रहा दलितों का शोषण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने कहा कि पंचायत राज विभाग में दलितों का शोषण हो रहा है। उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है। कहा कि इसकी शिकायत अधिकारियों से की जाएगी।

मोहल्ला साहू जी नगर (मिलक) में समर्पिता सरोज के निवास पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान भावाधस के राष्ट्रीय प्रमुख ने कहा कि पंचायत राज विभाग में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत समर्पित सरोज की सफाई कार्य करते समय तबियत खराब हो गई थी। इसके बाद उसे मिलक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। कहा कि प्रधान ने डरा-धमकाकर सात से तीन बजे तक काम कराया। इसके कारण उसकी तबियत खराब हुई। दलित सफाई कर्मियों से छुट्टी के दिन भी काम लिया जाता है। अन्य समाजों के सफाई कर्मी कार्यालय में कुर्सी तोड़ रहे हैं। अन्य जातियों के सफाई कर्मी आदमी लगाकर काम कराते हैं, जबकि दलित सफाई कर्मी स्वयं काम कर रहे हैं। फिर भी उन्हीं का उत्पीड़न किया जा रहा है।

कहा कि सोमवार को जिला पंचायत राज अधिकारी से मिलकर इस मामले में कार्रवाई करने की मांग करेंगे। चेतावनी दी कि यदि फिर भी उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा। पीड़िता समर्पिता सरोज ने भीम अनार्य को आपबीती बताई। इस अवसर पर राजपाल भारती, ब्रह्मानंद, राजकुमार, राहुल सिंह, नेमचंद, अजय कुमार, हरीश कुमार, अभिषेक बाबू, एकलव्य वाल्मीकि, राजेश कुमार, जगदीश कुमार, ओम प्रकाश रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



पीड़ित सफाईकर्मी से जानकारी करते वीरेश भीम अनार्य। ● अमृत विचार



योग प्रशिक्षक राजीव कुमार को प्रशास्ति पत्र देते डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान।

## आयुष विभाग ने योगाचार्य को किया सम्मानित

कार्याय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और योग सप्ताह के अंतर्गत आयुष विभाग ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

इसमें राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तैनात योग प्रशिक्षक राजीव कुमार ने किला परिसर एवं अन्य स्थानों पर सैकड़ों लोगों को योगाभ्यास कराया। उनके कार्य को लेकर आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान और डीपीएम प्रेम कुमार मौर्य ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि राजीव कुमार को गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली में भी केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर मित्रो और शुभ चिंतकों ने उन्हें बधाई दी।

## कल होगा बापू मॉल की 155 दुकानों का आवंटन

**रामपुर, अमृत विचार :** तोपखाना स्थित बापू मॉल की दुकानों का आवंटन पालिका सभागार में कल होगा। मॉल के प्रथम तल की 155 दुकान व हॉल का आवंटन बोली के जरिए किया जाएगा। बोली में भाग लेने वालों को 1,00,000 रुपये का प्रीमियम जमा करना होगा।

सपा सरकार में तोपखाना गेट 35.14 करोड़ की लागत से सीएनडीएस ने बनाया था। निर्माण के बाद सीएनडीएस कंपनी ने पालिका को हैंडओवर कर दिया था। इसका उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किया था। मॉल में पहले और ग्राउंड फ्लोर में 316 दुकान और 16 हॉल हैं। 155 दुकानों का आवंटन होना शेष है। जबकि 16 हॉल में से एक का भी आवंटन नहीं हुआ है। 25 जून को होने वाली बोली में दुकानों के साथ हॉल को भी शामिल किया गया है।

## एक वर्ष में डीसीबी ने 102.87 लाख रुपये का अर्जित किया लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**बैठक**

- अध्यक्ष ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां
- पांच वर्ष में सभी बैंक शाखाओं को वातानुकूलित बनाने का दावा

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक ने एक वर्ष में 102.87 लाख रुपये का लाभ अर्जित किया। अध्यक्ष ने बताया कि बैंक 31 मार्च 2023 को 240.80 लाख रुपये के लाभ पर था। 31 मार्च को यह बढ़कर 343.67 लाख रुपये हो गया है। यानी अब यह लाभ 102.87 लाख रुपये पहुंच गया है। अध्यक्ष ने पांच वर्ष में सभी जिला सहकारी बैंक की शाखाओं को वातानुकूलित बनाने का दावा किया है।

सिविल लाइंस स्थित जिला सहकारी बैंक के सभागार में रविवार को हुई पत्रकार वार्ता में डीसीबी के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने कहा कि उन्हें 23 जून 2023 को बैंक की निर्वाचित प्रबंध कमेटी ने अध्यक्ष के रूप में चुना था। एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बैंक की प्रगति की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने कहा कि बैंक की जनपद में 29 शाखाएं हैं। इनमें 231 अलग-अलग पटलों पर कर्मचारी कार्यरत हैं। विभिन्न शाखाओं में 17 एटीएम हैं। इसके अलावा दो मोबाइल एटीएम वैन भी हैं। यह जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर जनता को नगद धनराशि की सुविधा देती हैं।

कहा कि 23 जून 2023 को बैंक का निक्षेप अंकन 53.208.61 लाख रुपये था। वर्तमान में यह 56.945 लाख रुपये है। गत वर्ष के सापेक्ष निक्षेप में 3,731 लाख रुपये की वृद्धि हुई है। ऋण वसूली 30,786.58 लाख रुपये रही। अब तक 35,098.58 लाख रुपये का ऋण बांटा जा चुका है। बैंक का विनियोजन अंकन 70,802.01 लाख रुपये था। यह अब बढ़कर 77,311.49 लाख रुपये हुआ है। वर्ष 2023 के सापेक्ष 6,508.48 लाख रुपये की वृद्धि हुई है।

अध्यक्ष ने कहा कि ग्राहकों को आरटीजीएस, एनईएफटी, यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, एम-पासबुक के माध्यम से सुविधा दी जा रही है। बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजनांतर्गत ऋण वितरण, कृषि यंत्रीकरण ऋण के साथ व्यवसायिक ऋण सीमा, वेतनभोगी कर्मचारियों को ऋण की सुविधा दी जा रही है। एलटीआरसीएफ ऋण योजना के तहत डेयरी एवं सोलर पैनल के लिए लाभार्थियों को 10 लाख रुपये की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई।

उन्होंने बताया कि एक वर्ष में बिलासपुर और गुइया तालाब की शाखा को वातानुकूलित किया गया। पांच वर्ष में बैंक के सभी शाखाओं को वातानुकूलित कराया जाएगा। इस अवसर पर बैंक के उपाध्यक्ष हरजिन्दर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीप्रकाश त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक ज्ञानदेव गंगवार, रविंद्र सिंह यादव, तेजपाल, हरदीपन सिंह, रोहिताश, नंद किशोर, यतेंद्र कुमार, टीकम सिंह, परमजीत सिंह, दीप गोयल, नीलम गुप्ता, संजा देवी आदि शामिल रहे।



पत्रकार वार्ता में बोलते जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी।

## सड़क हादसे में नेपाल का युवक घायल

**मिलक, अमृत विचार :** काम की तलाश में नेपाल से रामपुर आया युवक सड़क हादसे में घायल हो गया। घायल को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

रविवार की शाम क्षेत्र के क्योरार बाइपास पर पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन से टक्कर मार दी। इसमें युवक बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों ने की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। इस बीच सूचना पाकर पुलिस भी अस्पतताल पहुंच गई। घायल की जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर उसकी पहचान नेपाल के दार्चुला जनपद के ग्राम लेकम निवासी हरीश प्रसाद जोशी पुत्र मोहन देव जोशी के रूप में हुई। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल ने बताया वह काम की तलाश में चार दिन पहले नेपाल से यहां आया था।

**राहत** — पुल बनने के बाद सीधे बरेली से जुड़ गए जिले के 16 गांव, 30 किलोमीटर की दूरी भी हुई कम

## सैजनी नदी पर नौ करोड़ की लागत से बना पुल शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नौ करोड़ रुपये की लागत से बना पुल शुरू होने से लोगों को राहत मिली है। सैजनी नदी पर पुल बनने के बाद 16 गांव सीधे बरेली से जुड़ गए हैं। पुल बनने से पहले ग्रामीणों को 30 किमी का चक्कर काटकर बरेली पहुंचना पड़ता था।

पुल चालू होने के बाद लोगों के समय और पैसे की बचत हुई है। बरसात में ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ जाती थीं। अब उन्हें राहत मिलेगी। हालांकि, अभी किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। सूची पर जिलाधिकारी के हस्ताक्षर होने के बाद मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

तहसील मिलक के ग्राम चैनपुर में सैजनी नदी पर पुल शुरू होने के बाद इस क्षेत्र की करीब 30 हजार आबादी को बड़ी राहत मिली है। पुल नहीं होने के कारण लोगों को 30 किमी का चक्कर काटकर बरेली पहुंचना पड़ता था। अब बरेली पहुंचने की राह आसान हो गई है। सैजनी नदी पर पुल नहीं होने के कारण चैनपुर क्षेत्र के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय, ब्लॉक, जिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन, थाना एवं तहसील के कार्यों के लिए आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

इसके अलावा नदी के दोनों ओर के गांवों के किसानों की कुछ जमीनें नदी पार पड़ती हैं। उन्हें कृषि कार्यों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बरसात में यह कठिनाई और बढ़ जाती थी।



सैजनी नदी पर बना पुल। ● अमृत विचार

**पुल से इन गावों के लोगों को मिली राहत**

सैजनी नदी पर पुल शुरू होने से चैनपुर, उदयपुर पट्टी, मालिन खेड़ा, खंडिया, हरइया, पिपलिया, नील की गोटिया, बड़े गांव, इनायतपुर, गुलजार आदि गांवों के करीब 30 हजार लोगों को राहत मिली है। इसके अलावा इन गांवों के लोगों की बरेली से दूरी भी कम हो गई है।


> सैजनी नदी पर चैनपुर पुल शुरू हो गया है। किसानों के मुआवजे की प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू कर दी जाएगी। उप जिलाधिकारी ने किसानों की सूची जिलाधिकारी को भेज दी है। जिलाधिकारी की अनुमति के बाद किसानों को मुआवजा दे दिया जाएगा।
>
> –शशिकांत, परियोजना प्रबंधक, राज्य सेतु निगम

## जन आरोग्य मेले में 2258 रोगियों को मिला उपचार

**रामपुर, अमृत विचार :** जनपद के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित 2258 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी सिंह ने बताया कि पांच सामुदायिक, अर्बन समेत 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मेले का आयोजन हुआ। इसमें चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ को लगाया गया। मेले सबसे अधिक उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन, रक्तचाप, ब्लड प्रेशर के रोगी आए। मेले में 999 पुरुष, 970 महिलाएं और 289 बच्चों को उपचार दिया गया। केंद्रों पर तैनात चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ ने रोगियों से भीषण गर्मी में एहतियात बरतने की सलाह दी।


आवश्यकता है
अमृत विचार को
- एचआर /एडमिन
- मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की

अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली




**आज का मौसम**

आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान।

36.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:16

# ट्रक में घुसा कंटेनर, चालक की मौत

## मिलक थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, चालक के परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** लखनऊ से रामपुर आ रहा कंटेनर लकड़ी भरे ट्रक में पीछे से घुस गया। इस हादसे में कंटेनर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। चालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।



मिलक थाना क्षेत्र के गांव अकौदा निवासी 50 वर्षीय नासिर खान ट्रक चालक था। शनिवार को वह कंटेनर लेकर लखनऊ से रामपुर आ रहा था। रविवार की सुबह करीब पांच बजे हाईवे स्थित भैरो बाबा मंदिर के पास पहुंचा तो आगे चल रहे लकड़ी से भरे ट्रक में उसका कंटनेर जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक नासिर की उसमें फंसकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर को काटकर नासिर का शव बाहर निकाला। दोनों वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कराया। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। अस्पताल पहुंचे परिजन शव को देख बुरी तरह बिलखने लगे।



हाईवे पर सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कंटेनर। ● अमृत विचार

**दुर्घटना**

- **हादसे के बाद हाईवे पर लग गया लंबा जाम**
- **तीन जुलाई को है कंटेनर चालक नासिर की भतीजी की शादी**

परिजनों ने बताया कि नासिर खान ने शादी नहीं की थी। उसने एक बच्चे को गोद लिया था। परिजनों के अनुसार तीन जुलाई को नासिर की भतीजी का निकाह होना है। घर में शादी होने के कारण उसने लखनऊ जाने से मना कर दिया था। लेकिन परिजनों के काफी दवाब बनाने पर वह लखनऊ के लिए रवाना हो गया था।

घर से कुछ ही फासले पर हुए सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। नासिर को जरा भी अंदाजा नहीं था कि वह अपनी भतीजी को विदा करने से पहले ही दुनिया से विदा हो जाएगा।

**कंटेनर काटकर निकाला चालक का शव**

हादसा इतना भंयकर था कि चालक कंटेनर में ही फंस गया। हादसे के बाद राहगीर मौके पर एकत्र हो गए थे। उन्होंने कंटेनर में फंसे चालक को निकालने का काफी प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई। तब पुलिस ने कंटेनर को काटकर चालक को बाहर निकाला। इसके उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने चालक को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

**एक नजर**

### कूड़ा डालने से रोकने के विवाद में लाठी-डंडों से पीटा

**शाहबाद, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला वेदान निवासी नासिर की पत्नी निशा ने पड़ोसियों पर उसके पति को पीटने का आरोप लगाया है। उसने पड़ोसी अबरार, इरफान, अकबर और मुरादन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपियों ने घर का कूड़ा डालने को लेकर पीड़िता व उसके पति से गाली-गलौज की। आरोपियों ने उसके पति को लात-घूसों व लाठी-डंडों से पीटा। इसमें उसके पति को काफी चोटें आई हैं। उनका जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। आरोपियों ने पीड़िता के पति को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्पीड ब्रेकर पर दो कार भिड़ीं, तीन लोग घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी मार्ग पर बने स्पीड ब्रेकर पर एक कार ने दूसरी कार में पीछे से टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इस दौरान कार में सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली मिलक क्षेत्र के गांव बराखास निवासी विनोद, विपिन कुमार और राजबाबू हल्द्वानी जा रहे थे। रविवार की शाम साढ़े पांच बजे केमरी मार्ग पर गांव धावनी-हसनपुर के स्पीड ब्रेकर पर कार की स्पीड धीमी करने पर पीछे से आ रही दूसरी कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। पीछे से टक्कर मारकर चालक फरार हो गया। टक्कर लगते ही आगे चल रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। कार में सवार लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण व राहगीर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कार में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद कार को क्रेन की मदद से गड्ढे से बाहर निकाला गया। इस दौरान क्रेन की चपेट में आकर एक ओर कार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# उचक्कों ने कार का शीशा तोड़कर नकदी चुराई

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** स्वीमिंग पुल पर नहाने के लिए अमरोहा से आए युवकों व महिलाओं की कार का पिछला शीशा तोड़कर चोर 1200 रुपये और अन्य सामान चुरा कर ले गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करके सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

रविवार को अमरोहा जनपद के गांव काजी सराय उर्फ काका सराय निवासी डा. सलमान व मोहम्मद आसिम की पत्नी गुलअफ्शा आदि के साथ बाजपुर मार्ग स्थित गांव सड़क का मझरा के निकट हवाई अड्डा रेस्टोरेंट में घूमने आए थे। हवाई अड्डे के स्वीमिंग पूल में पानी न होने के कारण वह लोग कार में सामान रख कर पास में ही स्थित दूसरे स्वीमिंग पूल में नहाने चले गए। इस दौरान किसी ने उनकी कार का पिछला शीशा तोड़ दिया और उसमें रखे 1200 रुपये, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि चुरा लिया। कार का शीशा टूटा देख उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में वह कोतवाली पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा ने मौके पर पहुंच कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के निर्देश दिये। पुलिस ने गुलअफ्शा की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली है। क्राइम इंस्पेक्टर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोरों की पहचान कर तलाश की जा रही है।



थाने में खड़ी शीशा टूटी कार।

- **पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए कर रही आरोपियों की तलाश**
- **स्वीमिंग पूल में नहाने के लिए अमरोहा से आए थे पीड़ित**

# प्रेम प्रसंग के चलते युवती को भगा ले गया युवक

संवाददाता, स्वार

- **72 हजार रुपये और लाखों के आभूषण भी साथ ले गई युवती**
- **युवती की मां ने चार लोगों को नामजद करते हुए पुलिस को दी तहरीर**

**अमृत विचार :** प्रेम-प्रसंग के चलते युवक अपने भाइयों की मदद से युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती अपने साथ घर में रखे 72 हजार रुपये तथा लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण भी ले गई। युवती की मां ने चार भाइयों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का गांव की ही युवती से काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसके चलते दोनों आपस में मिलते रहते थे। युवती के परिजनों को भनक लगी तो उन्होंने उसके बाहर आने-जाने पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बावजूद युवक-युवती चोरी छिपे मिलने लगे। साथ जीने-मरने की कसम खा ली। शनिवार को युवक अपने भाइयों की मदद से युवती को बहला फुसला कर भगा ले गया। युवती अपने साथ घर में रखे 72 हजार रुपये, सोने की चार बाली, लॉकेट, 25 तोले की चांदी की पायल, हाथ फूल ले गई। परिजनों ने युवती को काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं लग सका। इस बीच उन्हें पता चला कि गांव का ही युवक अपने भाइयों की मदद से उनकी बेटी को भगा ले गया है।

शिकायत करने पर आरोपी युवक के परिजन आग-बबूला हो गए और गाली-गलौज करते हुए युवती के परिजनों को भगा दिया। रविवार को युवती की मां ने चार सगे भाइयों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी। अभी तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी मिलने पर परिजन भी आ गए। उन्होंने बताया कि युवक मानसिक रूप से कमजोर था।

मूंढापांडे के गांव गनेश घाट निवासी 23 वर्षीय नीटू शनिवार की शाम को घर से गायब हो गया था। रविवार को उसका शव कोसी रेलवे ट्रैक के पास मिला। मौके पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर मौजूद पर लोगों ने मृतक की शिनाख्त नीटू के रूप में की। जानकारी मिलने के पर परिजन भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि गनेश मानसिक रूप से कमजोर है। शनिवार की शाम वह घर से गायब हो गया था। पोस्टमार्टम के बाद नीटू का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# दहेजलोभी पति ने चाकू से हमला कर किया घायल

संवाददाता, सैदनगर

**उत्पीड़न**

- **पुलिस ने पति समेत 3 आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**
- **चार माह की बेटी को छीनकर महिला को घर से निकाला**

**अमृत विचार :** अजीम नगर थाना क्षेत्र में दहेज के लिए महिला से मारपीट की गई। विरोध करने पर पति ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने पति समेत तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला थाना क्षेत्र के नौरंगपुर गांव का है। सींगनखेड़ा निवासी युवती की शादी दो साल पहले नौरंगपुर गांव में हुई थी। उसके परिजनों ने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये और कार की मांग करने लगे।

विरोध करने पर पति व देवर आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। चार माह पहले उसने बेटी को जन्म दिया। इसके कुछ दिन बाद ही ससुराल वालों की दहेज की मांग और बढ़ गई। पीड़िता के अनुसार पति ने कहा कि अगर तेरे घर वाले दो लाख रुपये नहीं देंगे तो तुझे घर से निकाल देंगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।

इस दौरान पति ने चाकू से हमला कर उसे जख्मी कर दिया। आरोपियों ने चार माह की बच्ची को छीनकर उसे घर से निकाल दिया। मायके पहुंची युवती ने परिजनों को पूरी बात बताई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति राहुल, देवर पंकज और सास हरप्यारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



सिपाही के खिलाफ थानाध्यक्ष को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# पटवाई एसओ से की सिपाही की शिकायत

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** सिपाही द्वारा असभ्य भाषा में बात करने पर किसान नेता आक्रोशित हो गए। उन्होंने पटवाई थानाध्यक्ष अमरनाथ वर्मा को ज्ञापन देकर सिपाही का रवैया सुधारने की बात कही। सिपाही के रवैये में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

रविवार को भारतीय किसान यूनियन के तमाम कार्यकर्ता भाकियू टिकैत के युवा जिला उपाध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में पटवाई थाने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने थानाध्यक्ष को ज्ञापन दिया। इसमें किसानों ने आरोप लगाया कि पटवाई थाने में तैनात एक सिपाही का किसानों के प्रति रवैया ठीक नहीं है। वह किसानों से असभ्य भाषा में बात करता है। आए दिन किसान सिपाही की शिकायत लेकर आते हैं। उन्होंने थानाध्यक्ष से कहा कि सिपाही सात दिन के अंदर अपने रवैये में सुधार नहीं करता है तो यूनियन पटवाई थाने के गेट पर धरना-प्रदर्शन करेगी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव, युवा तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह, होरीलाल, सुरजीत सिंह, मोहम्मद नाजिम, विनोद यादव आदि मौजूद रहे।

**दिक्कत** हवा और बारिश से 33केवीए की लाइन पर गिर गए थे पेड़, पेयजल के लिए तरसे क्षेत्र के उपभोक्ता

# जेल रोड क्षेत्र में लोगों ने आठ घंटे झेला कटौती का दंश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को डूंगरपुर फीडर वाटर वर्क्स के 11 हजार की लाइन के दो इंसुलेटर में खराबी आ जाने के कारण विद्युापूर्ति सुबह नौ से शाम पांच बजे तक ठप रही। भीषण गर्मी में बिजली नहीं आने पर उपभोक्ता पसीने में तर-बतर हो गए। पानी की टंकी भी खाली हो गईं। इनवर्टर भी जवाब दे गए। इसके कारण मोबाइल भी चार्ज नहीं हो सके। आठ घंटे बिजली नहीं से उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

गर्मी के मौसम में बिजली की आवाजाही ने लोगों को परेशान कर दिया है। शहरवासियों को नामात्र की ही बिजली मिल रही है। रविवार को तेज हवा के कारण 33केवीए की लाइन पर पेड़ गिर गए। बारिश और हवा रुकने के बाद आपूर्ति सुचारु कराई गई। उधर डूंगरपुर के फीडर वाटर वर्क्स मुमताज पार्क की 11 हजार केवीए लाइन के दो इंसुलेटर में खराबी आ गई। इन्हें ठीक करने के बाद शाम पांच बजे आपूर्ति सुचारु कराई गई। जेई नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि डूंगरपुर बिजलीघर के फीडर वाटर वर्क्स के दो इंसुलेटर में खराबी आ गई थी। इसके अलावा जंफर भी उड़ गए। इनकी मरम्मत कराने के बाद आपूर्ति को सुचारु करा दिया गया है।



नवीन मंडी में तारों को सही करते विद्युत कर्मी। ● अमृत विचार

> हवा और बारिश होने की वजह से लालपुर बिजलीघर की 33केवीए लाइन, वाटर वर्क्स मुमताज पार्क के पास 11 हजार की लाइन के दो इंसुलेटर में खराबी आ गई। दोनों इंसुलेटर को सही कराने के बाद शाम पांच बजे आपूर्ति को सुचारु कराया गया।
> –इमरान खान, एक्सईएन प्रथम, नवाबगेट।

**अधिकारियों ने नहीं उठाए फोन**

जेल रोड, तहसील सदर, मुमताज पार्क, घेर मियां खां, बेगम वाली बगिया, हाथे वाली गली, पीपल वाला घेर, नई मस्जिद, बाग छोटे साहब समेत मोहल्लों के लोगों ने आठ घंटे बिजली का संकट झेला। इस दौरान उपभोक्ता बिजली नहीं आने का कारण जानने के लिए एसडीओ व जेई को फोन मिलाते रहे। लेकिन किसी भी अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया। इसके अलावा शहर के मोहल्ला लाल कबर, कलकत्ता, चिरान और नालापार क्षेत्र की आपूर्ति भी दोपहर दो बजे तक ठप रही।

### युवक को डंडों से पीटकर किया घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** मामूली बात को लेकर कुछ लोगों ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। टांडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला नज्जुपुरा निवासी मोहम्मद इस्लाम का कहना है कि उसका बेटा इरफान 19 जून को घरेलू सामान खरीदकर ला रहा था। रास्ते में नईम और उसके साथियों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर आ गए। तब आरोपी वहां भाग गए। परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी नईम, फईम, मुबीन, हारून के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये हड़पने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।



ठगी करने का आरोपी राजकुमार शर्मा।

रेलवे में टीटीई की नौकरी दिलाने के नाम पर तहसील क्षेत्र के गांव रजानगर निवासी जुनैद से गांव के ही इकरार, सरफराज, बंटी व कुछ अज्ञात ने छह लाख रुपये ले लिए थे। आरोपियों ने जुनैद को बरेली रेलवे स्टेशन पर बुलाकर उसके दस्तावेज चेक कराए थे और पहचान पत्र भी दे दिया था। जब वह ज्वाईनिंग करने के लिए बरेली रेलवे स्टेशन पर पहुंचा तो स्टेशन मास्टर ने बताया कि यहां नौकरी नहीं निकली है। उन्होंने यह भी बताया कि आई कार्ड भी असली नहीं है। तब उसे ठगी का एहसास हुआ था। उसने आरोपियों से अपने पैसे वापस करने को कहा। तब आरोपियों ने 1.20 लाख रुपये वापस कर दिये थे। कुछ दिन बाद उसने पैसे मांगे तो आरोपियों ने साफ मना कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया था। पीड़ित जुनैद की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। विवेचना के दौरान इस मामले में संभल जनपद के थाना चंदौसी के सीकरी गेट निवासी राजकुमार शर्मा का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने बिलासपुर मार्ग स्थित सब्जी मंडी से राजकुमार शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### फरार किशोरी का तीन दिन बाद भी सुराग नहीं

**मसवासी, अमृत विचार :** नकदी-जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार हुई किशोरी का पुलिस तीन दिन बाद भी सुराग नहीं लगा सकी है। किशोरी के पिता ने मामले तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का गांव की ही किशोरी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। तीन दिन पूर्व किशोरी घर में रखे 20 हजार रुपये और दो तोला सोने के जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। चौकी पहुंचे किशोरी के पिता ने नामजद तहरीर पुलिस को देकर जांचकर कार्रवाई की मांग की थी। किशोरी के पिता की तहरीर के पर पुलिस ने नाजिम, उसके पिता इश्तियाक व उसकी मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस किशोरी का सुराग नहीं लगा सकी है। पुलिस की कार्यप्रणाली के चलते युवती के परिजनों में रोष है। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार का कहना है कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

एक नजर

### कार ने सड़क किनारे खड़ी महिला को मारी टक्कर

**मिलक, अमृत विचार :** पति और पुत्र के साथ मायके जा रही महिला को कार ने टक्कर मार दी। गम्भीर हालत में महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को बरेली जिले के शीशगढ़ थाना क्षेत्र के सियोर गांव निवासी नीरज अपने पति जयप्रकाश व नवजात पुत्र के साथ क्षेत्र के खमरिया गांव स्थित अपने पिता लालाराम के घर जा रही थी। शाम चार बजे रठौंडा चौराहे पर सड़क किनारे उसके पति ने बाइक खड़ी कर दी। इसके बाद वह नवजात के लिए दवाई लेने मेडिकल पर चला गया। नीरज बच्चे को गोद में लेकर बाइक के पास खड़ी थी। तभी मिलक की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसकी नवजात उसकी गोद से छिटककर नीचे गिर गया। कार महिला को कुचलते हुए सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई। महिला की चीख सुनकर लोगों की भीड़ लग गई। इसी दौरान बोलेरो का चालक और अन्य युवक फरार हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल महिला और उसके नवजात बच्चे को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# अपने नलकूप का पंजीकरण कराकर ओटीएस योजना का लाभ उठाएं किसान

## 15,793 में से योजना के लिए 9,263 उपभोक्ताओं को किया गया चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** किसान अपने नलकूप का पंजीकरण कराकर ओटीएस योजना का लाभ ले सकते हैं। नलकूप का पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 30 जून है। जिन किसानों का 31 मार्च 2023 तक बकाया जमा है, उन्हें पंजीकरण कराने के लिए कुछ भी जमा नहीं करना होगा। जबकि जिन किसानों पर बिजली बिल का बकाया है वह किसान मूल बकाया का 30 प्रतिशत जमा करके योजना का लाभ ले सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता वीके आर्य ने बताया कि एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप संयोजन (श्रेणी एलएमवी-5) के बिल माफी के लिए विभाग द्वारा एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) शुरू की थी। इसकी अंतिम तिथि 30 जून है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए निजी नलकूपों का 31 मार्च 2023 तक का बिल जमा होना आवश्यक है। जिन उपभोक्ताओं के 31 मार्च 2023 तक के बिल जमा हैं, वह नजदीकी बिजली घर या एसडीओ कार्यालय जाकर अपने निजी नलकूप कनेक्शन की संख्या, घरेलू संयोजन संख्या, मोबाइल नंबर बताकर पंजीकरण करा सकते हैं। एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप संयोजनों के बिल माफी का लाभ उठा सकते हैं। बताया कि जनपद में 15,793 में से 9,263 उपभोक्ताओं को इस योजना के लिए चिह्नित किया गया है। इनमें से 1324 उपभोक्ताओं ने 2,54,53,000 रुपये बकाया जमा कर दिया है।


निजी नलकूप से सिंचाई करता किसान।

> निजी नलकूप ओटीएस योजना के तहत 9,263 उपभोक्ताओं पर 21.96 करोड़ रुपये में से 1324 उपभोक्ता 2,54,53,000 रुपये बकाया जमा कर चुके हैं। शेष 7,939 उपभोक्ताओं पर अभी भी 19.42 करोड़ रुपये बकाया हैं। योजना का लाभ लेने में नजदीकी बिजलीघर या एसडीओ कार्यालय में निजी नलकूप कनेक्शन की संख्या, घरेलू संयोजन संख्या, मोबाइल नंबर बताकर पंजीकरण करा सकते हैं।
> –वीके आर्य, अधीक्षण अभियंता, मॉल गोदाम।

### 7939 उपभोक्ताओं पर बकाया है 19.42 करोड़

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि ओटीएस योजना में 9,263 उपभोक्ता आ रहे हैं। इन पर 21.96 लाख रुपये बकाया है। 21 जून तक 1324 उपभोक्ताओं ने 2,54,53,000 रुपये बकाया जमा कर दिया है। अभी भी 7,939 उपभोक्ताओं पर 19.42 करोड़ रुपये बकाया है। बकाया जमा करने बाद ही किसानों को ओटीएस योजना का लाभ मिल सकता है।

### तिथि करीब आने पर अधिकारियों में मची खलबली

ओटीएस योजना की तिथि करीब आने पर अधिकारियों में खलबली मची हुई है। योजना को समाप्त होने में सिर्फ एक सप्ताह का समय बचा है। इसलिए अधिकारियों ने एक्सईएन व एसडीओ को अपने क्षेत्र में किसानों से ओटीएस योजना का लाभ लेने से पहले 30 प्रतिशत बिल जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

### निराश्रित गोवंश को आश्रय नहीं मिला तो होगा आंदोलन

**शाहबाद, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि निराश्रित गोवंश को आश्रय न मिलने से गोवंश सड़क पर विचरण कर रहे हैं। इसके अलावा खेतों में घुसकर किसानों की फसल तबाह कर देते हैं। उन्होंने संबंधित विभाग को चेतावनी देते हुए जल्द से जल्द निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने की मांग की है।

भाकिसं के जिलाध्यक्ष रविवार को शाहबाद आए। इस दौरान उन्होंने रम्पुरा में गोवंश के झुंड की वीडियो जारी की। इसमें छुट्टा गोवंश सड़क पर विचरण करते हुए खेतों में जाकर किसानों की फसल खराब कर रहे हैं। उनका कहना था कि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके कारण किसान परेशान हैं। बताया कि इस बाबत मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. महेश कौशिक को जानकारी दी गई है। मांग है कि अति शीघ्र क्षेत्र में निराश्रित गोवंश को गो-संरक्षण केन्द्रों में भेजकर संरक्षित किया जाए। इससे एक ओर जहां निराश्रित गोवंश सुरक्षित रहेगा, वहीं दूसरी ओर किसानों की फसलों में नुकसान होने से बचेगा। उन्होंने चेताया कि यदि शीघ्र ऐसा नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।


सपा के राष्ट्रीय महासचिव से मुलाकात करते लोग। ● अमृत विचार

## सपा के राष्ट्रीय महासचिव को दी निष्क्रिय तत्वों की जानकारी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला प्रमुख महासचिव मोहम्मद अनस खां ने समर्थकों के साथ लखनऊ जाकर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव से मुलाकात की।

इस दौरान साथ गए समर्थकों ने महासचिव से मुलाकात कर पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई। राष्ट्रीय महासचिव ने उन्हें पार्टी का झंडा देकर सदस्यता ग्रहण कराई। लखनऊ से लौटे मोहम्मद अनस खां ने बताया कि इस मुलाकात में राष्ट्रीय महासचिव को जनपद में पार्टी की स्थिति, लोकसभा चुनाव में मिली सफलता और पार्टी के अंदर निष्क्रिय व विरोधी तत्वों के बारे में जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय महासचिव ने पार्टी हित में लगे रहने का संदेश दिया। इस दौरान तेजिंदर सिंह बाजवा, अमनदीप सिंह ढिल्लो, गुरनाम सिंह, गुरविंदर सिंह मिंटू, चरणजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, सुखा खां आदि शामिल रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि मनाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भाजपाइयों ने पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बजरंग विहार पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया।

बजरंग विहार स्थित कार्यालय पर रविवार को आयोजित कार्यक्रम में उनके बलिदान को याद किया गया। केंद्रीय नेतृत्व के आदेश पर कार्यकर्ताओं को बताया गया कि प्रत्येक कार्यकर्ता को नीम, पीपल या जामुन का पौधा लगाना है और उसका पालन-पोषण भी करना है। जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने पार्टी कार्यालय पर जामुन का पौधा भी लगाया। इसका पालन-पोषण करने की उन्होंने शपथ भी ली।

इस मौके पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, प्रमोद आहूजा, अंकुश सक्सेना, आशु गुप्ता, अर्जित सक्सेना, कुंवर पाल लोधी, यशपाल यादव, अंकुश चौधरी, विवेक विश्नोई, अरविंद चौहान, शिवा आदि उपस्थित रहे।


डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई।


टांडा में डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग।

- भाजपा के कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान को किया याद
- पौधा लगाने और उसका पालन पोषण करने की ली शपथ

### डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाया बलिदान दिवस

**टांडा, अमृत विचार :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा जम्मू कश्मीर में एक निशान एक विधान का नारा देने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। रविवार को नगर मंडल के सभी बूथों पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा जम्मू कश्मीर में एक निशान एक विधान का नारा देने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना करके आजाद भारत में एक नई अवधारणा प्रस्तुत की तथा कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया था। वहां एक निशान एक विधान का नारा दिया था। इसके बाद उन्हें जेल में डाल दिया गया। जेल में ही आज ही के दिन उन्हें मार दिया गया था। मंडल अध्यक्ष योगेश सैनी, रोहित सैनी, रजत सैनी, करन सिंह सैनी, महेंद्र सिंह, रामस्वरूप सैनी, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### युवती को भगाने में सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**टांडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवती को गांव का ही युवक अपने परिजनों एवं रिश्तेदारों की सहायता से बहला-फुसला कर भगा ले गया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी 22 वर्षीय पुत्री को गांव का ही शाहनवाज अपने परिजनों एवं रिश्तेदारों की मदद से 13 जून को भगाकर ले गया। परिजनों ने बेटी को काफी तलाश किया। परिचितों व रिश्तेदारों के घर भी देखा मगर उसका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर शाहनवाज, अब्बास, फय्याज, इंतेजार, मुजम्मिल, यूसुफ और इस्माईल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चकरोड की भूमि को कराया कब्जा मुक्त

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में राजस्व प्रशासन ने गांव मुल्लाखेड़ा तथा मालनखेड़ा में कार्रवाई करते हुए नदी और चकरोड की भूमि को कब्जामुक्त कराया। दोबारा कब्जा करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

बीते दिनों ग्रामीणों ने तहसील के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर नदी की भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की थी। कहा था कि क्षेत्र में गांव मुल्लाखेड़ा में नदी की ढाई एकड़ सरकारी भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। बाद में उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने नायब तहसीलदार राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम को राजस्व भूमि को कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया। टीम ने गांव पहुंचकर भूमि की पैमाइश की। इसके बाद सीमांकन कराकर उसकी मेड़बंदी की गई है।

इसके अलावा गांव मालनखेड़ा में राजस्व टीम ने पैमाइश कराकर सवा बीघा चकरोड की भूमि को बुलडोजर से कब्जा मुक्त कराया। अधिकारियों ने कब्जाधारकों को चेतावनी दी कि दोबारा कब्जा करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कानूनगो नसीर अहमद, लेखपाल बब्लू कुमार, विनोद सक्सेना, नीरज कुमार, संजीव कुमार, अविनाश आदि मौजूद रहे।


चकरोड को कब्जा मुक्त कराते अधिकारी। ● अमृत विचार

- दोबारा कब्जे करने पर दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

# भाजपाइयों ने डॉ. मुखर्जी को किया नमन

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर छपर्रा में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कहा कि डा. मुखर्जी ने अल्प आयु में ही बहुत बड़ी राजनीतिक ऊंचाईयों को पा लिया था। उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

डा. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को नगर के 75 बूथों पर कार्यक्रम का आयोजन कर सरल ऐप पर फोटो अपलोड किए गए। भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक थे। भाजपा आज का दिन उनके बलिदान दिवस के रूप में मनाती है। मुखर्जी ने अल्प आयु में ही बहुत बड़ी राजनैतिक ऊंचाईयों को पा लिया था। भविष्य का भारत उनकी ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहा था। वह 52 वर्ष के जीवन काल में और उसमें से भी 14 वर्ष के राजनीतिक काल में स्वतंत्र भारत की प्रथम सरकार में कैबिनेट मंत्री के पद पर पहुंचे थे। नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, जिला मंत्री महेन्द्र सैनी, लक्ष्मीकांत सैनी, राजेश कुमार शर्मा, अमित सक्सेना, राम अवतार दिवाकर, मदनलाल मौर्य, हरि सिंह लोधी, हरिश्चंद्र मौर्य, प्रमोद कुमार, सतीश कुमार, डॉक्टर प्रेमपाल, ओम प्रकाश राणा, हेमलता आदि मौजूद रहे।


डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई। ● अमृत विचार

- जनसंघ के संस्थापक थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : देवेन्द्र
- कभी नहीं भुलाए जा सकते डॉ. मुखर्जी द्वारा किए गए कार्य

### सभी शाखाओं में निरंकारी सत्संग समागम 29 को

**रामपुर, अमृत विचार :** मंडल के मुखी राधेश्याम ने बताया कि 29 जून को बरेली जोन की सभी शाखाओं के मुखी संचालक व बाल संत रामपुर की धरती पर आएंगे। निरंकारी मिशन का मानवता व मिलवर्तन का संदेश प्रसारित करेंगे।

रविवार को सिविल लाइंस में स्थित मीडिया प्रभारी के आवास पर हुई बैठक में मीडिया प्रभारी शोभित किशोर सक्सेना ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी स्वयंसेवक अभी से तैयारी शुरू कर दें। कार्यक्रम बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगा। भीषण गर्मी को देखते हुय कार्यक्रम स्थल पर ठंडे पानी, भोजन व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी की गई है। समागम में लगभग 1000 मेहमानों के आने की सम्भवना है। बैठक में ओम प्रकाश आहूजा, शेर सिंह, पिंटू, सुशील जौहरी, सोमपाल, छत्रपाल आदि उपस्थित रहे।

# कृषि राज्यमंत्री ने बांटा चने का प्रसाद

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** मुख्य चौराहे पर जैन समाज द्वारा लगाए गए छायादार पंडाल में समाजसेवियों द्वारा अंतिम दिन छबील लगाकर शर्बत और चने का प्रसाद बांटा गया। एक जून से शुरू यह सेवा रविवार को समाप्त हो गई। आखिरी दिन कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने लोगों को प्रसाद वितरित किया।

जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष संदेश जैन ने बताया कि भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय एवं जैन समाज द्वारा एक जून को छायादार पंडाल लगाया गया था। इसमें प्रत्येक दिन समाजसेवियों के सहयोग से छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत और चने का प्रसाद वितरित किया गया। अंतिम दिन ब्राह्मी जैन महिला मंडल की ओर से छबील की व्यवस्था की गई। इससे पहले कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय और बीडीओ राजेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कृषि राज्यमंत्री ने इस भीषण गर्मी में जल सेवा के इस कार्यक्रम को लोगों को बहुत राहत देने वाला बताया। जैन समाज द्वारा लिए गए इस पुण्य कार्य की जिम्मेदारी लेने की प्रशंसा की। उन्होंने सर्व समाज द्वारा इसमें भागीदारी करने पर हर्ष जताया। इस मौके पर वीना जैन, पूनम जैन, रिंकी जैन, मंजू जैन, मैना जैन, अनीता जैन, सुमन जैन, शालिनी जैन, सुनीता अंजलि, तृप्ति, अर्चना, प्रज्ञा, संगीता, सविता, अंजना, प्रीति, साधना, सुधा, एडीओ आलोक सक्सेना, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


लोगों को चना–शर्बत बांटते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व अन्य। ● अमृत विचार

### नीट पेपर लीक के मामले में लखनऊ पुलिस का छापा

**मसवासी, अमृत विचार :** नीट लीक के मामले में लखनऊ से आई पुलिस की टीम ने चौकी क्षेत्र के बिजारखाता में एक युवक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल सकी।

शनिवार मध्य रात्रि के बाद पुलिस ने बिजारखाता में नीट पेपर लीक के मामले से जुड़े एक युवक को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस के पहुंचने से दस मिनट पहले ही युवक रिश्तेदारी से फरार हो गया। बताते हैं कि पुलिस को मुरादाबाद के युवक की तलाश थी।

पुलिस को उसके बिजारखाता में ठहरने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर एक मकान को घेर लिया। मकान की तलाशी भी ली। लेकिन युवक नहीं मिल सका। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने मामले की जानकारी से इन्कार किया है।

आयोजन

श्री हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर सजा गुरुद्वारा, 11 जून से चल रहे कार्यक्रम का रविवार को हुआ समापन

# गुरुद्वारे में हजूरी रागी जत्थे ने किया शबद–कीर्तन, संगत हुई निहाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में 11 से 22 जून तक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रविवार को गुरुद्वारे में हजूरी रागी जत्थे ने शबद-कीर्तन कर संगत को निहाल किया। नाम सिमरन जत्था, हजूरी रागी जत्था भाई देवेंद्र सिंह ने शबद-कीर्तन किया।

सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में विशेष दीवान में रात नौ से 10:30 बजे तक सजा। यूके से आए रागी जत्था भाई दर्शन सिंह ने शबद-कीर्तन एवं गुरु महाराज के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कथा भी की। इस अवसर पर रागी जत्थों और भाई दर्शन सिंह को सरोपा, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रकाश पर्व पर अनिल शोरी की याद में उनकी पत्नी सुदेश शोरी तथा उनके पुत्रों मोहित शोरी एवं अनिल शोरी ने सेमी वेंटीलेटर मशीन अस्पताल के लिए दान दी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने उन्हें सरोपा, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अंत में प्रधान दर्शन सिंह खुराना ने गुरु महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर इतिहास पर प्रकाश डालते हुए आई हुई संगत एवं अन्य गुरुद्वारों से आए प्रबंधकों का धन्यवाद किया। रात 11 बजे दाल, मिस्सी, लस्सी का लंगर हुआ। कार्यक्रम में प्रधान दर्शन सिंह खुराना, गुरचरण सिंह आहूजा, मीत प्रधान, त्रिलोचन सिंह, भूपेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह चावला, राधेश्याम अरोड़ा, महेंद्र सिंह होरा, हरपाल सिंह, गुरजीत सिंह, हरीश अरोड़ा, रविंदर सिंह, गुरदेव सिंह, महेंद्र अरोड़ा, अमरजीत सिंह, पपिंदर सिंह, संतोक सिंह, धनवंत सिंह, जसमीत सिंह, विंदरपाल सिंह खुराना, हरदीप सिंह, प्रेम अरोड़ा एवं सतविंदर सिंह आहूजा, सतपाल सिंह, जसप्रीत सिंह, जोगिंदर सिंह, मुख्य ग्रंथि सेवा सिंह, मीत ग्रंथि गुरमीत सिंह, सेवादार राजा सिंह, परमजीत सिंह और सचिन सिंह आदि मौजूद रहे।


रागी जत्थे को सम्मानित करते प्रधान दर्शन सिंह खुराना। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

- यूके से आए रागी जत्था भाई दर्शन सिंह ने गुरु महाराज के इतिहास पर डाला प्रकाश, कथा भी की

### विनोद बने रहेंगे वार्ड चार के सभासद

**रामपुर, अमृत विचार :** हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब मंडल स्तरीय समिति ने वार्ड चार के सभासद को बड़ी राहत दी है। जिला स्तरीय कमेटी के आदेश को निरस्त कर दिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की कृष्णा विहार निवासी विनोद कश्यप ने 2023 में वार्ड चार से भाजपा के टिकट पर चुनाव जीता था। इसके बाद दूसरे प्रत्याशी आशीष सागर ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने विनोद कश्यप के चुनाव को शून्य घोषित कर दिया था। इसके बाद आशीष सागर को सभासद घोषित कर दिया गया था। विनोद कश्यप ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय के आदेश पर स्टे दे दिया है। जबकि जिला जाति सत्यापन कमेटी ने 19 फरवरी को जो आदेश पारित किया था उसके खिलाफ विनोद कश्यप ने मंडलीय अपील दायर की थी। इसमें 31 मई को पारित आदेश के अनुसार 19 फरवरी के आदेश को निरस्त कर दिया गया।


आवास विकास कालोनी में सजा दरबार। ● अमृत विचार

# बाला जी के भजनों पर झूमे भक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से आवास विकास कालोनी में बालाजी महाराज का दरबार लगा। इसमें बाबा के भजन गाए गए। देर रात तक लोगों ने भजनों का जमकर आंनद लिया। वातावरण में बाला जी के जयकारे गूंजते रहे।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से आवास विकास कालोनी में रविवार को बालाजी महाराज का दरबार लगा। मुरादाबाद से आए महंत अमित शर्मा ने दरबार को सजाया गया। कार्यक्रम रात आठ बजे से देर रात चला। इस मौके पर सभासद दिनेश रस्तोगी, उनके बेटे अंकित रस्तोगी ने बाबा के भजन गाए। बालाजी के भजनों पर भक्त देर रात तक झूमते रहे। इसमें आवास विकास, नूर महल, सिविल लाइन और शहर के बच्चे, महिलाओं और बुजुर्गो ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा। इस मौके पर संगठन के प्रदेश महामंत्री कपिल आर्य, जिला अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, नगर अध्यक्ष कमल किशोर रस्तोगी, नवीन भाटिया, दिनेश रस्तोगी, अनिल शर्मा, सुभाष शर्मा, जागेश्वर दयाल दीक्षित, गंगाराम सैनी, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बारिश से मिली राहत उमस ने किया परेशान

बरेली, अमृत विचार : प्री मानसून की बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है लेकिन उमस परेशान कर रही है। रविवार को भी कुछ इलाकों में बारिश हुई लेकिन उसके बाद गर्मी बढ़ गई। दिन और रात के तापमान में भी वृद्धि हुई है। मानसून की बारिश सोमवार से शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग ने 27 से 30 जून तक झमाझम बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस अधिक 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री अधिक 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बस अड्डे पर पीपल का पेड़ गिरने से बस दबी

बरेली, अमृत विचार : पुराने बस अड्डे पर शनिवार रात पीपल का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से दिल्ली गेट के आसपास खड़ी बसें दब गई। इसकी वजह से रास्ता बंद हो गया। रविवार शाम तक पेड़ न हटाने की वजह से बसों के निकलने में दिक्कत हुई और जाम की स्थिति बनी रही। बसों को बदायूं गेट से गुजारा गया। पुराने बस अड्डे पर बरेली डिपो की बस दिल्ली गेट पर खड़ी थी। अचानक पीपल का पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि उस समय बस में कोई चालक, परिचालक और यात्री नहीं था। पेड़ के नीचे बस दब गई।

# प्रधानमंत्री के सपनों को पलीता, अमृत सरोवर बदहाल

## भीषण गर्मी में भी नहीं भरा अमृत सरोवर में पानी, पशु-पक्षियों के लिए हो जाती पीने के पानी की व्यवस्था

संवाददाता, टांडा



टांडा में सूखा पड़ा अमृत सरोवर। ● अमृत विचार



अमृत सरोवर के पास उगी घास।

**अमृत विचार :** मोहल्ला मोतीनगर वार्ड नंबर सात में नगर पालिका ने लाखों रुपये खर्च कर पिकनिक स्पॉट की तर्ज पर खूबसूरत अमृत सरोवर का निर्माण कराया था। नगरवासियों में खुशी थी कि अब उन्हें स्थानीय स्तर पर ही पिकनिक स्पॉट उपलब्ध हो गया है। यह सैर सपाटे के लिए मुनासिब स्थल साबित होगा। लेकिन अनदेखी के चलते अमृत सरोवर बदहाली का शिकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जाए। देश का पहला अमृत सरोवर जनपद के कस्बा पटवाई में बना था। इसका जिक्र प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में किया था। इसके बावजूद अमृत सरोवर बस नाम के ही रह गए हैं।

नगर पालिका की अनदेखी के चलते निर्माण के बाद से ही अमृत सरोवर अपने उद्देश्य को साकार करने में नाकाम साबित हुआ है। करीब एक साल से अधिक समय से अमृत सरोवर में पानी ही नहीं है। पालिका ने अमृत सरोवर में पानी भरने की कभी कोशिश ही नहीं की। उदासीनता का आलम यह है कि तालाब के आसपास घास उग आई है। अमृत सरोवर के पास ही मिट्टी का ढेर भी लगा है। यह शानदार अमृत सरोवर की खूबसूरती में बदनुमा दाग लगा रहा है। इस मिट्टी के ढेर को हटाने की भी कोशिश नहीं की गई। नगर के लोग इस भीषण गर्मी में दूर दराज के इलाकों में स्थित झरनों और तालाबों पर पिकनिक मनाने जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर बड़ी रकम खर्च कर बनाया गया अमृत सरोवर पालिका की अनदेखी के चलते अनुपयोगी साबित हो रहा है।

जल संरक्षण एवं पिकनिक स्पॉट के लिए 15वें वित्त आयोग के अधीन पालिका द्वारा मोहल्ला मोतीनगर में स्थित मंसब अली स्टेडियम के अंदर अमृत सरोवर बनाया गया था। इसका लोकार्पण अगस्त 2022 में हुआ। बताते हैं कि शुरूआती दिनों में तो इसमें पानी भी रहा। साफ-सफाई भी की गई, लेकिन करीब एक साल से बदहाली का आलम है। वर्तमान में स्टेडियम में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है। इसके अलावा यहां अक्सर विभिन्न खेलकूद के आयोजन होते रहते हैं। इनके शुभारंभ के लिए नगर पालिका के जिम्मेदारों का स्टेडियम में आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने कभी अमृत सरोवर की सुध नहीं ली। युवाओं का कहना है कि इस भीषण गर्मी में तो पालिका को अमृत सरोवर को पानी से भरना चाहिए था। पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो जाती।



जल संरक्षण और पिकनिक स्पॉट की तर्ज पर मंसब अली स्टेडियम में विकसित किये गए अमृत सरोवर में भीषण गर्मी में भी पानी नहीं भरा गया। पालिका की इस लापरवाही की शिकायत डीएम से की जाएगी।

– मोहम्मद इकबाल, समाजसेवी



अमृत सरोवर का निर्माण होने से नगरवासियों में खुशी थी कि अब स्थानीय स्तर पर ही एक पिकनिक स्पॉट बन गया है। लेकिन पालिका की उदासीनता से अमृत सरोवर के उद्देश्य को साकार नहीं किया जा सका। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए भी अमृत सरोवर की देखभाल बेहद जरूरी है।

– हाजी मजहर उर्फ लाला
नगर अध्यक्ष, भाकियू



हैंडपम्प का निरीक्षण करते सीओ कीर्तिनिधि आनन्द व प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह।

# धार्मिक स्थल के सामने लगे हैंडपंप के पास किशोर ने किया पेशाब, तनाव

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** धार्मिक स्थल के सामने लगे हैंडपंप के पास दूसरे समुदाय के किशोर ने पेशाब कर दिया। इसके बाद हिन्दू समुदाय के लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले गई। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गई है। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ कीर्तिनिधि आनंद भी गांव पहुंच गए।

मामला टांडा थाना क्षेत्र के गांव हमीरपुर से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि गांव में बने एक धार्मिक स्थल के सामने हैंडपंप लगा है। धार्मिक स्थल में लोग रोजाना पूजा करने के लिए इसी हैंडपंप से पानी लेकर जाते हैं। रविवार की शाम दूसरे समुदाय के किशोर ने हैंडपंप के पास पेशाब कर दिया।

इसकी जानकारी मिलने के बाद हिन्दू समुदाय के लोगों में रोष फैल गया। कुछ ही देर में तमाम लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पुलिस भी गांव पहुंच गई। पुलिस ने किशोर को हिरासत में ले लिया। उसे थाने लाकर पूछताछ की जा रही थी। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। सीओ कीर्तिनिधि आनंद ने भी गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# हैदराबाद के कंप्यूटर इंजीनियर पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● महिला डॉक्टर ने मारपीट करने और 50 लाख रुपये मांगने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** हैदराबाद में तैनात कंप्यूटर इंजीनियर पति और ससुराल वालों के खिलाफ महिला डॉक्टर ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में 50 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर थाना प्रेमनगर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शास्त्रीनगर निवासी डॉ. तेजस्विनी ने एसएसपी से की शिकायत में बताया कि 28 नवंबर 2022 को उनकी शादी शाहबाद भूड़ के रहने वाले अरुण सक्सेना से हुई थी। अरुण हैदराबाद में कंप्यूटर इंजीनियर है और 30-35 लाख रुपये सालाना कमाते हैं। शादी के बाद ससुराल वाले कम दान दहेज के लिए परेशान करने लगे और उन्हें खाने के लिए नहीं देते थे। गर्भवती होने पर वह हैदराबाद चली गईं। उन्हें पता चला कि पति के संबंध काम वाली महिला से हैं। ससुर भी हैदराबाद आ गए तो उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। उन्होंने पति की महिला के साथ चैटिंग भी हासिल कर ली। आरोप है कि इसके बाद पति ने मारपीट शुरू कर दी और पति और ससुराल वालों ने 50 लाख रुपयों की मांग की। उन्हें एक बेटा है। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने पति अरुण कुमार, ससुर डॉ. योगेश चंद्रा, सास संध्या सक्सेना, जेठ तरुण, जेठानी ईला के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## आरोपियों ने चार बहनों को घर में घुसकर पीटा

**मिलक, अमृत विचार :** घर की जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद में चार बहनों को पीटकर घायल कर दिया। घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया। लेकिन पुलिस की अनुपस्थिति में उपचार नहीं हो सका।

क्षेत्र के पीपलसाना गांव निवासी मोबिन जहां ने बताया कि 12 वर्ष पूर्व उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। मकान की जमीन के बंटवारे को लेकर डेढ़ वर्ष से पड़ोसियों से विवाद चल रहा है। रविवार को पड़ोसी दीवार बनवाने लगे। वह इसका विरोध करते हुए वह अपने पुत्र के साथ धमोरा चौकी चली गई। घर में उसकी चार पुत्रियां थीं। आरोप है कि पड़ोसी मौका पाकर घर में घुस गए। इसके बाद उसकी पुत्री फिजा, निशा, नगमा और उजमा को लाठी-डंडों से पीट दिया। इसमें चारों बहनें घायल हो गई। सूचना पर वह घर पहुंची तो पुत्रियां बदहाल अवस्था में पड़ी थी।

# 39 लाख रुपये खर्च करने के बाद भी कुत्तों का खौफ बरकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर की गली-मोहल्लों में घूम रहे कुत्तों से शहरवासी दहशत में हैं। इन्हें पकड़वाकर बंध्याकरण कराने के लिए नगर पालिका की ओर से 39 लाख रुपये का टेंडर भी हो चुका है। इसके बाद भी कुत्तों का खौफ खत्म नहीं हो रहा है। लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

नगर पालिका परिषद के 43 वार्डों में घूम रहे कुत्तों को पकड़वाने का जिम्मा पालिका का है। पालिका के अधिकारियों की अनदेखी के चलते कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे है। यही वजह है जिला अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने के लिए लंबी कतारें लग रही हैं। अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार एक से 22 जून तक 717 लोगों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई। इस हिसाब ने रोजाना 30-32 लोगों को एंटी रेबीज वैक्सीन लग रही है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका ने जिस ठेकेदार को 39 लाख रुपये का ठेका दिया गया है, उस पर कार्रवाई की बजाए खुली छूट दी गई है। शहर की गली-मोहल्ले में घूम रहे कुत्तों को नहीं पकड़वाने की वजह से शहरवासियों में आक्रोश है। शहरवासियों को कुत्तों से निजात दिलाने के लिए कई समाजिक संगठन भी पालिका के अधिकारियों से मांग कर चुके है। इसके बाद भी कुत्तों को नहीं पकड़वाया जा रहा है।



किला परिसर में खड़ा कुत्तों का झुंड। ● अमृत विचार

शहर में घूम रहे कुत्तों को पकड़वाकर बंध्याकरण कराया गया है। इसके लिह पनवड़िया स्थित डॉग बर्थ सेंटर बनवाया गया है। यहां बंध्याकरण कराने के बाद कुत्तों को चार दिन तक रखा जाता है।

–दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका परिषद।

● कुत्तों को रखने के लिए पनवड़िया स्थित डॉग बर्थ में बनाया गया है सेंटर

### टांडा, स्वार, भोट और शहर में भी हो चुकी हैं मौत

जनपद में कुत्तों का जबरदस्त खौफ है। टांडा में मदरसे के छात्र को कुत्तों ने नोंच डाला था। परिजन उसे लेकर अस्पताल भागे लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। इसके अलावा स्वार व भोट में भी कुत्तों के हमले से एक-एक बच्चे की मौत हो चुकी है। चार माह पहले भोट क्षेत्र में छह वर्षीया बालिका और शहरी क्षेत्र में 10 साल के बच्चे पर कुत्तों ने हमला कर दिया। आनन-फानन में परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया था। जहां कुछ दिनों बाद ही उनकी मौत हो गई थी।

### इन मोहल्लों में है कुत्तों का खौफ

शाहबाद गेट, माला रोड, चौकी कुंडा, अखाड़ा सोहराब खां, राजद्वारा, हामिद स्कूल, पीर की पैठ, बाजार नसरुल्लाह खां, शादाब मार्केट, सर्राफा बाजार, दोमहला रोड, पुराना गंज, पक्का बाग, बिलासपुर गेट, किला गेट, मछली बाजार, बापू मॉल, छोटी सराए, लाल कबर, जेल रोड, किला परिसर समेत कई क्षेत्रों में खौफ का बरकरार है।

## पुलिस ने अभियान चलाकर 20 वाहनों के चालान काटे

**रामपुर, अमृत विचार :** बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को 20 वाहनों के चालान काटे। इस कार्रवाई से वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। पुलिस का कहना है कि अभियान रोजाना चलेगा। ताकि हादसों पर रोक लगे सके।

हादसों पर रोक लगाने के लिए अधिकारियों ने बिना हेलमेट के दो पहिया चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इस पर ट्रैफिक पुलिस रोजाना वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। इसी के तहत रविवार की दोपहर और शाम को मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 20 वाहन चालकों के चालान काटे। इससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। टीआई विजेंद्र सिंह का कहना है कि अधिकारियों के आदेश पर अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# 13 दिन बाद भी 20 लाख की चोरी खुलासा नहीं

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** दढ़ियाल क्षेत्र में चोरों ने 11 जून की रात को एक घर से करीब बीस लाख का माल चुरा लिया था। 13 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस इस घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

चौकी क्षेत्र के गांव लोदीपुर नायक निवासी जमील अहमद के पांच बेटे हैं। दो बेटे मुर्गी दाने का कारोबार करते हैं जबकि तीन टाइल्स-पत्थर का काम करते हैं। 11 जून की रात काम के सिलसिले में हाजी हसनैन और हाजी जुल्फिकार हल्द्वानी गए थे। जबकि उनके तीन भाई हाजी सरफराज, मुजम्मिल और इस्तिखार घर पर ही थे। बिजली जाने के बाद परिवार के साथ सोने के लिए वह छत पर चले गए थे। रात में किसी समय चोर छत के रास्ते घर में घुसे और तीनों भाइयों के कमरे से करीब छह लाख रुपये, 20 तोले सोना और 500 ग्राम चांदी चुराकर ले गए थे। रात करीब तीन बजे मोहल्ले में जाग होने पर परिजनों की आंख खुल गई थी। शोर-शराबे की आवाज सुनकर परिवार के लोग नीचे पहुंचे तो कमरों के ताले टूटे हुए थे। तीनों भाइयों की अलमारी के लॉकर भी टूटे हुए थे। चोर हाजी हसनैन के कमरे से तीन लाख रुपये और 20 तोले सोना, मुजम्मिल के कमरे से दो लाख 25 हजार रुपये, हाजी सरताज के कमरे से 80 हजार रुपये चुराकर ले गए थे। कोतवाली टांडा में हाजी हसनैन की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इस घटना को 13 दिन बीतने के बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है।

## घरेलू कलह में युवक ने जहरीली गोलियां गटकीं

**मिलक, अमृत विचार :** पति-पत्नी में चल रहे घरेलू विवाद में पति ने जहरीली गोलियां खा लीं। इसके आधा घंटे बाद उसकी हालत खराब हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्टेशन रोड नई बस्ती निवासी अरविंद की बिलासपुर रोड पर कॉस्मेटिक की दुकान है। किसी बात को लेकर पति-पत्नी में चार दिन से विवाद चल रहा था। रविवार को दोनों में विवाद ज्यादा बढ़ गया। पत्नी की बातों से क्षुब्ध अरविंद जीवन लीला समाप्त करने की जिद पर अड़ गया। अरविंद ने घर में रखी जहरीली गोलियां खा लीं। इसके बाद अरविंद की हालत बिगड़ गई। घबराए परिजन बेहोशी हालत में अरविंद को नगर के सरकारी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच है।


# बासमती धान की पौध पर न करें कीटनाशक का स्प्रे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला कृषि रक्षा अधिकारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि किसान बासमती धान की पौध पर कीटनाशक का स्प्रे करने से परहेज करें। उन्होंने बताया कि बासमती चावल में कीटनाशकों का असुरक्षित एवं अंधाधुंध प्रयोग कीटनाशकों के अवशेष के रूप में मानव स्वास्थ्य जीव-जन्तुओं एवं पयार्वरण पर दुष्प्रभाव डालता है। बासमती में ट्राईसाक्लाजोल रसायन एवं बुप्रोफेजिन का अवशेष अनुमन्य सीमा 0.01 पीपीएम अधिक पाया जा रहा है। इससे निर्यात में कमी आई है।

धान में कीटनाशकों का प्रयोग निर्यात को प्रभावित करता है। इनका सुरक्षित प्रयोग अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि धान में झोंका रोग के नियंत्रण के लिए ट्राईसाइक्लाजोल का प्रयोग किया जाता है। इसका बालियों में दाने बनने के समय प्रयोग करने पर अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) बढ़ जाती है। निर्यात किए जा रहे बासमती में ट्राईसाक्लाजोल रसायन एवं बुप्रोफेजिन का अवशेष अनुमन्य सीमा 0.01 पीपीएम अधिक पाया जा रहा है, इससे निर्यात में कमी आयी है।

कृषकों को इन कीटनाशकों के कुप्रभाव से बचने के लिए नियोजित एवं संस्तुत उपयोग का सुझाव देते हुए मानक संचालन प्रक्रियाएं जारी की गई हैं। बासमती उत्पादक लाइन ट्रान्सप्लान्टिंग को बढ़ावा दें। धान की फसल पर कीटनाशक का छिड़काव न करें।



धान की फसल में स्प्रे करता किसान।

**जानकारी**

- मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव डालते हैं रसायन
- झोंका रोग के नियंत्रण को होता है ट्राईसाइक्लाजोल का प्रयोग

### धान की बुवाई से कटाई तक आईपीएम विधि अपनाएं

बासमती धान में ट्राइसाईक्लाजोल एवं बुप्रोफेजेन का प्रयोग यथासंभव न करे। इसके स्थान पर वैकल्पिक रसायन टेबुकोनाजोल, हेक्साकोनाजोल, डाइफेनोकोनाजोल एवं इमिडाक्लोप्रिड बाईफेनथ्रिन फिप्रोलिन का प्रयोग करें। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि फसल की बोआई से कटाई तक आईपीएम विधि अपनाएं। कृषकों को प्रमाणित बीज, लाईट, स्टिकी, फेरोमोन ट्रैप, टाईकोकार्ड, जैव कीटनाशकों का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। बताया कि किसान फसल पकने के एक माह के अन्तराल में विशेष ध्यान दें। इन कीटनाशकों का उपयोग न करें ताकि कटाई के बाद फसल में इनके अवशेष विद्यमान न रहें।

बासमती चावल में ट्राईसाक्लाजोल रसायन एवं बुप्रोफेजिन का अवशेष अनुमन्य सीमा से अधिक पाया जा रहा है। इससे बासमती चावल के निर्यात में भी कमी आई है। किसान धान की फसल पर रसायनों का अधिक प्रयोग न करें। इससे लोगों और जीव जन्तुओं के स्वास्थ्य के अलावा पर्यावरण पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। –नरेंद्र पाल
जिला कृषि अधिकारी

**दिक्कत** बिजली के अभाव में पेयजल आपूर्ति भी हो जाती है धड़ाम, बिजली के उपकरण भी बने हैं शोपीस

# बिजली आपूर्ति का पुरसाहाल नहीं, ट्रिपिंग से नहीं मिल रहा छुटकारा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति का कोई पुरसाहाल नहीं है। विद्युत उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारी गंभीर नहीं हैं। ट्रिपिंग की समस्या से छुटकारा नहीं मिल रहा है। बिजली नहीं मिलने के कारण भीषण गर्मी में नागरिकों का जीना दुश्वार है। पंखे और कूलर शो पीस बने हुए हैं।

नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को लेकर निगम के अधिकारी गंभीर नहीं है। प्रतिदिन ट्रिपिंग की समस्या से नागरिकों की सिर दर्दी बढ़ गई है। बार-बार आपूर्ति का नदारद होना भीषण गर्मी में नागरिकों के लिए सिरदर्द बन गया है। लगातार कटौती की जा रही है। नगर के साथ आसपास के गांवों में भी बिजली नहीं मिल पा रही है। किसी भी समय बिजली नदारद हो जाती है और घंटों तक गायब रहती है। उपकेंद्र पर तैनात लाइनमैन उपभोक्ताओं के फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझते। इसकी वजह से आए दिन उप केंद्र पर हंगामा होता रहता है। आक्रोशित उपभोक्ताओं को देखकर कर्मचारी उपकेंद्र से गायब हो जाते हैं।

मानपुर और खानपुर उत्तरी के जंगलों में हाई टेंशन की लाइन में फाल्ट होने से कई-कई घंटे बिजली गायब रहती है। इससे किसान धान समेत अन्य फसलों की सिंचाई नहीं कर पाते हैं। गुरुवार को भी महाराजपुर में लाइन जोड़ने में विलंब करने पर उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया।

उन्होंने उपकेंद्र के एक लाइनमैन की पिटाई कर दी थी। लाइनमैन ने नामजद रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने इस मामले को अभी दर्ज नहीं किया है। मसवासी में लो वोल्टेज की भी समस्या रहती है। इसके कारण नगर पंचायत के ट्यूबवेल भी नहीं चल पाते हैं और पेयजल आपूर्ति धड़ाम हो जाती है। नागरिक इस मामले को लेकर कई बार बिजली अधिकारियों से शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन स्थिति जस की तस है।

- लो वोल्टेज के कारण नहीं चल पाते हैं नगर पंचायत के ट्यूबवेल
- कई शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा है समस्या का समाधान



बिजली घंटों गायब रहती है। कुछ घंटे के लिए आती है तो उसमें भी लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। बार-बार ट्रिपिंग से सिर दर्द बढ़ गया है। बिजली का कोई पुरसा हाल नहीं है। अधिकारी शिकायत को सुनकर टालमटोल कर देते हैं। – बृजनंदन सिंह सागर




बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए कई बार अधिकारियों से व्यापारियों का शिष्टमंडल मिल चुका है। लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। मौके पर कोई सुधार नहीं कराया जा रहा है। शिकायत के बाद भी आपूर्ति में सुधार नहीं होता है तो आंदोलनात्मक कदम उठाया जाएगा।

– कपिल गुप्ता
नगर अध्यक्ष, व्यापार मंडल



नगर की बिजली आपूर्ति तमाशा बनी हुई है। बिजली आने-जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है। निगम का कोई भी अधिकारी व्यवस्था में सुधार करने के लिए प्रयासरत नहीं है। व्यापारियों को ही आपूर्ति में सुधार कराने के लिए आन्दोलन करना होगा। ताकि समय से लोगों को बिजली मिल सके।

– वसीम अहमद, दुकानदार



बिजली की इस समस्या को लेकर व्यापारियों ने इस कई बार अधिकारियों से बात की। अधिकरियों ने हर बार आपूर्ति सुधारने के लिए आश्वासन दिया, मगर नतीजा कुछ भी नहीं निकल सका। जनहित की सबसे बड़ी इस समस्या के बारे में किसी भी जनप्रतिनिधि ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

– जमीर अहमद अंसारी, दुकानदार

## चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के जिला सचिव शाहवेज उर्फ शैजी ने कहा कि चाइनीज मांझे को बेचने वाले लोग थोड़े से मुनाफे के चक्कर में लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

19 जून को थाना कुंडा निवासी नासिर खान और उनकी पत्नी जीनत बरेली गेट से बिलासपुर गेट जा रहे थे। अचानक रास्ते में उनकी गर्दन पर चाइनीज मांझा गिर गया। इससे उनकी दो उंगलियां कटीं फिर वह मांझा नासिर के चेहरे पर आया। इससे चेहरे व गर्दन को घायल करते हुए जुबान को काटने के बाद पत्नी जीनत के हाथ को काट दिया।

इसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां दोनों का इलाज किया जा रहा है। कहा कि प्रशासन से मांग है कि चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# निजी बसों का संचालन रुकने से 20 गांवों के लोग पेरशान

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** रामपुर से काशीपुर को चलने वाली निजी बसें बंद होने से मसवासी समेत आसपास के बीस गांव के लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। उन्हें काशीपुर जाने के लिए मजबूरन निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

करीब पंद्रह वर्ष पूर्व रामपुर से स्वार होकर मसवासी से काशीपुर को निजी बसों का संचालन होता था। कुछ दिनों बाद इन इन बसों के पहिए धीरे-धीरे थमते चले गए। उत्तराखंड को निजी बसों का संचालन बंद हो गया। रामपुर से हल्द्वानी और काशीपुर को चलने वाली निजी बसों के आज भी परमिट हैं, लेकिन उत्तराखंड के शहरों में निजी बसों के अड्डे समाप्त कर दिए गए। बसों को खड़ी करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती है। बसों के बंद हो जाने से नरपत नगर, मोतीपुरा, खौद, बिजारखाता, सीतारामपुर, अलीगंज, खुशहालपुर, फतेहगंज, बेलवाड़ा, रहमतगंज, करीमपुर, मिलक नोखरीद, घोसीपुरा, हसनपुर उत्तरी, समेत आसपास के ग्रामीण परेशान हो गए हैं। किसी भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने इन बसों को दोबारा चलवाने की सुध नहीं ली है। इसके चलते काशीपुर जाने वाले ग्रामीण मजबूरन ई-रिक्शा व अन्य वाहनों से काशीपुर पहुंचने के लिए मजबूर हैं। इस रूट पर परिवहन निगम की बसों का संचालन भी नहीं है।

पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य ने इस मार्ग पर सुल्तानपुर पट्टी से स्वार होकर बरेली को संचालित होने वाली निगम की एक बस चलवाई थी। वह भी कुछ दिन से रोक दी गई है। बसों का संचालन बंद होने के कारण तमाम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## एक नजर

### 30 जून तक पूरे करने होंगे निर्माण कार्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी की चल रही परियोजनाओं को 30 जून तक पूरे कराने होंगे। इसमें बुध बाजार में स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से 69.04 करोड़ रुपये की लागत से रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया के अलावा 127 करोड़ रुपये लागत से स्मार्ट रोड नेटवर्क का कार्य भी अंतिम चरण में है। सड़क निर्माण के अलावा दोनों पटरियों पर रेलिंग और वेंडिंग जोन का काम भी पूरा होने को है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की सुस्ती से काम मई में पूरा नहीं हो पाया। कार्य पूरे होने के बाद बुध बाजार की रौनक काफी बढ़ जाएगी। नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

### भजन संध्या आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीलीकोठी आवास विकास कॉलोनी में सत्य श्री शिव मंदिर में सोमवार को भजन संध्या व हरिनाम शाम 7:30 बजे से आयोजित होगा। इसमें भजनोपदेशक आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी भजन सुनाएंगे।

## आंखों में पदक जीतने का सपना लिए पसीना बहा रहे एथलीट, ओलंपिक में क्रिकेट के शामिल होने पर युवा क्रिकेटरों में खुशी

# मेहनत के दम पर कामयाबी की दास्तान लिख रहे होनहार

**अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हर साल 23 जून को विश्व ओलंपिक दिवस मनाया जाता है। ओलंपिक में जिन खेलों का आयोजन होता है, उनसे जुड़े हर खिलाड़ी का सपना होता है इसमें हिस्सा लेना और अगर मेडल जीत लिया तो क्या ही कहना? महानगर में भी बहुत से खिलाड़ी ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए पसीना बहा रहे हैं। 2028 में होने वाले लॉस एंजेलिस ओलंपिक में क्रिकेट टी-20 प्रारूप में खेले जाने पर क्रिकेटरों में भी खुशी है। महानगर के युवा क्रिकेटरों ने उम्मीद जताई है कि भारतीय खिलाड़ी इसमें शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए पदक जीतकर लाएंगे।

### ओलंपिक में क्रिकेट के शामिल होने पर मनीषा उत्साहित



मनीषा चौधरी महानगर के होनहार क्रिकेटरों में से एक हैं। छजलैट विकास खंड के संदलीपुर गांव की रहने वाली मनीषा ने उत्तर प्रदेश अंडर-19 टीम तक का सफर तय किया है। उन्होंने गांव में लड़कों के साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था। 2020 में उन्होंने सोनकपुर स्टेडियम में आना शुरू किया। क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल होने पर वह प्रसन्न हैं। कहा कि देश के सबसे लोकप्रिय खेल को ओलंपिक में शामिल होने पर उत्साहित हूं।

### भाई की राह पर निकल पड़े कुनाल चौधरी



कुनाल चौधरी के भाई अभय चौधरी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। उनकी राह पर चलते हुए कुनाल राज्य स्तर पर शानदार खेल दिखा रहे हैं। कुनाल 400 मीटर वर्ग में दौड़ते हैं। वह इटावा और लखनऊ में दो बार खेल चुके हैं। वह अपने भाई की तरह एथलेटिक्स में नाम कमाना चाहते हैं। दोनों भाई एक साथ अभ्यास करते हैं। अभय राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं।

### राज्य स्तर पर स्वर्ण जीत चुके हैं अंश



अंश ने एक साल पहले ही दौड़ना शुरू किया है। बनारस में आयोजित हुई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अंश ने चौथा स्थान हासिल किया था। जबकि बुलंदशहर में राज्य स्तर पर 200 मीटर में स्वर्ण, 100 मीटर में रजत और 400 मीटर में कांस्य पदक जीत चुके हैं। वह बताते हैं कि उन्होंने दौड़ना थोड़ी देरी से शुरू किया है। लेकिन, वह लक्ष्य तक पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगाना चाहते। इसलिए कड़ी मेहनत करते हैं।

### राज्य स्तर पर स्वर्ण विजेता हैं सोनिया



सोनिया महानगर की उभरती लॉग जम्प खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2016 में गोरखपुर में पहला स्वर्ण पदक जीता था। अभी तक वह राज्य स्तर पर सात पदक जीत चुकी हैं। 9 व 10 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित हुई यूपी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उन्होंने स्वर्ण जीता है। वह नेशनल में 5.92 मीटर की छलांग लगाकर एशियन चैम्पियनशिप का टिकट कटाना चाहती हैं। देश के लिए पदक जीतना सोनिया का सपना है।

### छोटी आयु में बड़ा कमाल कर रहे यश तोमर



युवा धावक यश तोमर छोटी आयु में बड़ा कमाल कर रहे हैं। उनकी आयु अभी सिर्फ 16 साल है। उन्होंने कर्नाटक में हुई जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। यहीं नहीं, राज्य स्तर पर गोरखपुर में रजत पदक और वाराणसी में तीसरा स्थान हासिल किया। उनका सपना है कि वह देश के लिए ओलंपिक जीतकर दुनियाभर में अपना नाम रोशन करें।

### ओलम्पिक दिवस पर खिलाड़ियों का सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम सोनकपुर में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न खेलों के उदीयमान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला ओलंपिक संघ की ओर से किया गया। इसमें एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसपी सिटी ने खिलाड़ियों को बताया कि खेलों को खेलने से खिलाड़ी स्वस्थ रहता है और कई बीमारियों से मुक्त रहता है। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डा. अजय पाठक ने बताया कि खिलाड़ियों के अन्दर खेल के प्रति जो खेल भावना होती है। इस ओलंपिक दिवस के शुभ अवसर पर जिला ओलंपिक संघ सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को खेलों की ओर अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने में हमारा सहयोग करें। इस दौरान आशय वर्मा, शावेज अली, आसिफ सिद्दिकी, महेन्द्र विश्नोई, राहुल मेसी आदि मौजूद रहे।

## राजस्व के लंबित प्रकरणों के निस्तारण में दिखाएं गंभीरता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने राजस्व के लंबित वादों के निस्तारण में सुस्ती पर नाराजगी जताई है।

उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने तहसील क्षेत्र में ऐसे मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में रुचि दिखाने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने का निर्देश दिया है। कहा कि उप जिलाधिकारी और तहसीलदार स्वयं मामलों के निस्तारण की मानीटरिंग करें। कहा कि तहसील स्तर पर ही ऐसे सभी मामले निपटाएं जाएं। राजस्व वसूली व वादों के निस्तारण में उदासीनता बरतने वाले लेखपालों को भी चिह्नित करने के लिए कहा। वादों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना होगा।

# तापमान में आई कमी, उमस से लोग रहे परेशान

## दो दिन हुई हल्की बारिश से लू का असर नहीं, प्री मानसून की बारिश से लोगों को राहत की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दो दिन से हो रही छिटपुट बारिश से तापमान में आई कमी और लू का असर कम होने से लोगों को राहत मिली है। लेकिन, उमस ने बेचैन किया है। आर्द्रता 58 प्रतिशत रहने से चिपचिपी गर्मी से लोग परेशान हैं।

बुधवार, शुक्रवार को हुई हल्की बारिश से सूरज की तपिश कम हुई है। अधिकतम पारा लुढ़क कर 36 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। वहीं रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। रविवार को न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। बूंदाबांदी से उमस और बढ़ गई। लोग मूसलाधार बारिश की उम्मीद लगाए हैं। हालांकि अभी प्री मानसून की बारिश से थोड़ी राहत मिलने का अनुमान मौसम वैज्ञानिक बता रहे हैं। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि 28 जून या इसके बाद मानसून सक्रिय होगा। तब तक प्री मानसून में छिटपुट बारिश होगी।



गर्मी से राहत पाने को नहाते बच्चे। ● अमृत विचार



रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्री। ● अमृत विचार

### पिछले पांच दिनों का अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| 22 जून | 37.5 डिग्री सेल्सियस |
| 21 जून | 39.0 डिग्री सेल्सियस |
| 20 जून | 39.0 डिग्री सेल्सियस |
| 19 जून | 44.0 डिग्री सेल्सियस |
| 18 जून | 44.8 डिग्री सेल्सियस |

### बरतें सावधानी

जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता का कहना है कि गर्मी से लोग बुखार, उल्टी दस्त, डायरिया से पीड़ित हो रहे हैं। दोपहर में जरूरी होने पर ही घरों से बाहर जाएं। अधिक से अधिक पानी व तरह पदार्थ जैसे शिकंजी, नीबू पानी, नारियल पानी आदि का सेवन करें। बासी भोजन से परहेज करें। सुपाच्य और संतुलित भोजन करें।

### निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रहीं ट्रेनें, यात्री परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच ट्रेनों का संचालन सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे यात्री दुश्वारियों भरा सफर करने को मजबूर हैं। काफी समय से ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। ट्रेनों के समय पर नहीं पहुंचने से भीषण गर्मी में यात्रियों का हाल बेहाल हो रहा है। गर्मी के मौसम में ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है। वहीं स्पेशल ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर न पहुंच कर यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। प्रतिदिन दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ समर स्पेशल ट्रेनें भी पांच से 10 घंटे की देरी से पहुंच रही है। जिसके कारण यात्रियों को सफर से ज्यादा स्टेशन पर ही समय काटना पड़ रहा है। रविवार को ट्रेन संख्या 05562 दरभंगा समर स्पेशल ट्रेन 15 घंटे 20 मिनट, ट्रेन संख्या 12356 अर्चना एक्सप्रेस एक घंटा 28 मिनट, 14241 नौचंदी एक्सप्रेस एक घंटा 39 मिनट, ट्रेन संख्या 12370 कुंभ एक्सप्रेस दो घंटे 32 मिनट, 04059 आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 11 घंटे 41 मिनट, ट्रेन संख्या 15012 लखनऊ एक्सप्रेस एक घंटे 30 मिनट, ट्रेन संख्या 15013 काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस एक घंटा एक मिनट और 04067 दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन 12 घंटे 26 मिनट की देरी से पहुंची। जिससे यात्री पूरा दिन परेशान रहे।

## रोडवेज में निकली परिचालकों की भर्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** परिवहन निगम में परिचालकों की भर्ती निकाली गई है। जिसके तहत मुरादाबाद परिक्षेत्र में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए है। आवेदकों को सेवायोजन की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा। जिसमें सीसीसी प्रमाणपत्र देना जरूरी होगा।

रोडवेज के मुरादाबाद परिक्षेत्र में आउटसोर्सिंग के जरिए 181 परिचालकों की भर्ती की जाएगी। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जिसमें आवेदकों को सेवायोजन पोर्टल की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बताया कि परिवहन निगम की आउटसोर्सिंग परिचालक पद पर भर्ती होने के लिए आवेदकों को इंटरमीडिएट पास होने के साथ-साथ केंद्र सरकार या राज्य सरकार की मान्यता प्राप्त संस्थानों से सीसीसी प्रमाणपत्र देना होगा। इसके अलावा यदि किसी आवेदक के पास एनसीसी बी प्रमाणपत्र है। दोनों में से किसी भी प्रमाणपत्र के होने पर इंटरमीडिएट के प्राप्तांकों में पांच प्रतिशत का छूट दिया जाएगा। आवेदकों को अधिक जानकारी सेवायोजन की वेबसाइट http://sewayojan.up.nic.in/ पर मिल जाएगा।



चादरी जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

# उर्स के तीसरे दिन निकला चादरी जुलूस, उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हजरत ख्वाजा सूफी वसी अहमद उर्फ मुन्ने मियां की दरगाह पर चल रहे उर्स मुबारक के तीसरे दिन रविवार को सज्जादानशीन के घर से दरगाह तक चादरी जुलूस निकाला गया। जिसके बाद दरगाह पर चादरपोशी की गई।

हजरत ख्वाजा सूफी वसी अहमद उर्फ मुन्ने मियां का सालाना उर्स मुबारक बड़े शानो-शौकत के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें उर्स के तीसरे दिन दरगाह के सज्जादानशीन सूफी वसीम अहमद कादरी के मकान मकबरा से चादरी जुलूस निकल गया। जिसके बाद दरगाह पर चादरपोशी की गई। सलातो सलाम का नजारा पेश किया गया। इस दौरान अकीदतमंदों ने नजर पेश की। सज्जाद नशीन सूफी वसीम अहमद कादरी ने हजरज मुन्ने मियां की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए बताया कि हजरत मुन्ने मियां ने अपनी पूरी जिंदगी सादगी के साथ गुजारी और हमेशा लोगों को कुरान हदीस का रास्ता बताया। आप ने हमेशा मेहमान नवाजी और भलाई का रास्ता दिखाया। इस मौके पर सुधीर पाठक, राजेंद्र कुमार टंडन, आरिफ मंसूरी, साजिद अंसारी, यूनुस मलिक, हाजी जुबेर, सूफी अब्दुल्ला, सूफी मारूफ, शरीफ अहमद, श्याम चोपड़ा, नीरज चोपड़ा, मकबूल अहमद, शरीफ अहमद व मोहम्मद रिजवान शामिल रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से कटघर, दस सराय, मध्य नगर, चंद्र नगर, लाइनपार, रामगंगा विहार, सिविल लाइन, दीवान का बाजार, सेहल, भोजपुर मंडलों में 491 बूथों पर उनके चित्र पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते भाजपाई। ● अमृत विचार

वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंने धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। जेल में उनकी मृत्यु ने देश को हिलाकर रख दिया और परमिट सिस्टम समाप्त हो गया। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था। नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक व महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, सह संयोजक विशाल त्यागी महानगर उपाध्यक्ष ने बताया कि महानगर के बूथों पर जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



आईएमए भवन में रक्तदान करते माथुर सभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## जरूरतमंद लोगों के लिए किया रक्तदान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के आह्वान पर रविवार को माथुर वैश्य शाखा सभा और माथुर वैश्य मंडल की ओर से आठवां रक्तदान शिविर कचहरी कंपाउंड स्थित आईएमए भवन में लगा। इसमें 30 यूनिट ब्लड रक्तदान कर आईएमए भवन को दान दिया गया। शिविर का आरंभ निर्यातक अजीत गुप्ता ने किया। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही रक्तदाताओं व आयोजकों को सराहा। इस दौरान शाखा सभा अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, गोविंद राम गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, संजय गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक शरद, सुधीर, संदीप, अजय कुमार, नीम गुप्ता, मीना, संगीता व मयूरी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बहादुर शाह की कब्र की मिट्टी लाई जाए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रविवार को कंपनी बाग स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए तहरीक कारवांन ए इत्तेहाद के राष्ट्रीय संयोजक जीशान हैदर मलिक ने बताया कि 24 अक्टूबर को बहादुर शाह जफर की यौमे पैदाइश पर क्रांति दिवस मनाने और यंगून से उनकी कब्र की मिट्टी को यहां लाने के लिए अभियान शुरू किया गया है।



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में प्रेसवार्ता में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय संयोजक ने बताया कि 24 अक्टूबर को भारत के अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर की यौमे पैदाइश है। उन्होंने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 क्रांति में भारतीय क्रांतिकारियों का नेतृत्व किया था। बहादुर शाह जफर का जन्म 24 अक्टूबर 1775 को दिल्ली में हुआ था। बहादुर शाह जफर के बेटों और पोतों को ब्रिटिश अधिकारियों ने गोलियों से भून डाला था। भारतीय सैनिकों ने बहादुर शाह जफर के नेतृत्व में अंग्रेजों की ईंट से ईंट बजा दी। उन्होंने बताया कि बहादुर शाह जफर पर लाल किले में 27 जनवरी 1858 में मुकदमा चलाया गया और काले पानी की सजा दी गई। 7 नवंबर 1862 को यंगून में ही इंतकाल हो गया। जीशान हैदर मलिक ने कहा कि 24 अक्टूबर को बहादुर शाह जफर की यौमे पैदाइश पर क्रांति दिवस मुरादाबाद में मनाएंगे और इसी दिन से यंगून से बहादुर शाह जफर की कब्र की मिट्टी भारत लाने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा। इस मौके पर फिरोज खान, डॉ. अनवर सलीम, मौलाना ऊमर फारूक, चौधरी मुमताज आलम, अख्तर सलीम, साहिल शम्सी, युसूफ सैफी व अमजद सैफी आदि शामिल रहे।

**क्रीड़ा प्रतियोगिता** सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत कराटे प्रतियोगिता का आयोजन, एसपी सिटी ने विजेताओं को किया सम्मानित

# कराटे में विवान और बालिका वर्ग में काव्या ने जीता स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत सोनकपुर स्टेडियम में चल रही क्रीड़ा प्रतियोगिता में रविवार को बालक और बालिका वर्ग की कराटे प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बालक वर्ग में विवान और बालिका वर्ग में काव्या ने स्वर्ण पदक जीता। इस मौके पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



विजेता खिलाड़ियों के साथ एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व अन्य। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता की शुरुआत उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की। कराटे 14 वर्ष से कम बालक वर्ग में 25 किग्रा भार वर्ग में विवान रस्तोगी ने स्वर्ण पदक, अद्भुत सिंह ने रजत और पार्थ विश्नोई ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 35 किग्रा भार वर्ग में विधान कुमार ने स्वर्ण पदक, प्रणव वर्मा ने रजत पदक और दीपांशु ने कांस्य पदक जीता। 45 किग्रा भार वर्ग में अरनव पथिक ने स्वर्ण पदक, प्रखर रस्तोगी ने रजत पदक और अरनव कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। 55 किग्रा भार वर्ग में प्रज्जवल राय ने स्वर्ण पदक, आदये कुमार पांडे ने रजत पदक और आरव पथिक ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 55 किग्रा भार वर्ग से अधिक में आर्यन राय ने स्वर्ण पदक, लवीश नागर ने रजत पदक एवं मुद्दित्ता वर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

कराटे 14 वर्ष से कम बालिका वर्ग में 22 किग्रा में काव्या ने स्वर्ण पदक, मानाल ने रजत और अन्नता ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 30 किग्रा भार वर्ग में वानी पांडे ने स्वर्ण पदक, गौरी वर्मा ने रजत एवं मान्या सक्सेना ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 38 किग्रा भार वर्ग में आराध्या सक्सेना ने स्वर्ण पदक, रोजाम ने रजत और वैदाशी शर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 46 किग्रा भार वर्ग में यातिश्का शर्मा ने स्वर्ण, आरना ने रजत और आनया चौधरी ने कांस्य पदक जीता। 46 किग्रा भार वर्ग से अधिक में आदिला फातिमा ने स्वर्ण, अन्नया ने रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक आशय वर्मा, सचिन कुमार, मंशु, मो. मोहिन, ज्योति शर्मा, मंजू तिवारी, अवनि कुमार, नितिन गुप्ता और सीएल वर्मा रहे। डॉ. प्रियंका गौतम मेडिकल टीम के साथ उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अंकित अग्रवाल व समस्त कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## पुण्यतिथि पर संजय गांधी को दी श्रद्धांजलि

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में कांग्रेसियों ने संजय गांधी की पुण्यतिथि मनाई। कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। नगर में राजीव मार्केट में संजीव सिंघल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने संजय गांधी की पुण्यतिथि मनाई।

कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान कांग्रेसियों ने संगठन की मजबूती पर बल दिया।

कार्यक्रम में सादिक सिद्दीकी, नावेद सिद्दीकी, इकबाल अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, कुलवंत सिंह, मनोज कुमार, राजकुमार, पंकज प्रजापति, फुरकान सिद्दीकी, शाहिद हुसैन, लारिव मंसूरी, अब्दुल्ला अंसारी आदि मौजूद रहे।



जीआईसी ग्राउंड में आयोजित हॉकी मैच में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## जीआईसी ने समर कैंप को 2-1 से हराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला हॉकी मुरादाबाद की ओर से ओलंपिक डे सेलिब्रेशन हॉकी मैच का आयोजन जीआईसी मैदान पर हुआ। इसमें जीआईसी की टीम ने समर कैंप वाइस ग्रीन को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2-1 से हरा दिया। मैच के अंपायर अब्दुल्ला खान और नावेद अली खान रहे। मुख्य अतिथि एसबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुबारक हुसैन ने हॉकी के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस दौरान सुभान अली, मोहम्मद अली खान, कन्हैया रस्तोगी, कौशल खान, आफताब खान, अमन अली, इदरीश हुसैन आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चौकी प्रभारी सहित सात दरोगा का तबादला

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस लाइन से मनोज कुमार को हसनपुर कोतवाली में तैनात किया गया है। रजबपुर थाना से संदीप कुमार को नौगांवा सादात की कस्बा पुलिस चौकी प्रभारी, यहां तैनात सत्येंद्र कुमार को हसनपुर कोतवाली की मनोटा पुलिस चौकी की जिम्मेदारी सौंपी है। पीजीआरयू सेल से ईशम सिंह को मंडी धनौरा की ढींगरा पुलिस चौकी तथा पुलिस लाइन से चांद वीर सिंह को थाना आदमपुर की ढवारसी पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया है। ढींगरा पुलिस चौकी प्रभारी शेर सिंह थापा को थाना सैदनगली व थाना गजरौला से मीनाक्षी गुप्ता को नगर कोतवाली में तैनात किया है।

### ई-रिक्शा चालक ने भाजपा कार्यकर्ता पर किया हमला

**गजरौला, अमृत विचार :** पाल गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता पवन चौहान शनिवार रात फाजलपुर आए थे। वहां उनका ई-रिक्शा चालक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर ई-रिक्शा चालक ने पवन पर हमला कर दिया। इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

# खंभा टूटने से 8 घंटे आपूर्ति रही बाधित

## तेज हवा और बारिश से टूटा था हाईटेंशन लाइन का खंभा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तेज हवा के साथ हुई बारिश के कारण हाईटेंशन लाइन का खंभा टूटने के कारण नगर के उपभोक्ताओं को आठ घंटे विद्युत आपूर्ति नहीं मिली। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश से मौसम में कुछ ठंडक हो गई थी, फिर भी उमस के कारण लोग बेहाल हो गए।

शनिवार शाम तेज हवा के साथ बारिश हुई थी। जिसके कारण उझारी से हसनपुर की हाईटेंशन लाइन का खंभा टूट कर गिर गया और नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। तेज बारिश शनिवार शाम करीब तीन बजे शुरू हुई थी और चार बजे से नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जो लगभग देर रात 11 बजे सुचारु हुई। नगर में लगभग 15000 उपभोक्ता हैं। जो विद्युत आपूर्ति न मिलने के कारण भीषण गर्मी में परेशान हुए। लगातार आठ घंटे विद्युत आपूर्ति न मिलने के कारण घरों में लगे इनवर्टर भी डाउन हो गए, वहीं कुछ मोहल्लों में पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो गई। कुछ नगरवासियों का कहना है कि हसनपुर में हल्की सी भी बारिश होती है तो विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। जेई साहिल गांधी ने बताया कि तेज हवा के कारण हाईटेंशन लाइन का खंभा टूट गया था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर उसे सही कर नगर की विद्युत आपूर्ति शुरू की गई।

### दो विधायकों के क्षेत्र के फीडर की भी 13 घंटे बिजली गुल

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में विद्युत विभाग द्वारा बनाए फीडरों में से एक फीडर के क्षेत्र में दो विधायक निवास करते हैं। मगर उस फीडर के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति के लिए तरसना पड़ता है। बारिश के कारण बाधित हुई विद्युत आपूर्ति लगभग 13 घंटे के बाद इस फीडर में बहाल हो पाई। विद्युत विभाग द्वारा नगर के उपभोक्ताओं को आपूर्ति देने के लिए कई फीडर बना रखे हैं। जिसमें से एक फीडर तीन नंबर भी है। इस तीन नंबर फीडर पर हसनपुर विधानसभा के भाजपा के विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं कांठ विधायक कमाल अख्तर का आवास है। इनके साथ इस फीडर पर लगभग 3200 उपभोक्ता और भी हैं। शनिवार शाम को तेज हवा के साथ हुई बारिश के बाद से ठप हुई विद्युत आपूर्ति लगभग 13 घंटे के बाद बहाल हुई है। लगातार 13 घंटे एक फीडर को विद्युत आपूर्ति न मिलने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिस फीडर में दो विधायक निवास करते हों तो उस फीडर की यह हालत है तो आम जनता का किया होगा। रविवार सुबह चार बजे विद्युत आपूर्ति शुरू हुई, तो उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। कांठ विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि विद्युत आपूर्ति के मामले में सरकार फेल हो चुकी है। सिर्फ कागजों में 24 घंटे आपूर्ति दी जा रही है। जबकि हकीकत में जमकर कटौती की जा रही है।

### सलेमपुर की आपूर्ति तीन दिनों से बाधित

**गजरौला, अमृत विचार :** बिजली विभाग की जर्जर तार व टूटे बिजली के खंभे को बदलने की प्रक्रिया के बीच क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई में तीसरे दिन रविवार को भी बिजली आपूर्ति ठप रही। शुक्रवार को तेज हवा के साथ हुई बारिश के दौरान कई स्थानों पर पेड़ टूटकर बिजली की लाइनों पर गिर गए थे। जिससे क्षेत्र के भारापुर माफी बिजलीघर से जूडे 10 गांवों की बिजली आपूर्ति गुल हो गई थी। शनिवार को क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई के कुछ सभी गांवों की बिजली आपूर्ति सुचारु हो गई थी। लेकिन रविवार को भी बिजली विभाग तीसरे दिन क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई में बिजली सुचारु नहीं कर सका। तीन दिन से आपूर्ति गुल होने से इनवर्टर भी जबाव दे गए। उपभोक्ता अधिकारियों से आपूर्ति की बाबत जानकारी करते रहे। जेई संतोष कुमार ने बताया कि टूटे हुए बिजली पोल की जगह दूसरे खंभे लगाए जा रहे हैं। शाम आठ बजे तक बिजली सुचारु कर दी जाएंगी।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी 14 वर्षीया किशोरी घर के बाहर शुक्रवार शाम अपने पड़ोसी के बच्चे को खिला रही थी। कुछ देर बाद वह बालक को देने उसके घर चली गई। जैसे ही वह बाहर निकली, पड़ोस के युवक ने उसे अपने घर में खींच लिया। इस दौरान उसके घर पर परिवार का कोई दूसरा सदस्य मौजूद नहीं था। युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घर जाकर मामले की जानकारी दी। इस पर आरोपी ने फैसले का दबाव बनाना शुरू कर दिया। शनिवार सुबह गांव में पंचायत हुई। मामला नहीं निपटा तो कोतवाली में तहरीर दी गई। पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

# अमृत सरोवर नहीं बनेंगे एक एकड़ से कम रकबे के तालाब

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- 75 तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में किया जा रहा विकसित

**अमृत विचार :** जिले में एक एकड़ से कम रकबे वाले तालाबों को अमृत सरोवर की सूची से बाहर कर दिया गया है। एक एकड़ या उससे अधिक रकबे वाले तालाबों का चयन अमृत सरोवर के लिए ही किया गया है।

जिलेभर में तालाबों को अमृत सरोवर बनाने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। कार्य में तेजी लाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने कई बार खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक करके अमृत सरोवरों और खेल के मैदान और गांवों के विकास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दे चुके हैं। प्रशासन द्वारा जिन तालाबों को अमृत सरोवर बनाया जा रहा है, उनका रकबा निर्धारित कर दिया गया है। एक एकड़ से कम रकबे वाले किसी तालाब को सरोवर नहीं बनाया जाएगा। कम रकबे वाले 10 तालाब सूची से बाहर कर दिए गए हैं। उनके स्थान पर अन्य तालाब चिह्नित किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार निकायों में भी अब अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। अमरोहा नगर पालिका द्वारा तीन सरोवर का चयन किया गया है। इसमें कलेक्ट्रेट के सामने स्थित गांव रायपुर के तालाब के अलावा कुशक तालाब पनबाड़ी भी शामिल हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा अमृत सरोवर पर कार्य को शुरू कर दिया गया है और इसका सुंदरीकरण भी तेजी के साथ किया जाएगा। नगर पालिका ने इस पर आने वाली लागत का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया था, जोकि मंजूर हो चुका है। जिले में 75 तालाब अमृत सरोवर बन रहे हैं। पीडी अमरेंद्र प्रताप ने बताया कि कम रकबे वाले तालाबों का चयन नहीं किया गया है। इस समय सभी सरोवरों पर काम तेजी के साथ किया जा रहा है।

# महिला का फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। महिला के मायके वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर हत्या करने का आरोप लगाया।


सोनिया (फाइल फोटो)

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के बरखेड़ा गांव निवासी नन्हे की पुत्री सोनिया (23) की शादी वर्ष 2021 में क्षेत्र के चौबारा गांव निवासी जयवीर सिंह के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद ही ससुराली विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। करीब छह माह पहले भी दपंति के बीच झगड़ा हो गया था। उस समय पंचायत में दोनों का समझौता हुआ था। बताया जा रहा है कि रविवार को सोनिया का पति से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल वालों के अनुसार सोनिया ने फंदे से लटककर आत्महत्या की। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल वालों पर विवाहिता की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हालात बिगड़ते देख ससुराल वाले वहां से फरार हो गए। लोगों की भीड़ ने सोनिया के मायके वालों को समझाने की कोशिश की। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा मायके वालों को किसी तरह शांत कराया। इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पति से अनबन पर फंदे से लटककर जान दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में पति से अनबन के बाद फंदे से लटककर महिला ने जान दे दी। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में पति से अनबन के बाद रविवार शाम अपने ही घर में महिला ने फंदे से लटककर जान दे दी। ग्रामीणों का कहना है कि विवाहिता की शादी ढाई महीने पहले ही गजरौला थाना क्षेत्र के गांव में हुई थी। चर्चा है कि प्रेम प्रसंग के चलते दोनों की शादी की गई थी। लगभग 10 दिन से विवाहिता के ससुराल वालों से किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी। वह आत्महत्या करने के लिए ससुराल वालों से कहती थी। रविवार को उसने मायके में फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के मृतका के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# पालिका टीम ने छापेमारी कर बरामद की 25 किलो पॉलीथिन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

## कार्रवाई

- पालिका की टीम ने 5000 रुपये का जुर्माना भी वसूला
- लोगों से घर से सामान के लिए थैला लेकर चलने को कहा

**अमृत विचार :** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के निर्देशन में नगर में पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान शुरू किया गया है। अभियान के दूसरे दिन नगर पालिका की टीम ने दुकान पर छापा मारकर 25 किलो पॉलीथिन बरामद की और 5000 रुपये का जुर्माना लगाया।

नगर पालिका ने पॉलीथिन को बंद करने के लिए शनिवार को जागरुकता रैली निकाली और लोगों को पॉलीथिन का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया था। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अभियान 22 जून से लेकर 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। अभियान में नगर के अंदर पॉलीथिन को बंद करने के लिए छापेमारी की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को नगर पालिका की टीम ने दुकान पर छापा मारकर 25 किलो पॉलीथिन बरामद कर 5000 रुपये का जुर्माना किया। इस कार्रवाई से पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले दुकान व्यापारियों में खलबली मच गई। ईओ ने बताया कि पॉलीथिन से नगर में नाले नालियां चोक हो जाती हैं और बरसात के दिनों में जलभराव हो जाता है। अधिशासी अधिकारी ने कहा घर से निकलते समय सामान खरीदने के लिए साथ में कपड़े का थैला लेकर निकलें। किसी भी दुकानदार को पॉलीथिन में सामान देने के लिए विवश न करें।

# ओमवीर सिंह बने अध्यक्ष, काविंद्र मंत्री

संवाददाता, हसनपुर


भारतीय किसान संघ की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- भारतीय किसान संघ की ब्लॉक की कार्यकारिण का किया गठन

**अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ की बैठक में ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह एवं ब्लॉक मंत्री काविंद्र चौहान नियुक्त किया।

रविवार को भारतीय किसान संघ की बैठक नगर के अमरोहा मार्ग स्थित तहसील प्रांगण में हुई। बैठक में भारतीय किसान संघ विकास खंड हसनपुर की पुरानी कार्यकारिणी को निर्वाचन अधिकारी जिला मंत्री आलोक चौहान द्वारा बर्खास्त कर नवीन ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह, ब्लॉक मंत्री काविंद्र चौहान, ब्लॉक उपाध्यक्ष काविंद्र चौधरी, ब्लॉक सह मंत्री धर्मपाल सिंह, जैविक प्रमुख राजीव कुमार को बनाया गया तथा शेष कार्यकारिणी को जल्द से जल्द पूर्ण करने की जिम्मेदारी के लिए ब्लॉक मंत्री तथा ब्लॉक अध्यक्ष को चुनाव प्रभारी द्वारा आदेशित किया। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री सुनील कुमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सिंह, जिला प्रभारी संजीव शर्मा एवं जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने नवनिर्वाचित सदस्यों को संगठन के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर जिला सदस्य सदस्यता प्रभारी चंद्र प्रकाश शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री महिपाल सिंह, सतीश त्यागी, रोहतास सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, यशवीर सिंह, सुभाष सिंह, सुनील कुमार, देशराज सिंह, गंगाराम, लाल सिंह, मांगेराम, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

### कहासुनी के बाद मारपीट दो पक्षों के चार लोग घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में कहासुनी के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसरोली में रविवार दोपहर बाद गांव निवासी रामपाल खेत की फसल की सिंचाई करने के लिए अपने खेत पर जा रहा था। तभी उसने पड़ोसी युवक के कहा कि वह बाइक पर बैठाकर खेत पर छोड़ आये, लेकिन युवक ने कहा कि मैं कोई नौकर हूं। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें रामपाल पक्ष की ओर से हेमराज पुत्र परम सिंह, क्रांति पत्नी परम सिंह व निर्मला पत्नी विनोद घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष का केशव घायल हो गया। दोनों पक्षों के लोग कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर घायलों को मेडिकल को सीएचसी भेजा है।

# कारोबारी को जमीन बेचने का झांसा देकर 50 लाख रुपये हड़पे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- आरोपी ने 50 लाख रुपये लेकर दूसरे को किया एंग्रीमेंट

**अमृत विचार :** होटल संचालक सहित कई लोगों ने मिलकर कारोबारी को जमीन बेचने का झांसा देकर उससे 50 लाख रुपये हड़प लिए। कई बार कहने के बाद भी न तो जमीन का बैनामा कराया और न ही एग्रीमेंट। बाद में फर्जी दस्तावेजों से दूसरे को एग्रीमेंट करा दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में तीन नामजद व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

डिडौली कोतवाली के गांव श्योनाली में कारोबारी जाहिद का परिवार रहता है। उन्होंने 15 अप्रैल 2023 को जोया के मोहल्ला पधानोवाला में रहने वाले यासीन और उनकी पत्नी मरियम से एक बीघा जमीन खरीदी थी। एक करोड़ रुपये में जमीन का सौदा हुआ था। जिसके बाद जाहिद ने जमीन पर कब्जा लिया और दो दुकान बना ली थीं। आरोप है कि जाहिद ने 15 लाख रुपये बयाने के तौर पर दिए थे। इसके बाद 25 लाख रुपये मरियम और यासीन के खाते में ट्रांसफर किए। कुछ समय बाद जमीन का बैनामा कराने की बात हुई थी। इसके बाद 22 अप्रैल 2024 को 11 लाख रुपये और दे दिए गए। पीड़ित जाहिद ने जमीन का बैनामा कराने के लिए कहा तो यासीन और मरियम टालमटोल करने लगे। इसी बीच यासीन और मरियम ने 6 मार्च 2024 को अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के रायपुर खुर्द निवासी भूरी खातून के नाम इस जमीन का बैनामा और एग्रीमेंट कर दिया। आरोप है कि 15 मई 2024 की सुबह 10 बजे पीड़ित जाहिद दुकान पर बैठे हुए थे। तभी यासीन, मरियम व थूरी और पांच अज्ञात लोग जमीन पर कब्जा करने की नीयत से पहुंच गए और फर्जी व कूटरचित बैनामा दिखाते हुए दुकान में रखा समान फेंक दिया। विरोध करने पर जाहिद के साथ मारपीट की और गला दबाया। हंगामा होने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। जिसके बाद डिडौली पुलिस ने मरियम, यासीन व भूरी खातून और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### लूट के मामले में कोर्ट के आदेश पर दो लोगों पर रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने तीन हजार की लूट के मामले में कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायत पर पहले पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी जावेद आलम ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई थी। उसका कहना था कि आठ मई को वह अपने पुत्र शाने आलम के साथ बाइक से उझारी जा रहा था। आरोपी यूनुस व रिफाकत ने उन्हें रोक कर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। उसकी जेब में रखे कागज व तीन हजार रुपये भी छीन लिए थे। वह पुलिस से शिकायत करने गया तो पुलिस ने भगा दिया था। अब रहरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर यूनुस व रिफाकत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# फोटो वायरल करने की धमकी देने वालों पर रिपोर्ट

संवाददाता, हसनपुर/सैदनगली

## टूट गया रिश्ता

- युवती के परिजनों ने शिकायत की तो आरोपियों ने की मारपीट
- आरोपी ने युवती के मंगेतर को दिखाए थे फोटो

**अमृत विचार :** बहन से फोन करने के लिए दबाव बनाने का विरोध करने पर भाई को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सैदनगली के गांव निवासी युवती के मोबाइल पर गांव का युवक जबरदस्ती बात करता था। जब युवती ने उसे अनदेखी किया तो आरोप है कि युवक ने उस पर फोन करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। साथ ही फोटो वायरल करने की धमकी भी दे दी। युवती के पिता ने बताया कि उसने अपनी पुत्री का रिश्ता तय कर दिया था। लेकिन आरोपी युवक ने जिस लड़के के साथ उसने बेटी का रिश्ता किया था, उसको फोटो दिखा दिया। जिसके चलते उसकी बेटी का रिश्ता भी टूट गया। 16 जून को आरोपी बेटी से अश्लील हरकतें करने लगा।

बेटी ने जब परिवार के लोगों को इस मामले में बताया तो उसके पुत्र ने आरोपी से इस मामले में विरोध जताया। जिससे आरोपी व परिजन आग बबूला हो गये तथा उसके पुत्र जावेद आलम से मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी शादाब, शाने आलम, सलमान व नवाजिश पर मामले को लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मुरादाबाद महापंचायत में किसान होंगे शामिल

**गजरौला, अमृत विचार :** 26 जून को जिलाधिकारी कार्यालय मुरादाबाद पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुनाम सिंह चढ़ूनी की उपस्थिति में होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए जिला कार्यालय पर बैठक हुई।

संगठन के जिलाध्यक्ष नफीस मेवाती ने कहा कि ठाकुरद्वारा तहसील के ग्राम बथुआ खेड़ा के किसानों की जमीन का प्रशासन द्वारा मनमाने ढंग से अधिग्रहण किया जा रहा है। इसके विरोध में पंचायत 26 जून को मुरादाबाद के जिलाधिकारी के कार्यालय पर होगी, जिसमें जिला अमरोहा से हजारों की संख्या में किसान शामिल होंगे। इस दौरान इश्तियाक मलिक को जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया। बैठक में शकील चौधरी, आसिफ मलिक, विजेन्द्र फौजी, चौधरी समरपाल सिंह, नाजिम सैफी, सरफराज सैफी, सोनू यादव, अमन, प्रिंस कटियार, बाबू खां, शब्बन खान, डेनियल स्टीफन, शानिब मेवाती मौजूद रहे।

# गोवशों के लिए लगवाए छप्पर

संवाददाता, रहरा


रहरा की गुरैठा गोशाला में गायों के लिए बनी छप्पर की छत। ● अमृत विचार

- भीषण गर्मी के कारण टिन शेड हटवाकर लगवाया छप्पर

**अमृत विचार :** मनुष्य से लेकर जानवर तक इन दिनों भीषण गर्मी से परेशान हैं। मनुष्यों के साथ-साथ जीव जंतु और पेड़ पौधों पर भी इसका भारी असर देखने को मिल रहा है। जहां एक तरफ इंसान लू और तपिश वाली गर्मी का शिकार होकर अपनी जान गवां रहे हैं तो दूसरी तरफ जानवर से लेकर पेड़ पौधे भी गर्मी की चपेट में आने से नहीं बच रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए मनुष्य किसी तरह से अपना बचाव कर लेता है। लेकिन पशु खुले में घूमते रहते हैं।

गंगेश्वरी ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुरेठा में स्थित नंदी विहार गोशाला में पशुओं के लिए छप्परों की अस्थायी छत की व्यवस्था की है। ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जिस प्रकार मनुष्य को तपिश वाली गर्मी में नमी की आवश्यकता है। उसी प्रकार जीव जंतुओं को भी ठंडे वातावरण की बहुत ही आवश्यकता है। जिससे कि उनके जीवन को भी बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि गोशाला में पहले से गोवंशों के लिए टिन शेड की छत बनी हुई थी। तपिश वाली गर्मी और बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए टिन शेड को हटवाकर छप्पर की अस्थायी छत का निर्माण कराया है। जिससे गोवंशों को लू और गर्मी से राहत मिल सके। इसी के साथ पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था कर उनकी अच्छी देखभाल की जा रही है।

# नहर में डूबे युवक की चौथे दिन भी तलाश जारी, सुराग नहीं

संवाददाता, नौगांवा सादात

- गुरुवार को दोस्तों के साथ नहाने के दौरान डूब गया था साहिल

**अमृत विचार :** दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया युवक डूब गया था। गोताखोरों व एसडीआरएफ के लगातार प्रयास के बाद भी रविवार शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल सका। एसडीआरएफ टीम ने नहर में वोट से उसकी तलाश में लगातार जुटी हुई है।

नगर के मोहल्ला अफगान निवासी शमशुल हसन का बेटा साहिल गुरुवार को दोस्तों के साथ नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव सिकरिया पुल पर गया था। जहां पर दोस्तों के साथ फोटोग्राफी करने के बाद राम गंगा पोषक नहर में नहाने लगा। इसी दौरान साहिल पानी के तेज बहाव में पहुंच गए और वह वहां पर डूब गया। साथियों ने उसको डूबता देख बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह इसमें असफल हो गए और युवक के डूबने से साथियों में हड़कंप मच गया। गोताखोरों के प्रयास के साथ-साथ शनिवार को एसडीआरएफ की टीम नौगांवा सादात पहुंची और साहिल की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया।

इसी दौरान नहर के किनारे परिजनों के अलावा बड़ी में संख्या में लोग मौजूद रहे। काफी प्रयास के बाद भी एसडीआरएफ टीम को रविवार शाम बजे तक सफलता नहीं मिली है। जबकि कई गोताखोर भी युवक की तलाश में पूरी तरह से जूटे हुए हैं। पुलिस प्रशासन भी साहिल की तलाश में लगातार जुटा हुआ है।

# सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पर जानलेवा हमला, हायर सेंटर रेफर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** मोबाइल की दुकान में सपा युवजन सभा के जिला अध्यक्ष पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावर तीन मोबाइल व 12 हजार की नकदी भी छीनकर ले गये। घायल फैसल अल्वी को गंभीर हालत में हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है।


घायल फैसल अल्वी।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर निवासी नरेश राणा ने सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष फैसल अल्वी के फैसल एंटरप्राइजेज से वीवो कंपनी का मोबाइल खरीदा था। शनिवार की दोपहर दो बजे नरेश राणा अपने कई अन्य साथियों के साथ पहुंचा तथा मोबाइल में कमियां निकालते हुए अभद्रता करने लगा। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपने हरकतों से बाज नहीं आया। उस समय तो वह चला गया। लेकिन कुछ देर के बाद दो दर्जन से अधिक नकाबपोश युवकों के साथ नरेश राणा ने मोबाइल शोरूम पर हमला बोल दिया। उसके साथ आये लोगों के हाथों में लाठी-डंडे व धारदार हथियार भी थे। उन्होंने गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। आरोप है कि नरेश राणा ने फैसल अल्वी के सिर में लोहे की रॉड मार दी। जिससे फैसल के सिर से खून बह निकला। फैसल गश खाकर पीछे को गिरकर बेहोश हो गये। हमला करने वाले काफी देर तक मोबाइल की दुकान में हंगामा करते रहे। आरोपियों ने मोबाइल शोरूम में तोड़फोड़ भी की गई है। जिससे मौके पर भगदड़ मच गई। उसके बाद आरोपी वहां से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सपा युवजन सभा के जिला अध्यक्ष के साथ मारपीट की सूचना मिलने पर कोतवाली के बाहर सपाई जुटने शुरू हो गये। बताते हैं कि घंटों तक पुलिस ने मामले में रिपोर्ट नहीं लिखी। घायल फैसल अल्वी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड घायल

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अजीमाबाद निवासी होमगार्ड राजपाल यादव शनिवार की रात नौ बजे बाइक पर सवार होकर कैलादेवी थाने में ड्यूटी करने जा रहा था। थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर गांव पंवासा में स्थित पुलिस चौकी के पास सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजपाल यादव गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने उपचार के लिए राजपाल यादव को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### ईंट विक्रेता से मारपीट 60 हजार रुपये छीने

**गुन्नौर, अमृत विचार :** ईंटों के बकाया रुपयों का तकादा करने पर ईंट विक्रेता से मारपीट कर साठ हजार रुपये छीनने का मामला सामने आया है।जुनावई थाना क्षेत्र के गांव करियामई निवासी पुष्पेंद्र पुत्र सोमवीर ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह ईंटें बेचने का काम करता है। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी एक व्यक्ति ने ईंट खरीदी थीं। जिसमें उसके छह हजार रुपये बकाया रह गए थे। पुष्पेंद्र का आरोप है कि शनिवार को वह अपने भाई राजेश के साथ गांव शाहपुर में उधारी वसूली के लिए गया। शाहपुर निवासी व्यक्ति ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की और पुष्पेंद्र के जेब में रखे 60 हजार रुपये छीन लिए। इंचार्ज कोतवाल विनीत कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

### घर में घुसे युवक को किया पुलिस के हवाले

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में रात को घर में घुसे दूसरे समुदाय के युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सैंधरी तेलीपुरा गांव में एक परिवार के लोग रात को सोये हुए थे तभी आहट सुनाई दी। परिवार के लोग जागे तो एक युवक घर में दिखाई दिया। परिवार के लोगों ने शोर मचाया तो गांव के लोग आ गये। युवक को पकड़कर उसकी पिटाई की गई। पता चला कि युवक गांव का ही रहने वाला है । युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# सड़क से उतरकर तालाब में घुसी पिकअप,6 लोग घायल

संवाददाता, संभल/धनारी

**अमृत विचारः** धनारी थाना क्षेत्र में बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई सब्जी से लदी पिकअप सड़क किनारे तालाब में घुस गई। पिकअप में छह लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई में भर्ती कराया।

नगर पंचायत गुन्नौर निवासी छोटे, प्रेमशंकर, ओमप्रकाश, फैजल व आसिफ रविवार को मुहल्ला के ही चालक मुन्ना की पिकअप में सब्जी लादकर संभल मंडी समिति से लेकर आ रहे थे। मुन्ना पिकअप लेकर जैसे ही धनारी थाना क्षेत्र में बबराला बहजोई मार्ग पर गांव भागनगर के पास स्थित पुल के पास पहुंचा। सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में मुन्ना का पिकअप से नियंत्रण हट गया। जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गहरे तालाब में घुस गई और पिकअप का पिछला पहिया निकल गया। जिससे पिकअप में लदी सब्जी तालाब में बिखर गई। वहीं मुन्ना, प्रेमशंकर, छोटे, फैजल, आसिफ और ओमप्रकाश घायल हो गए।



धनारी में सड़क से उतरकर तालाब में गिरी पिकअप। ● अमृत विचार

## मजहब छिपाकर की शादी, अब धर्म परिवर्तन के लिए उत्पीड़न

**संभल, अमृत विचारः** ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के व्यक्ति ने 6 साल पहले धर्म छिपाकर बिहार महिला से शादी कर ली। अब महिला ने पति पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है।

बिहार के जिला समस्तीपुर के गांव केशो पट्टी निवासी रामप्रीत यादव की पुत्री रीता ने ऐंचोड़ा कंबोह थाने में तहरीर दी। कहा कि छह वर्ष पहले दिल्ली में गांव खैरपुर निवासी छोटू से मुलाकात हुई थी। जिसके बाद रीता ने छोटू के साथ शादी कर ली। दंपति पर तीन बच्चे हैं। आरोप है कि गांव खैरपुर आने के बाद छोटू के दूसरे समुदाय के होने की बात पता चली। पति अब धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बना रहा है। थाना प्रभारी रेनू देवी ने बताया कि किसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद है। किसी संगठन के बहकावे में आकर रीता ने यह आरोप लगाया है।

## हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव में कवियों ने किया कविता पाठ

# ...मुझको भी टूट कर जुड़ने का हुनर आता है

- आयोजकों का दावा 170 कवि कर रहे हैं कविता पाठ
- 23 और 24 जून को दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** हिंदी जागृति मंच के तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव में कवियों ने कविता पाठ कर कभी गुदगुदाया तो कभी सोचने पर मजबूर कर दिया। सुबह से रात तक कविता पाठ के बाद आज दूसरे दिन भी कविता पाठ का सिलसिला जारी रहेगा। आयोजक दावा कर रहे हैं कि 170 कवि कविता पाठ के लिए पहुंचे हैं।

संभल के विक्रम पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में अनेक जिलों से पधारे कवि कवयित्रियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के सह-संयोजक अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि सफल साहित्यकार वह है जो समाज सुधार बखूबी कर सकें। आज के युग में केवल साहित्यकार ही सर्वश्रेष्ठ समाज सुधारक हो सकता है। क्योंकि कवि, रचनाकार ही बुराइयों पर कुठाराघात करने की सामर्थ रखता है तो अच्छाइयों को सीखने और पुष्पित पल्लवित करने की क्षमता रखता है।

पहले दिन कविता पाठ करते हुए पीलीभीत के कवि श्याम चरण शर्मा ने सुनाया- मां-बाप की होती है देखो जान बेटियां, इस देश की हैं आज यह पहचान बेटियां। राजीव प्रखर ने अपनी यह रचना सुनाई- बन जाए बंधन ममता का ऐसी मनभावन डोरी हो ,सद्भक्ति सुधारस से पूरित निर्मल निश्चल करजोरी हो।

कवि एल.एस. तोमर ने सुनाया- हमेशा न दुखों की काली रात होगी, चीरकर अंधेरों को सुप्रभात होगी। डॉ. मनीष दुबे ने अपनी यह रचना सुनाई- तुमको दिल तोड़ कर मुड़ने का हुनर आता है, मुझको भी टूट कर जुड़ने का हुनर आता है। इटावा की कवियित्री इच्छा पोरवाल ने सुनाया- प्यार की बात करो इश्क बसा कर दिल में, इक शमां और मोहब्बत की जलकर दिल में।

विभिन्न सत्र में प्रवीण रस्तोगी, कपिल सिंघल, मीनू रस्तोगी, सुभाष चंद्र शर्मा, अजय कुमार शर्मा, मुकेश सिंघल, वैभव गुप्ता, पंकज सांख्यधर, कुलदीप यादव, अमन सिंह आदि ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का संचालन उज्जवल वशिष्ठ, अतुल कुमार शर्मा, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय और विकास कुमार वर्मा ने किया।




राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव में कविता पाठ करते कवि। ● अमृत विचार

# बेटी के लिए रिश्ता देखने जा रहे साले और बहनोई की सड़क हादसे में मौत

## मनोटा चौधरपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में मनोटा चौधरपुर मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार साले बहनोई की मौत हो गई। ओमप्रकाश सैनी बहनोई के साथ अपनी बेटी के लिए रिश्ता देखने जा रहे थे। टक्कर मारने के बाद चालक व उसका साथी कार छोड़कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार कब्जे में लेकर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव खानपुर बंद निवासी राशन डीलर ओमप्रकाश सैनी 50 वर्ष रविवार की सुबह आठ बजे अपनी बेटी की शादी के लिए मुरादाबाद जिले के एक गांव निवासी युवक को देखने जा रहे थे। ओमप्रकाश सैनी बाइक लेकर थाना क्षेत्र में गांव मनोटा पुल पर पहुंचे और यहां खड़े अपने बहनोई ऐंचोड़ा कंबोह की मढैया निवासी शंकर सैनी 52 वर्ष को भी बाइक पर बैठा लिया। ओमप्रकाश सैनी व शंकर सैनी दोनों बाइक पर सवार होकर मनोटा चौधरपुर मार्ग पर गांव असगरीपुर और तलवार के बीच पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शंकर सैनी व ओमप्रकाश सैनी बाइक से उछलकर सड़क किनारे गन्ने के खेत में जाकर गिरे। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल शंकर सैनी व ओमप्रकाश सैनी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। यहां डॉक्टर ने ओमप्रकाश सैनी को मृत घोषित कर दिया। हालत गंभीर होने पर शंकर सैनी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान कुछ ही देर में शंकर सैनी की भी मौत हो गई।



असमोली में दुर्घटनाग्रस्त कार व मौके पर जमा भीड़। ● अमृत विचार



ओमप्रकाश सैनी।



शंकर सैनी।

### साले बहनोई की मौत से दो परिवारों में मातम

**संभल,अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के खानपुर बंद निवासी राशन डीलर ओमप्रकाश सैनी बेटी की शादी को लेकर चिंतित था। वह इस साल बेटी के हाथ पीले करने की तैयारी में कई जगह रिश्ता देख चुका था। रविवार को भी बेटी के लिए रिश्ता देखने निकला था। उसे नहीं पता था कि रास्ते में मौत उसका इंतजार कर रही है। साले बहनोई की मौत से परिवारों में कोहराम मचा है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**संभल, अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र में संभल असमोली मार्ग पर हुई बाइकों की भिड़ंत में साले बहनोई सहित तीन लोग घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर एक घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर सोत की मिलक निवासी अब्बास रविवार को मुरादाबाद जिले के गांव रतिपुर निवासी अपने बहनोई शाहरुख के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से संभल आ रहा था। सामने से बाइक लेकर आ रहा हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव नवाडा निवासी भूप सिंह नखासा थाना क्षेत्र के गांव नाहठेर में स्थित कोल्ड स्टोर में मजदूरी करने जा रहा था। संभल असमोली मार्ग पर गांव नाहठेर के पास अब्बास व भूप सिंह की बाइक आमने सामने एक दूसरे से टकरा गई। जिससे अब्बास, शाहरुख व भूप सिंह घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर शाहरुख को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप



आरोग्य मेले में रोगियों का उपचार करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

### आरोग्य मेले में 2895 मरीजों का निःशुल्क उपचार

**संभल, अमृत विचार :** जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2895 मरीजों का नि :शुल्क उपचार हुआ। वहीं 203 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 41 चिकित्सकों और 107 पैरामेडिकल ने ड्यूटी की। 1151 पुरुषों, 996 महिलाओं और 748 बच्चों का नि :शुल्क उपचार किया गया। 132 लोगों की एंटीजन टेस्ट किट से कोविड की जांच की गई। जिसमें सभी निगेटिव पाए गए। साथ ही, आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 203 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए अलग से काउंटर रहे।आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया। मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरन्नुम रजा और अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा।



असदपुर गंगा घाट पर गंगा की सफाई करते युवक। ● अमृत विचार

### गंगा घाट पर सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के असदपुर गंगा घाट पर श्री साईं गंगा सिद्ध आश्रम दबथरा के तत्वावधान में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें आश्रम के कार्यकर्ताओं ने गंगा घाट पर सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। श्री साईं गंगा सिद्ध आश्रम के कार्यकर्ता रविवार को असदपुर गंगा घाट पर पहुंचे और सफाई अभियान में जुट गए। आश्रम के संरक्षक अनीस मोहम्मद की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने गंगा में से पॉलीथिन, प्लास्टिक एवं अन्य कचरा निकालकर काफी दूर जाकर गड्ढा खोदकर दबा दिया ताकि हवा चलने पर फिर से कचरा गंगा में न पहुंचे। बताते चलें कि असदपुर गंगा घाट पर दशहरा के मौके पर गंदगी फसरी हुई थी। यहां दूरदराज से श्रद्धालु रविवार, पूर्णिमा और अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने आते हैं। गंदगी होने के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी होती है।

### बिजलीघर में फाल्ट से गहराया बिजली संकट

**संभल, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच रविवार को फाल्ट के चलते आधे शहर की बिजली गुल हो गई। संभल बिजली घर के केबल बॉक्स में फाल्ट होने से चार फीडर बंद हो गए जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घंटों बाद बिजली विभाग दोपहर में बिजली आपूर्ति सुचारू करा सका। रविवार को सुबह करीब साढ़े सात बजे संभल बिजली घर की इनकमिंग के केबल बॉक्स में फाल्ट हो गया। जिसके चलते बिजलीघर ब्रेकडाउन हो गया। बिजलीघर से जुड़े एसडीएम कोर्ट, मुरादाबाद रोड, टाउन फोर और टाउन थ्री फीडर की बिजली बाधित हो गई। कुछ घंटे बिजली नहीं आने पर लोगों ने इनवर्टर से काम चलाया लेकिन जब इस विकल्प ने भी साथ छोड़ दिया तो भीषण गर्मी में लोग परेशान होने लगे। विभाग के अधिकारियों से संपर्क साधना शुरू किया। दोपहर करीब डेढ़ बजे फाल्ट दूर होने पर बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि संभल बिजली घर के केबल बॉक्स में फाल्ट हुआ था। जिस वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हुई। दोपहर में बिजली आपूर्ति सुचारू करा दी गई ।



संभल में गर्मी से राहत के लिए पानी में नहाते बच्चे व बड़े। ● अमृत विचार

### दोपहर हुई बूंदाबांदी के बाद भी गर्मी ने दिखाए तेवर

**संभल, अमृत विचार :** रविवार को कुछ मिनटों के लिए हुई बूंदाबांदी ने कुछ राहत दी लेकिन फिर उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। जिसके कारण लोग दिक्कतों से जूझते हुए कामकाज में जुट रहे। शाम को भी चिलचिलाती धूप की वजह से लोग पसीना-पसीना हुए। गर्मी के चलते न तो दिन में सुकून मिल रहा है और न ही रात को चैन की नींद आ रही है। हालांकि दोपहर के वक्त हयातनगर समेत कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई फिर गर्मी के तेवर ढीले नहीं हुए। पारा 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के कारण लोग परेशान दिखे। इस बीच तमाम युवाओं और किशोरों ने स्वीमिंग पूल में नहाकर राहत पाने का प्रयास किया। शीतल पेय पदार्थों का सेवन भी खूब किया गया। आलम यह रहा कि शाम को छह बजे भी तेज धूप से लोग जूझते रहे।



डीएवी स्कूल में प्रमाणपत्र के साथ कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक। ● अमृत विचार

# कार्यशाला में सीखे बेहतर शिक्षण कार्य के गुर

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** यारा फर्टिलाइजर डीएवी पब्लिक स्कूल में शैक्षिक उत्कर्ष हेतु तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएवी क्षेत्रीय शैक्षणिक उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में 21 जून से शुरू तीन दिवसीय 'प्रारंभिक शिक्षा विकास कार्यक्रम' क्षमता संवर्धन कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ।

कार्यशाला में डीएवी स्कूलों के यूपी जोन बी के सात विद्यालयों के 26 शिक्षकों और विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। इसमें डीएवी हरिद्वार, घाटमपुर, प्रयागराज, अमेठी, दिबियापुर और बबराला के विद्यालय शामिल रहे। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षण क्षमता का संवर्धन एवं विकास करना रहा। कार्यशाला में विभिन्न विषयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। विषय प्रशिक्षित कुशल प्रशिक्षक के निर्देशन में विषय की बारीकियों एवं दिन प्रतिदिन होने वाले नवीन शोध पर चर्चा की गई। रविवार को समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने आप को स्वस्थ रखें। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए।

## बबराला में भीषण गर्मी में आठ घंटे बिजली रही गुल

**बबराला, अमृत विचार :** रविवार को जहां भीषण गर्मी से लोग हलकान रहे तो वहीं आठ घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह नौ बजे बिजली अचानक गुल हो गई और शाम साढ़े पांच बजे तक लगातार गायब रही। इसके चलते बबराला नगर के 12 कॉलोनियों की करीब 35 हजार आबादी दिनभर गर्मी से बेहाल रही। लोग बिजली के आने का इंतजार करते रहे। घरों में पानी का संकट भी गहरा गया। वहीं, बिजली सप्लाई बाधित रहने से नागरिकों में विभाग के प्रति रोष देखा गया।

कैल स्थित बिजलीघर में अपग्रेडेशन के चलते रविवार सुबह करीब नौ बजे नगर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अचानक ठप कर दी गई। विभाग की ओर से इसकी पूर्व सूचना नहीं दी गई। ऐसे में लोग बिजली का इंतजार करते रहे। अपग्रेडेशन का काम निपटने के बाद शाम को बिजली आई लेकिन अधिक देर न टिक सकी।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार पिता और पुत्र घायल

संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव चिरवारी निवासी हरकेश बाबू (60वर्ष) रविवार को बेटे वीरेश कुमार के साथ बाइक द्वारा बैरपुर महराजी एवं मिठनपुर लिंक मार्ग से वापस गांव लौट रहे थे। तभी सामने से आए पशुओं की कुट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे हरकेश बाबू और वीरेश कुमार घायल हो गए। एंबुलेंस 108 से दोनों को सीएचसी ले जाया गया। डॉक्टर ने उपचार करके दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि कि चालक हादसे के बाद भाग गया। ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है।

### ई-रिक्शा चालक सहित तीन लोग घायल

**संभल,अमृत विचार :** अमरोहा जिले के गांव तलावड़ा निवासी चालक धीर सिंह रविवार को कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर निवासी पंचम सिंह की पत्नी उर्मिला व रमेश की पत्नी धर्मवती को गवां से ई रिक्शा में बैठाकर संभल गवां मार्ग पर आ रहा था। ई रिक्शा लेकर धीर सिंह जैसे ही गांव मुबारकपुर के नजदीक सड़क पर बने पक्का पुल के पास पहुंचा। सामने से आ रही कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे धीर सिंह, उर्मिला और धर्मवती घायल हो गई। मौके पर इकट्ठा हुई भीड़ ने टक्कर मारकर भागने की कोशिश कर रहे चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कार को कब्जे में ले लिया। घायलों को अस्पताल भिजवा दिया गया।

# बिना मान्यता के संचालित मिला स्कूल तो एक लाख का जुर्माना

- ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** बिना मान्यता संचालित स्कूलों के खिलाफ सख्त एक्शन प्लान तैयार हुआ है। विशेष अभियान के तहत बगैर मान्यता प्राप्त और मान्यता रद्द होने के बाद भी संचालित हो रहे स्कूल कड़ी कार्रवाई की जद में आएंगे। इन पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना भी होगा।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है कि बिना मान्यता के कोई स्कूल स्थापित और संचालित नहीं किया जा सकता है। वहीं 14 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा के लिए परिषदीय प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूल, सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल, मान्यता प्राप्त प्रारंभिक एवं जूनियर हाईस्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में तमाम अमान्य स्कूल धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि बिना मान्यता संचालित विद्यालयों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश मिला है।

इसी क्रम में सघन अभियान चलाया जा रहा है। यदि कोई विद्यालय बिना मान्यता प्राप्त संचालित हो रहा है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।

कहा कि बिना मान्यता प्राप्त किए कोई स्कूल न तो स्थापित किया जा सकता है और न ही संचालित किया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति बिना मान्यता प्राप्त किए कोई स्कूल संचालित करता है, तो उसके विरुद्ध एक लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है और उल्लंघन जारी रहने की दशा में प्रत्येक दिन के हिसाब से दस हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा।

योजना — मुख्यमंत्री बंधन योजना के तहत एक करोड़ 99 लाख की धनराशि स्वीकृत

# सिद्धपीठ मां भगवंतपुर देवी मंदिर का होगा सुंदरीकरण

सुनील कुमार,बहजोई/संभल

- नगर पालिका ने टेंडर जारी कर ठेकेदार को दिया वर्क आर्डर

**अमृत विचारः** ऐतिहासिक सिद्धपीठ मां भगवंतपुर देवी मंदिर की सूरत जल्द ही संवरी नजर आयेगी। मुख्यमंत्री बंधन योजना के तहत मंदिर परिसर का सुंदरीकरण होगा। मंदिर परिसर में एक सत्संग भवन बनाया जाएगा तो वहीं श्रद्धालुओं के लिए देवी मंदिर से लेकर शनि देव मंदिर तक टीनशेड लगाकर कॉरिडोर बनाया जाएगा। पथ प्रकाश की व्यवस्था भी की जाएगी। इस काम के लिए धनराशि आवंटित हो गई है। नगर पालिका ने टेंडर जारी करते हुए ठेकेदार को वर्क ऑर्डर दे दिया है। शीघ्र ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के ऐतिहासिक तीर्थ स्थलों का सुंदरीकरण कराने के लिए तथा उनकी पहचान के अनुरूप कार्य करने को लेकर मुख्यमंत्री बंधन योजना प्रारंभ की थी। जिसके तहत बहजोई के रेलवे रोड स्थित ऐतिहासिक सिद्ध पीठ मां भगवंतपुर देवी मंदिर के सुंदरीकरण का प्रस्ताव नगर पालिका परिषद ने भेजा था। अब इस प्रस्ताव को शासन से हरी झंडी मिल गई है।

शासन ने इस योजना के तहत मंदिर के सुंदरीकरण को लेकर जिला प्रशासन को एक करोड़ 99 लाख रुपए की धनराशि भेज दी। धनराशि मिल गई तो नगर पालिका ने इस प्रोजेक्ट पर काम करना प्रारंभ कर दिया। अब नगर पालिका से मंदिर के सुंदरीकरण कार्य का टेंडर ठेकेदार को हो गया है।



बहजोई का भगवंतपुर देवी मंदिर। ● अमृत विचार

> मुख्यमंत्री बंधन योजना के तहत ऐतिहासिक सिद्ध पीठ मां भगवंतपुर देवी मंदिर शामिल हो गया है। इसके लिए धनराशि शासन से जारी कर दी गई है। नगर पालिका परिषद की ओर से टेंडर जारी हो गया है। ठेकेदार को वर्क आर्डर भी दे दिया गया है। शीघ्र ही इसका कार्य प्रारंभ हो जाएगा। देवी मंदिर पर सत्संग भवन के साथ-साथ टीन शेड का गलियारा भी बनाया जाएगा। जिससे मां के भक्तों को किसी प्रकार की समस्या न आए।
> – राजेश शंकर राजू, चेयरमैन, बहजोई

### बनेगा सत्संग भवन सड़कों का बिछेगा जाल

**बहजोई,अमृत विचार :** योजना के तहत देवी मंदिर पार्क में खाली पड़ी कच्ची जगह पर 45 - 45 फुट का एक हाल बनाया जाएगा। जिसे सत्संग भवन का नाम दिया जाएगा। जहां पर श्रद्धालु बैठकर मां का गुणगान कर सकेंगे । मंदिर के आसपास जो भी कच्ची सड़कें हैं उन्हें इंटरलॉकिंग करके पक्का किया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न आए।

### कॉरिडोर बनेगा, होगी पथ प्रकाश की व्यवस्था

**बहजोई,अमृत विचार :** श्री भगवंतपुर देवी मंदिर से लेकर शनि देव मंदिर तक भक्तों के लिए कॉरिडोर बनाया जाएगा। जिसे टीन शेड से कवर्ड किया जाएगा। ऐसी व्यवस्था मंदिर के चारों तरफ बनाई जा रही है। वहीं मंदिर के सुंदरीकरण के साथ-साथ पथ प्रकाश की ऐसी व्यवस्था की जाएगी की रात्रि में किसी प्रकार की समस्या न हो। पूरा मंदिर परिसर एलईडी लाइट की दूधिया रोशनी से जगमग होगा।

## एक नजर

### हादसे में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत



चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड पर गांव आटा के निकट शनिवार की सुबह 11 बजे साइकिल सवार बच्चों को बचाने के प्रयास में टेंपो पलट गया। हादसे में एक बालक सहित छह लोग घायल हुए थे। जिसमें सुरेश राघव 67 वर्ष निवासी मोहल्ला शक्ति नगर की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को मुरादाबाद स्थित कॉसमॉस हॉस्पिटल ले गए। जहां शनिवार की शाम छह बजे घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### मामूली बात पर किशोर व मां से मारपीट

बनियाठेर, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के गांव भुलाबई निवासी सितारा पत्नी जरीफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह घर में खाना बना रही थी। घर के बाहर कुछ बच्चे कन्चे खेल रहे थे। उसी समय बेटा अरमान घर से बाहर चला गया और एक कंचा उठा लिया। जिससे कुछ लोगों ने उसके बेटे के साथ मारपीट की। शोर सुन कर वह बेटे को बचाने गई तो उसके साथ भी मारपीट की।

### सौतेले भाइयों पर लगाया जमीन हड़पने का आरोप

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव मिलक धुरैटा निवासी नरेंद्र सिंह ने रविवार बताया कि पिता भूप सिंह के पास चालीस बीघा जमीन थी। पिता की मृत्यु हो चुकी है। आरोप है कि नरेंद्र सिंह के सौतेले भाई भगवानदास, मान सिंह और निर्मल दास ने धोखाधड़ी कर नरेंद्र सिंह के हिस्से की जमीन को अपने नाम करा लिया है। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन है। शुक्रवार को चकबंदी सीओ जमीन का मौका मुआयना करने पहुंचे थे। इसी दौरान नरेंद्र सिंह के सौतेले भाई मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो सौतेले भाइयों के बेटे मिलकर नरेंद्र सिंह के साथ मारपीट करने लगे। बचाने पहुंचे परिवार के ही भतीजे अखिलेश को मारपीट कर चोटिल कर दिया।

# शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ प्रदर्शन

## गांव आटा में महिलाओं व पुरुषों ने पुलिस से की कार्रवाई किए जाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: थाना बनियाठेर के बहजोई रोड स्थित गांव आटा में अवैध रुप से शराब की बिकने को लेकर महिलाओं व पुरुषों ने विरोध प्रदर्शन किया। चौकी आटा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर महिलाओं व पुरुषों को अवैध रुप से शराब की बिक्री कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तब कहीं प्रदर्शन कर रहे लोग शांत हुए।

बताया जाता है कि गांव आटा में गली मोहल्लों में स्थित करीब एक दर्जन से अधिक दुकानों पर अवैध रुप से शराब की बिक्री की जा रही है। उक्त लोग अधिक दाम में शराब बेच कर मुनाफा कमा रहे हैं। रविवार को अपराह्न करीब तीन बजे बड़ी तादाद में महिलाओं व पुरुष एकत्र हो गए और शराब की अवैध रुप से बिक्री को लेकर रोष जाहिर करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। पुलिस पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया।



अवैध रुप से बिक रही शराब के खिलाफ प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

"मामला संज्ञान नहीं था। यदि गांव आटा में अवैध रुप से शराब की बिक्री की जा रही है तो जानकारी कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
–मोहित कुमार काजला, थानाध्यक्ष, बनियाठेर"

महिलाओं ने बताया कि गांव में या आसपास कहीं कोई शराब की दुकान नहीं है। गांव के कुछ लोग व दुकानदार शहर से शराब लाकर यहां अधिक दाम में बेच कर मुनाफा कमा रहे हैं। जिससे परिवार में कलह व मारपीट की घटनाओं से गृहिणी परेशान हैं। सूचना पाकर आटा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रदर्शन करने वालों में भगवती, मूर्ति देवी, फूलवती, लक्ष्मी, ज्ञानवती, माया देवी, सावित्री, रामवती, गोमती, मॉइश्चुरी, कटोरी देवी, सुषमा कमलेश, सुषमा, रामेश्वरी, क्रांति, कमलेश, हरमुखी, मुन्नी, पुष्पेंद्र, चंद्रपाल, हरकिशोर, श्याम पाल, सुरेंद्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



"गांव आटा में कुछ दुकानों व घरों में अवैध रुप से शराब की बिक्री की जा रही है। जिससे गांव के साथ ही घरों का माहौल बिगड़ गया है। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए। –फूलवती"



"गांव में अवैध रुप से हो रही शराब की बिक्री पर शीघ्र ही रोक नहीं लगाई गई तो महिलाएं सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगी। पुलिस शीघ्र रोक लगाए। –लक्ष्मी देवी"



"गांव में अवैध रुप से शराब की बिक्री होने से बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। शीघ्र ही इस पर रोक लगाई जानी चाहिए। अन्यथा पुलिस के बड़े अधिकारियों से मिल कर कार्रवाई की मांग की जाएगी। –ज्ञानवती देवी"

### बिजली की ट्रिपिंग से हाल बेहाल, रातों की उड़ी नींद

चन्दौसी, अमृत विचार: भीषण गर्मी में बिजली भी अपना रंग दिखाने से बाज नहीं आ रही है। उपभोक्ताओं को 24 घंटे में 15 से 16 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उस पर भी ट्रिपिंग से हाल बेहाल है।

भीषण गर्मी व उमस से लोग परेशान हैं। 20 दिनों से बिजली भी अपना रंग दिखाने लगी है। दिन हो या रात कभी भी बिजली गुल हो जाती है। जानकारी करने पर पता चलता है कि फाल्ट हो गया या ट्रिपिंग की समस्या आ रही है।

भीषण गर्मी में पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें रात के समय बिजली गुल होने पर लोगों की नींद पूरी नहीं हो रही है। यही हाल दिन में बना रहता है। सुबह के समय बिजली गुल होने पर पेयजलापूर्ति को लेकर परेशानी उत्पन्न हो जाती है। बिजली गुल होने का कारण जब विद्युत अधिकारियों से पूछा जाता है तो जवाब मिलता है तो लोड अधिक होने पर विद्युत लाइन में फाल्ट हो गया या फिर ट्रिपिंग की समस्या है।

## सार-संक्षेप



सीता आश्रम पर भंडारे में प्रसाद वितरित करते लोग। ● अमृत विचार

### अग्रवाल सभा ने किया भंडारे का आयोजन

चन्दौसी, अमृत विचार : अग्रवाल सभा की ओर से रविवार को सीता रोड स्थित बिंदल फार्म पर 43वें भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस भंडारे का आयोजन समाज के सहयोग से विगत 43 सप्ताह से किया जा रहा है। मंत्री प्रदीप अग्रवाल, कृष्ण गोपाल मंगलम, प्रदीप कसरे, सोनी रंग वाले, विपिन चीनी वाले, हैप्पी बाबू तंबाकू वाले, प्रदीप सिंघानिया, विनय कुमार मोनू, मुनीश, अनिल सुपर, अनिल गोयल, मोंटू सर्राफ, पंकज सर्राफ, गौरव आदि का सहयोग रहा।



चन्दौसी में सभा को संबोधित करते यादव महासभा के जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### यादव समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने पर चर्चा

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय यादव महासभा जनपद संभल की बैठक प्रेम नगर शिव मंदिर परिसर में हुई। जिसमें मुख्य रूप से समाज में व्याप्त मृत्यु भोज, दहेज प्रथा, मद्य निषेध, अशिक्षा आदि कुरीतियां को दूर करने को लेकर चर्चा की गई। हर साल की तरह भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव एडवोकेट कहा कि इस बार भी कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई। उसके लिए स्थान एवं अन्य तैयारियां पर चर्चा की गई। जन्माष्टमी महोत्सव पर समाज के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बच्चों को शिक्षित बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में राजवीर सिंह यादव, सतीश यादव, चरण सिंह यादव, पीएस यादव, त्रिमोहन सिंह यादव, सर्वेंद्र सिंह यादव, मुनेश यादव, मास्टर रामगोपाल यादव, सत्येंद्र सिंह यादव, संजय यादव, मेघराज सिंह यादव, नवाब सिंह यादव, संजय यादव, विक्रम यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री बृजेश कुमार यादव एडवोकेट ने किया।

## बारिश के मौसम ने दी दस्तक दुरुस्त नहीं हुए वाटर कूलर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: भले ही बारिश के मौसम ने दस्तक दे दी हो लेकिन भीषण गर्मी में शहर में लगे वाटरकूलरों को दुरुस्त नहीं कराया जा सका। जिससे राहगीरों को गर्मी से राहत पाने के लिए शीतल जल नहीं मिल सका। जबकि शहर में नगर पालिका की देखरेख में 125 वाटरकूलर लगे हैं। जिसमें अधिकांश वाटरकूलर खराब है।

कई वर्ष पहले नगर पालिका की ओर से शहर में अनेक स्थानों पर 125 वाटरकूलर लगाए गए थे ताकि गर्मी के मौसम में राहगीरों व दुकानदारों को ठंडा पानी मिल सके। कुछ वर्ष तक सब कुछ ठीक रहा। इसके बाद वाटरकूलर खराब होने लगे। मगर उनकी मरम्मत व दोबारा ठीक कराने का प्रयास नहीं किया गया। अब आलम यह है कि अधिकांश वाटरकूलर खराब पड़े हैं या उनका अस्तित्व ही खत्म हो चुका है। इससे वाटरकूलरों को लगाने का उद्देश्य ही खत्म होता नजर आने लगा। कुछ सभासदों ने वाटरकूलर सही कराने के लिए नगर पालिका में ज्ञापन भी दिए थे। मगर स्थिति जस की तस रही।



गणेश कालोनी ग्रीन पार्क पर लगा खराब वाटर कूलर। ● अमृत विचार

"शहर में लगे कुछ वाटरकूलरों को दुरुस्त कराया जा चुका है। कुछ को सही कराने का प्रयास किया जा रहा है। सभी वाटरकूलरों को दुरुस्त करा दिया जाएगा।
–नीतू रानी, एसडीएम/ईओ, नगर पालिका"

### लोहे का पिलर खड़ा कर रहा राजमिस्त्री करंट से झुलसा

चन्दौसी, अमृत विचार: आजाद रोड पर रोडवेज बस स्टैंड के निकट निर्माणाधीन भवन का लोहे का पिलर खड़ा करने के दौरान राजमिस्त्री करंट से बुरी तरह झुलस गया।

रोडवेज बस स्टैंड के पास एक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जहां पर राजमिस्त्री जुबेद पुत्र इश्तयार निवासी लक्ष्मण गंज अपने पुत्र जुनेद के साथ कार्य कर रहे हैं। रविवार की सुबह 11 बजे राजमिस्त्री जुवेद निर्माणाधीन भवन पर लोहे का पिलर खड़ा कर रहा था। तभी पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से पिलर छू गया और राजमिस्त्री करंट की चपेट में आ गया। इस बीच पास ही कार्य कर रहे लोगों ने देखा तो राजमिस्त्री को बचाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलने पर भवन स्वामी भी पहुंच गए और आनन-फानन में राजमिस्त्री को पास ही स्थिति निजी हॉस्पिटल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजमिस्त्री की हालत में सुधार होने पर लोगों ने राहत महसूस की।



स्वरांजलि नृत्य कला केंद्र में कथक करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## स्वरांजलि में हुई कत्थक परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: नगर के ग्राम स्वरांजलि नृत्य कला केंद्र में रविवार को कथक नृत्य की वार्षिक परीक्षा हुई। होली मोहल्ला स्थित इस परीक्षा केंद्र पर प्रयाग संगीत समिति प्रयागराज से संबद्ध संगीत शिक्षा केंद्र संचालित होता है। पूर्ण ग्राम मेरठ से आई परीक्षक शक्ति ने छात्राओं की प्रवेशिका से लेकर प्रभाकर तक की कथक परीक्षा ली। उन्होंने छात्रों से सवाल किया और जवाब भी हासिल किए। इस अवसर पर संगीत शिक्षा केंद्र की व्यवस्थापक सुधा श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं। केंद्र की संचालक रचना गोयल ने बताया कि कई वर्षों से कत्थक नृत्य कला केंद्र चन्दौसी व आसपास के नगरों में अपने कला कौशल के माध्यम से कथक नृत्य का प्रचार प्रसार कर रहा है। परीक्षाएं प्रतिवर्ष प्रयाग संगीत समिति से संबद्ध संगीत शिक्षा केंद्र में आयोजित की जाती हैं। परीक्षा के दौरान हारमोनियम पर संजय हैप्पी, ढोलक पर इरफान ने संगत दी।



रघुनाथ मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### सजा लो घर को गुलशन सा अवध में राम ...

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से रविवार की शाम सुभाष रोड स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान साहू शान्तनु कुमार रहे। जिन्होंने मंदिर परिसर का जीर्णाधार करा कर मंदिर को भव्य रुप दिया है। सर्वप्रथम पं. दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। तदोपरांत केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का मनोहारी वाचन किया। तत्पश्चात अजय सक्सेना व सौरभ मिश्रा ने सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का लयवद्ध वाचन किया। इसके बाद भजन हुए। केजी शर्मा ने सजा लो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं। उमा श्रीवास्तव ने मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे। सुधा शर्मा ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, मीनाक्षी पाण्डेय ने राम को देख कर श्री जनम नन्दिनी बाग में खड़ी की खड़ी रह गयीं आदि भजन सुन कर माहौल भक्ति मय कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी, राघवेंद्र मोहन मिश्रा, मुकुल शर्मा, लोकेश अग्रवाल, मनोज खट्टर, जेएन मिश्रा, रविशंकर शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, प्रमोद अग्रवाल, सीमा चटर्जी, सर्वेश गुप्ता, सुनील गुप्ता समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

# बलिदान दिवस पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद, देश भक्त, जनसंघ के संस्थापक व क्रांतिकारी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित मुखर्जी चौक पहुंच कर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि मुखर्जी को प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु ने उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनाया, लेकिन कुछ समय बाद ही उन्होंने मंत्री मंडल से इस्तीफा दे दिया। 21 अक्तूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना की। मुखर्जी ने देश के विभाजन का पुरजोर तरीके से विरोध किया।

मुखर्जी ने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं जम्मू कश्मीर को भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा। शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने हिरासत में ले लिया। जिससे रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। अध्यक्षता हेमन्त गुप्ता ने की एवं संचालन बृजेंद्र प्रसाद तिवारी ने किया।

सच्चिदानन्द शर्मा, एनके शर्मा, वेदराम मौर्य, सुखदासी लाल, डॉ. जितेन्द्र वर्मा, संजीव गुप्ता, त्रिलोकी नाथ शर्मा, अजय शर्मा, दीपेंद्र नाथ गुप्ता, रेखा शर्मा, अतेन्द्र सिंह चौहान, जसवीर सिंह, योगेश रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



श्याम प्रसाद मुखर्जी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते समिति के लोग। ● अमृत विचार



डॉ. मुखर्जी प्रतिमा पर माल्यार्पण करता भाजपा कार्यकर्ता। साथ में राज्यमंत्री गुलाब देवी व अन्य।

### भाजपाइयों ने किया मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

चन्दौसी, अमृत विचार : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चन्दौसी ने स्टेशन रोड स्थित मुखर्जी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने मुखर्जी के बलिदान को याद किया व उपस्थित कार्यकर्ताओं को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन परिचय से परिचित कराया। जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, देवेंद्र गुप्ता मोनू, राजकुमार यादव, आकाश आहूजा, अमन कोरी, चंद्रसेन दिवाकर, शीला सागर, दारा सिंह, प्रेमपाल सिंह, शरद शर्मा, रोहित दिवाकर, गौरव गोयल, संजय बंसल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चिंतन शिविर में एमएसपी गारंटी को लेकर हुई चर्चा

संभल, अमृत विचार :हरिद्वार में शुरू हुए राष्ट्रीय चिंतन शिविर में संभल जिले से भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। पहले दिन एमएसपी गारंटी बनाने को लेकर चर्चा की गई।

हरिद्वार में स्थित लाल कोठी परिसर में राष्ट्रीय चिंतन शिविर शुरू हुआ है। जिसमें भाकियू असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह, जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश चौधरी संजीव गांधी, दीपक शर्मा, कामेश त्यागी समेत करीब 250 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश चौधरी संजीव गांधी ने बताया कि चिंतन शिविर में पहले दिन संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा हुई। कहा कि संगठन मजबूत होगा तो किसानों की लड़ाई जोरशोर से उठाई जा सकेगी। वहीं एमएसपी गारंटी कानून बनवाने को लेकर भी चिंतन शिविर में चर्चा की गई।



महादलित परिषद के कार्यक्रम में सम्मानित मेधावी। ● अमृत विचार

### मेधावियों को किया गया सम्मानित

चन्दौसी, अमृत विचार : महादलित परिसंघ की ओर से करेली रोड स्थित जयश्री गार्डन में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके बाद वाल्मीकि समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान राजू अंजान, मदन पाल, पवन रावत आदि मौजूद रहे।



विश्व ओलंपिक दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल युवा व पदाधिकारी।

## 1600 मीटर रेस में अभिषेक व नंदिनी प्रथम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: भारत का विकास परिषद की ओर से ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में एसएम डिग्री कॉलेज के मैदान पर रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद आदि खेलों का आयोजन किया गया। 1600 मीटर बालक वर्ग रेस में अभिषेक ने प्रथम, रोहताश ने द्वितीय व कृष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1600 मीटर बालिका वर्ग में नंदिनी, अदिति व काजल, लंबी कूद बालक वर्ग में विष्णु, लक्ष्य व दिवाकर तथा लंबी कूद बालिका वर्ग में काजल, शिवानी व पूजा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने खेल आरंभ किए। विशिष्ट अतिथि पंकज शर्मा पूर्व चेयरमैन, मुख्य कोच सत्येंद्र यादव, सहायक कोच नेम सिंह, सतेन्द्र सिंह, फहीम रहे। कार्यक्रम संयोजक विक्रम सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों में खेलों की भावना का विकास करने हेतु किया गया है। ताकि बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़े और भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलंपिक में अधिक से अधिक स्वर्ण पदक की प्राप्ति हो। अध्यक्षता शिवनंदन शर्मा ने की। सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीसी गुप्ता, अभिषेक कुमार गुप्ता, आशा गोस्वामी आदि रहे।

● लंबी कूद में विष्णु व काजल ने बाजी मारी

खेलकूद

विश्व ओलंपिक दिवस पर अंतर्जनपदीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप आयोजित

## आयरन मैन का खिताब गुन्नौर के काशी को दिया गया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: रविवार को विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला ओलंपिक संघ व जिला आर्म रेसलिंग संघ ने संयुक्त रुप से अंतर्जनपदीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया।

गोशाला रोड स्थित अनुष्क सेलिब्रेशन हॉल में आयोजित चैंपियनशिप का आरंभ मुख्य अतिथि कृषांग फार्मा के डायरेक्टर और चीफ फार्मेसिस्ट संभल ग्रीश शर्मा ने फीता काट कर किया। जिला ओलंपिक व आर्म रेसलिंग सचिव आशु शर्मा ने बताया कि इस चैंपियनशिप में संभल, बरेली, मुरादाबाद और बदायूं जनपद से करीब 100 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चैंपियनशिप में 45 किलो भार वर्ग में सौरभ कुमार ने गोल्ड, जुबेर खान ने सिल्वर व दक्ष ने ब्रोंज मैडल जीता। 50 किलो भार वर्ग में शेखर, शाहजहां व शिवम तथा 55 किलो भार वर्ग में अमन कुमार, आमिर व वंश, 60 किलो भार वर्ग में हिमायूं, देवेश व दीपक, 65 किलो भार वर्ग में काशी, अभिषेक मौर्य व विनीत कुमार, 70 किलो भार वर्ग में टिंकू, कृष्णा वार्ष्णेय व अभिनव, 80 किलो भार वर्ग में लव चौधरी, प्रशांत सिंह व शिवम, प्लस 80 किलो भार वर्ग में आर्यन नायक, अभिषेक व खेमचंद ने क्रमशः गोल्ड, सिल्वर व ब्रोंज मैडल जीत कर प्रतिभा का लोहा मनवाया। निर्णायक मंडल में नेशनल खिलाड़ी एलिस प्रताप सिंह, आशीष कुमार व अनिकेश रहे। प्रतियोगिता में राइट हैंड वर्ग में आयरन मैन का खिताब गुन्नौर के काशी को मिला तथा चैंपियन ऑफ चैंपियन चन्दौसी के टिंकू बने। इसके अतिरिक्त लेफ्ट हैंड से चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब चन्दौसी के किशन ने जीता। विजेता खिलाड़ियों को भारत विकास परिषद की सचिव दुर्गा टंडन और मुख्य अतिथि जितेंद्र चौधरी व गिरीश शर्मा ने मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता अभिषेक गुप्ता ने की। इस मौके पर विनय राठौर, ठाकुर दास, अंकित शर्मा, घमंडी यादव, हर्ष राणा, पवन, दिव्यांश चौधरी आदि का सहयोग रहा।



प्रतियोगिता में विजेता बच्चे व जिला ओलंपिक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● चैंपियन ऑफ चैंपियन बने चन्दौसी के टिंकू

### भगवान तो सिर्फ भाव के भूखे होते हैं : कथा वाचक

चन्दौसी, अमृत विचार : श्री बारह सैनी सेवा सदन रामबाग धाम में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कथा के दूसरे दिन कथा वाचक नंद नंदन ठाकुर ने दुर्योधन के छप्पन भोग छोड़कर भगवान कृष्ण का विदुर के घर जाकर भोजन करने की कथा का वर्णन किया। कहा कि भगवान भाव के भूखे होते हैं। उन्हें जहां प्रेम मिलता है, वहीं के होकर रह जाते हैं। इसलिए हमें कभी भी अपनी संपत्ति का घमंड नहीं करना चाहिए। भगवान के सामने सभी एक समान हैं। जो लगन से भगवान की आराधना करता है, भगवान उसकी सारी मनोकामना पूरी करते हैं। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

JHAMMAN LAL P.G. COLLEGE
Hasanpur (Amroha) 244241
Urgent Require ment
For the post of Principal, B.Ed. (HOD) & Teaching
❍ Principal
❍ B.Ed. (HOD), B.Ed.
❍ B.B.A. ❍ B.A./M.A.
❍ Drawing ❍ History
❍ Education ❍ Hindi
❍ Zoology (Two post in each)
Qualification: NET or Ph.D
Apply with resumes, certificate & photographs, Salary-according to ability and experience.
9837791663, 9027080232
jhammanlalpgcollege@gmail.com
Apply within 21 days from advertisement date

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए ।

## संपादकीय

# नक्सलवाद की समस्या

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद एक बड़ी समस्या है। राज्य में नक्सलवादियों की सक्रियता सरकार के नक्सल-विरोधी अभियान से संबंधित नीतियों पर प्रश्नचिह्न है। सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को आईईडी से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई के दो जवान शहीद हो गए। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया। साफ है,नक्सली घात लगाकर आधुनिकतम घातक हथियारों से हमला बोलने में सक्षम व समर्थ हैं। साथ ही नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों ने अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। संगठन के बड़े कैडरों ने अपने लड़ाकों को नकली नोट छापने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया है। पुलिस ने रविवार को तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाने की मशीन, नकली नोटों के सैंपल, विस्फोटक और हथियार बरामद किए। तीन दशकों से अधिक समय से इस समस्या से जूझ रहे राज्य में पहली बार नक्सलियों के नकली नोट बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों के दबाव में और धन की कमी के कारण, नक्सली क्षेत्र के आंतरिक इलाकों के साप्ताहिक बाजारों में विभिन्न वस्तुओं की खरीद के लिए नकली नोटों का उपयोग करने और स्थानीय आदिवासी विक्रेताओं को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। आश्चर्य है कि बस्तर में नक्सलियों द्वारा जाली नोट छापे जाने को लेकर एनआईए को भनक तक नहीं है। नक्सली इस कदम से भारतीय अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की भी कोशिश कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्र-राज्य की संवैधानिक व्यवस्था को यह गंभीर चुनौती है। जाहिर है, इनसे न केवल सख्ती से निपटने की जरूरत है, बल्कि खुफिया एजेंसियों को भी सतर्क करने की जरूरत है। क्योंकि राज्य सरकार की जासूसी संस्थाएं असफल रही हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समस्या वर्ष 2000 के आसपास सामने आई। यहां स्थिति गंभीर व चुनौतीपूर्ण थी। हालांकि खबरें तो यहां तक हैं कि पाकिस्तान और चीन माओवाद को बढ़ावा देने की दृष्टि से हथियार पंहुचाने की पूरी एक श्रृंखला बनाए हुए हैं। नक्सली समस्या को लेकर ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहले के मुकाबले कमी आई है। शुक्रवार को सुकमा में चार नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इसके बावजूद अपने वर्तमान रूप में नक्सल आंदोलन ने अपनी प्रकृति और उद्देश्य दोनों में बदलाव किया है। इसलिए इन्हें नेस्तनाबूद करने की जिम्मेदारी अब सेना व सुरक्षा बलों को संयुक्त रूप से सौंप देनी चाहिए।

# बढ़ते तापमान का कारण और स्थायी समाधान



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिन: का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके।

विकास के नाम पर कृत्रिम धन को संचित करने के लिए , जो मानव जीवन के लिए जरूरी वास्तविक धन है, उसको लूटने की होड़ मची हुई है। हम सहअस्तित्व के सिद्धांत को नकार कर जिस तरह से प्रकृति के संसाधनों को निचोड़ रहे है, इसके कारण ही आज धरती हीट वेव जैसी समस्याओं का सामना कर रही है। अब तो तापमान बढ़ने की बात सिर्फ दिन के समय की नहीं रही, बल्कि अब रातें भी गर्म होने लगी है, भूमिगत जल का तापमान भी बढ़ने लगा है। इससे स्पष्ट है कि हमने पृथ्वी पर जीवन को संकटमय बना दिया है। आज अधिकांश शहरों का तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 6.4 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो चुका है। इतना तापमान भारत में हीट वेव की रेड कैटगरी के अंतर्गत आता है। जो कि मानव के स्वास्थ्य के हिसाब से बहुत अधिक है या नुकसानदायक है। इतना ही नहीं इससे भविष्य में गर्मी के कारण होने वाली मृत्यु में छह गुना इजाफा हो सकता है। अगर तापमान बढ़ने के कारणों पर ध्यान दिया जाए तो वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रीन हाउस गैसों ( कार्बन डाई ऑक्साइड, मीथेन आदि ) के अलावा इन निम्न पहलुओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

शहरीकरण के चलते हीट इंडेक्स जैसे कारणों को अनदेखा किया जाना, भूमिगत जल, पेट्रोलियम पदार्थों व कोयला आदि का मनमाना दोहन, नदियों, तालाबों, कुंओं, बावड़ियों में जल स्तर घाट जाना यानी पृथ्वी की सतह पर पानी का कम हो जाना, घरों में एसी के उपयोग होने के कारण स्थानीय तापमान में वृद्धि होना, जंगल कटान के कारण पशु पक्षियों का कम होना, पृथ्वी की चुंबकीय क्षमता में कमी होना एवं पृथ्वी की अंदर की सतह के घूर्णन की गति कम होना व सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी का घटना बढ़ना इत्यादि । भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज़ किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है। इसमें सबसे पहला तो यही काम है जो कॉप -28 में निर्णय जीवाश्म ईंधन के उपयोग को लेकर लिए गए उनका पालन व क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो तभी हम इस परेशानी को एक अवसर के रूप में बदल सकते है। स्पष्ट है कि हमको धरती की स्थानीय वहन क्षमता के अनुसार खनिजों का खनन करना होगा। इससे कम समय में काफी सार्थक और उपयोगी परिणाम प्राप्त हो पाएंगे। दूसरा दुनिया में 'सहअस्तित्व के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए पूरे विश्व में एक सामान पर्यावरणीय कानून और नियम लागू किए जाएं। इसके अलावा भारत में पर्यावरणीय सूचकांक की स्थिति को देखते हुए देश में प्राकृतिक वसीयत के लिए एक अध्यादेश लागू हो। तभी हम खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है।

इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके। बढ़ती हुई आर्थिक, सामाजिक असमानता को संतुलित रखने के लिए एक आयोग की स्थापना हो जिसमे सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जाए एवं अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत वसुधैव कुटुंबकम का सिद्धांत पूरी दुनिया में लागू हो। इसके लिए हमको कुछ बदलाव अपने में करने होंगे तभी हम इन प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति पा सकेंगे। इसीलिए पैसे के मूल्य और चक्र को देखते हुए, विश्व में वस्तु विनिमय प्रणाली को प्रोत्सासहित किया जाए। सर्कुलर इकोनॉमी का सबसे बड़ा फायदा ये है, कि ये स्थानीय स्तर पर काम और कुशल कारीगर तैयार करेगी । यानि भारत सरकार को चाहिए कि जो कौशल विकास के नाम पर जो केंद्र चलाए जा रहे है वो स्थानीय संसाधनों के आधार पर चलाए। जिससे कि प्रशिक्षित लड़के - लड़कियों को स्थानीय स्तर पर काम मिल सके। इससे परोक्ष व अपरोक्ष रोजगार मिलने के साथ साथ उस क्षेत्र की जैव विविधता भी समृद्ध बनी रहेगी एवं पलायन, शहरीकरण, पर्यावरण, झुग्गी झोपड़ी का विस्तार, भी नहीं होगा व कुटीर उद्योग बढ़ने के साथ सामाजिक समरसता बनी रहेगी । इस तरह के प्रयास से किसानों को भी लाभ मिल सकेगा। तभी हम भारत के संविधान व पर्यावरणीय कानूनों के अनुसार एक मजबूत इको साइड कानून की व्यवस्था कर सकेंगे। इसके लिए हमको कुछ नियम बैंको या ऋण देने वाली राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में मजबूत और प्रकृति के नियमों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं व परियोजनाओं को ऋण उपलब्ध हो। इसके लिए प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए सर्वोच्च कार्य का दर्जा प्राप्त हो। इसके बाद अंत में बात जीवन शैली की आती है। इसमें हमको ऋतु के अनुसार अपने खान पान और पहनावे पर भी ध्यान देना होगा ताकि मानव शरीर का इम्म्यून पावर भी ताप को सहन करने योग्य हो सके।

उपरोक्त उपायों के साथ साथ हमको स्थायी समाधान तलाशना होगा। क्योंकि वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम कर देना जलवायु परिवर्तन या रूपांतरण का स्थायी हल नहीं है। न ही इसका स्थायी समाधान देश और दुनिया की किसी सरकार व टेक्नोलॉजी के पास है। इसका स्थायी समाधान सिर्फ दुनिया के किसानों के पास है। क्योंकि किसान ही है जिसका सीधा संबंध मिटटी से होने के कारण, जैव विविधता, जल, पशु-पक्षी आदि से भी होता है। किसान ही है जो जल की नदियों का पुनः धरती से आकाश यानि जल का लंबवत बहाव सुनिश्चित कर सकता है। जिस दिन ये लंबवत जल का प्रवाह फिर से सही मात्रा में होने लगेगा, हम प्रकृति को व्यवस्थित कर संतुलन में ला सकेंगे । यानि बारिश, ताप, दाब, आर्द्रता आदि मानकों को सही अनुपात में ला सकेंगे। कुल मिलाकर हम प्रकृति के चक्रण को व्यवस्थित कर लेंगे । ये जो एकल कहानी ग्रीन हाउस गैसों के बारे में जलवायु परिवर्तन को लेकर बताई जा रही है, ये दुनिया को अव्यवस्थित कर देने लिए काफी है। अगर हम जलवायु परिवर्तन को सुधारने के चक्कर में सिर्फ इन गैसों को कम करने के प्रयास करते रहे तो निश्चित मान कर चलो कि ये प्रक्रिया दुनिया के लिए विनाशकारी सिद्ध होगी। धरती पर दो तरह की नदियों का प्रवाह होता है एक क्षितिज के समानान्तर दिशा में दूसरा क्षितिज के लंबवत दिशा में। हमने पेड़ पौधे व मिटटी में कार्बन की मात्रा कम करके इस लंबवत प्रवाह को प्रभावित किया है जिसके कारण ये तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अगर प्रकृति की दृष्टि से सोचें तब शायद हमको अच्छे परिणाम विज्ञान के माध्यम से मिल सकेंगे।

## प्रसंगवश

# स्मार्ट वर्क के युग में हार्ड वर्क की उपादेयता



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

डिजिटल उपकरणों से लैस आधुनिकीकरण, शहरीकरण और पाश्चात्यकरण के इस दौर में स्मार्ट वर्क की संकल्पना का जोर है। अब यह संकल्पना केवल भौतिक जीवन शैली को समृद्ध करने तक सीमित नहीं रह गई है, वरन यह मानवीय संबंधों, व्यवहार तथा भावनाओं पर भी बड़ी तेजी से पकड़ बनाती जा रही है। दूसरे शब्दों में मानवीय मनोविज्ञान तथा व्यवहार को भी बहुत गहरे तक प्रभावित कर रही है। मनुष्य स्वचालित यंत्र की भांति व्यवहार कर रहा है, अपने स्वार्थ व महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने हेतु मशीनों की भांति व्यवहार करने लगा है।

एक और विवेक प्रधान, भावना प्रधान मनुष्यों में मशीनी प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही है दूसरी ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आधार पर ह्यूमनॉइड रोबोट तैयार किया जा रहे हैं, जिससे जीवन शैली में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सके। कदाचित मानव की जीवन को आसान बनाने की प्रवृत्ति उसमें कठोर श्रम के प्रति अलगाव उत्पन्न कर रही है। वह केवल मस्तिष्क की गणनाओं व बुद्धिमत्ता का प्रयोग कर जीवन को संचालित करना चाहता है।

केवल मस्तिष्क के अनुसार जीवन को संचालित करने की प्रवृत्ति वास्तविक संबंधों में भी प्रवेश करती जा रही है। यही कारण है आज चौतरफा हिंसा, तनाव, अलगाव विद्वेष आदि की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। भौगोलिक दूरिया जितनी तेजी से घट रही है, मानसिक दूरियां बढ़ती जा रही हैं । सुख सुविधाओं के पालने में पलने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी अवसाद ग्रस्त हैं। प्रश्न यह है कि क्या कोरा स्मार्ट वर्क हार्ड वर्क का स्थान ले सकता है ? बेशक डिजिटल क्रांति के विस्तार और विकास के साथ जीवन सरल होता चला जाएगा लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त मशीनें कभी भी मानवीय भावनाओं, प्रेम , करुणा , दया और मौलिक सृजन का स्थान नहीं ले सकते।

उदाहरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक से निर्मित भगवान राम का चित्र ही लीजिए । यह चित्र भावनाओं के स्तर पर अधूरा सा लगता है क्योंकि इसमें कलाकार का समर्पण, भक्ति और भावना नहीं है जो उसके स्पर्श से चित्र में नैसर्गिक सौंदर्य एवं उत्कृष्टता लाती है , जिससे चित्र अतीत के परिपेक्ष्य में जीवंत हो उठते है। जिस प्रकार चैटजीपीटी माध्यमों से विभिन्न क्षेत्रो मे लेखन और काव्य सृजन की बात प्रचारित की जा रही है, उसमें भी भावनाओं और मौलिकता का अभाव होगा जिससे तमाम शब्दों से अलंकृत और व्याकरण की सटीकता के बावजूद अधूरापन रहेगा। व्यक्ति द्वारा हृदय की कोमल भावनाओं की गहराइयों में डूबकर और मस्तिष्क की पूर्ण स्मृतियों और वर्तमान परिदृश्य के आधार पर जो दृश्य खिंचा जाता है वह अनुपम , अतुल्यनीय होता है , मशीनों से ऐसी उम्मीद बेमानी है ।

उदाहरण के लिए हस्तशिल्प को ही लीजिए। आज मशीनों से निर्मित तमाम प्रकार के परिधान बाजार में सस्ती कीमतों में उपलब्ध है , लेकिन क्या यह हाथ की कारीगरी की खूबसूरती व कला सौंदर्य को उकेर सकते हैं । यही कारण है संभ्रांत वर्ग में आज भी इसकी उच्च स्तरीय मांग बनी हुई है।

डिजिटल क्रांति से पेपरलेस का दावा किया गया लेकिन किताबों का विकल्प ई-बुक नहीं हो सकता। जो आनंद पुस्तकों के शब्द सागर में डूबने में है , वह ई-बुक्स में कहां? यह तो पाठक ही भली भांति जानता है । अतः डिजिटल क्रांति समय और श्रम को बचाने का कार्य तीव्रता और सटीकता से करने के मामले में मानवीय श्रम से कहीं बेहतर है, लेकिन भावनात्मक , मौलिक सृजन मानवीय श्रम का स्थान कभी नहीं ले सकती।

इसलिए आवश्यक है मनुष्य मशीनों पर पूर्ण रूप से निर्भर न रहकर अपनी भावनाओं को नव आयाम दे, मौलिकता को बनाए रखते हुए उत्पादकता बढ़ायी जाए। यही मानव जीवन की उपादेयता और सुंदरता है, प्रकृति के साथ समरसता का प्रतीक है । प्रकृति के अंश को प्रकृति के अनुरूप ही व्यवहार करना चाहिए जो मानवीय प्रकृति व संस्कृति को सही दिशा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है।

# बाजार बनी दुनिया में क्या है जिसकी बोली न लगे



डॉ . हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना ( बिहार )

उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें?

प्रतियोगिता परीक्षाओं के क्वेश्चन आउट होकर बिकना हमारे बाजार का हिस्सा बन चुका है। वही बाजार, जिसे हम अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की भाषा में ' बाजारवादी व्यवस्था का सिरमौर' कहते हैं। बाजार खरीदार बनाता है और खरीदार भी अक्सर नए बाजार को खड़ा करते हैं।

फिल्मों में देखते हैं कि जिलों में हाकिमों की पोस्टिंग बिकती है, अखबारों में पढ़ते हैं कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों, कुलसचिवों के पद बिकने के आरोप लग रहे हैं, टीवी में देखते हैं कि एमपी और एमएलए कभी खुदरा तो कभी थोक के भाव में बिक जाया करते हैं, सुनते आए हैं कि मालदार थानों में दारोगा जी की पोस्टिंग की बोलियां लगती हैं, मनचाहा शहर और कॉलेज में पोस्टिंग पाने के लिए प्रोफेसर साहेबानों को अक्सर मोटा माल डाउन करना पड़ता है तो फिर परीक्षाओं के पहले उसके क्वेश्चन पेपर्स क्यों न बिकें?

जब दुनिया बाजार बनने लगती है तो ऐसा क्या है जिसकी बोलियां न लगें? बाजार की अपनी कोई नैतिकता नहीं होती। उसे नियमों और कानूनों से नियंत्रित किया जाता है। लेकिन, जब रेगुलेटर्स ही बिकने के लिए तैयार हों तो नियम और कानून गया भाड़ में। उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें? बचपन से बाप के वैध-अवैध पैसों के बल पर फर्राटे से एसयूवी उड़ाते दोस्तों के साथ पिज्जा खाने जाने की आदत है। तो, उसे भी कमाई वाली नौकरी चाहिए। हर पैसे वाले का बेटा मेधावी ही हो जरूरी नहीं। चाहे जितना कोटा में कोचिंग करवा लो, नीट या जेईई कठिन एक्जाम हैं, नेट में अच्छा स्कोर लाना कठिन है। सीटें सीमित हैं, अभ्यर्थी अपरम्पार हैं। लेकिन पैसा भी एक चीज है जो बहुत कुछ खरीद सकता है। किसी भी कीमत पर अपनी संतान के लिए करियर खरीद लेने की उत्कंठा पाले लोगों का एक अलग, नव धनाढ्य वर्ग डेवलप हुआ है। वैसे भी, इस देश में अब रीति नीति भी यही बनती जा रही है कि अच्छे संस्थानों में और अच्छे कोर्सों में पैसे वालों के ही बेटे पढ़ सकें।

अब, शॉर्ट कट का तकाजा है कि क्वेश्चन पेपर ही आउट करवा लिया जाए। आवश्यकता आविष्कार की जननी है। लो जी, इसका भी मार्केट तैयार हो गया। एक से एक टैलेंटेड लोग लग गए क्वेश्चन आउट कर बेचने के धंधे में। पता नहीं, ये हुनर सीखी कहां से। कोई प्रिंटिंग प्रेस से ही क्वेश्चन उड़ा ले रहा है कोई रास्ते में हथौड़ा मार कर सील तोड़ ले रहा है। लाखों, करोड़ों के वारे न्यारे हो रहे हैं, जोड़ कर देखो तो अरबों का बाजार है यह। दुनिया जब बाजार बन जाती है तो हर शै का अपना बाजार सजता है। क्वेश्चन पेपर्स का भी अपना मार्केट है। सिपाही बहाली के सवालों का इतना रेट, दारोगा बहाली का इतना, मास्टर बहाली का ये रेट, इंजीनियर डॉक्टर का रेट इतना। फिर, रेट इस पर भी निर्भर करता है कि कहीं किसी सेफ जगह में किसी रिसार्ट में या होटल में मटन चिकन पनीर की प्लेटें सामने सजवा कर एक एक क्वेश्चन का आंसर भी रटवा दिया जाएं। फिर, एयरकंडीशंड गाड़ियों में अहले सुबह एक्जाम सेंटर तक पहुंचा देने का जिम्मा भी। बोले तो कंप्लीट पैकेज।

आजकल बाजार में कंप्लीट पैकेज का जमाना है। तो, पैसे वालों को अधिक आराम है। पैसा ही तो लगना है। वह तो देश को लूट कर, सरकार को लूट कर, पब्लिक को लूट कर है ही इतना कि कुछ भी खरीद लें। अब, जब बाजार सजते हैं तो कुछ सीमित आमदनी वाले मिडिल क्लास के होशियार लोग भी लपकते हैं उधर। जमीनें बेच कर, गहने गिरवी रख कर, लोन ले कर इस अंधेरे बाजार में पैसे लगा डालते हैं। डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर बन गया तो क्या कहने। पिछले साल यूपी में खबरें आई थी कि प्रोफेसर बनवाने का बाजार 35-40 लाख तक चला गया था। वह भी तब जब अपने मेरिट से बीए, एमए, नेट, पीएचडी किए रहो। बाजारों के बड़े बड़े खिलाड़ी बड़ी ही सफाई से बचते हैं, बचाए जाते हैं, जांच समितियों के द्वारा, मीडिया के द्वारा, ताकि वे अगली बार अगले गुर्गों के सहारे अपने अगले खेल कर सकें। बाजार बनती दुनिया में पोस्टिंग बिकती है, सेलेक्ट होना बिकता है, एक्जाम सेंटर बिकता है, क्वेश्चन पेपर बिकता है, बहुत कुछ बिकता है। जब खरीदने वाले झोली भर कर मुंह बाए खड़े हैं तो बेचने वाला तो धरती फोड़ के निकल कर आ जाएगा। बाजार का यही नियम है।

## सोशल फोरम

# कृषि विज्ञान के जनक



आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

दुनिया के अन्य महाद्वीपों के लोग जब वर्षा, बादलों की गड़गड़ाहट के होने पर भयभीत होकर गुफाओं में छुप जाते थे... जब उन्हें एग्रीकल्चर का ककहरा भी मालूम नहीं था.. उससे भी हजारों वर्ष पूर्व ऋषि पाराशर मौसम व कृषि विज्ञान पर आधारित भारतवर्ष के किसानों के मार्गदर्शन के लिए" कृषि पाराशर" नामक ग्रंथ की रचना कर चुके थे।

ऋषि पाराशर ग्रंथ में लिखते हैं जीवन का आधार कृषि है कृषि का आधार वृष्टि अर्थात बारिश है । हर किसान को बारिश के विषय में जरूर जानना चाहिए।

ऋषि पाराशर ने अपने ग्रंथ के द्वितीय खंड वृष्टि खंड में बादलों को 4 भागों में वर्गीकृत किया है। आवरत मेघ, ) सम्रत मेघ , पुष्कर मेघ और द्रोण मेघ । पहले वाला मेघ एक निश्चित स्थान में बारिश करता है। दूसरा मेघ एक समान बारिश करता है। तीसरे मेघ से बहुत कम वर्षा होती है। चौथे मेघ से उत्तम वर्षा होती है। ऋषि पाराशर ने कृषि भूमि को तीन भागों में विभाजित किया अनूप कृषि भूमि ,जांगल कृषि भूमि विकट भूमि। पहली से दूसरी, दूसरी से तीसरी भूमि को कृषि के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया। कृषि खंड में उन्होंने बताया किस महीने में बीजों का संग्रह करना चाहिए बीजों की रक्षा कैसे करनी चाहिए बीजों का रोपण किस विधि से होना चाहिए।

सचमुच अतीत का भारत विश्व गुरु था.. जहां ज्ञान विज्ञान कला कौशल की भरमार थी.. कोई ऐसा क्षेत्र है जहां हमारे ऋषि-मुनियों ने अमूल्य ग्रंथों की रचना ना की हो.. !

दुर्भाग्य से महाभारत के महायुद्ध में हजारों लाखों ऋषि महर्षि , योद्धा मारे गए.. परिणाम स्वरूप गुरुकुल शिक्षा पद्धति और शिक्षा परंपरा विद्या की वैदिक संस्थाएं लुप्त हो गईं। 90 फ़ीसदी से अधिक ज्ञान परंपरा व ग्रंथ लुप्त हो गए। आज जलवायु परिवर्तन के कारण अमेरिका ऑस्ट्रेलिया की भूमि बंजर होती जा रही है। यह भारत के ऋषि महर्षियो का ज्ञान ही था कृषि के क्षेत्र में लाखों करोड़ों वर्ष के पश्चात भी भारत भूमि बंजर नहीं हो पाई ।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रतीक था नालंदा विश्वविद्यालय



प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत में शिक्षा का एक प्रसिद्ध केंद्र था, जो वर्तमान बिहार में स्थित है। इसकी स्थापना गुप्त काल के दौरान हुई थी और पाल वंश के शासनकाल के दौरान यह अपने चरम पर पहुंच गया था। विश्वविद्यालय ने दुनिया भर से विद्वानों और छात्रों को आकर्षित किया और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शिक्षाओं के लिए प्रसिद्ध था। ईसा से 1200 साल पहले। खुदाई में मिले अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में बुद्ध और महावीर के समय से पहले भी इंसानी बसाहट हुआ करती थी।

नालंदा जिसका प्रारंभिक नाम "बड़गांव"और जैन धर्म मे इसे कुण्डलपुर कहा जाता था। यह बौद्ध धर्म के साथ हिंदू और जैन धर्म का भी केंद्र रहा है। शक्रादित्य ने नालंदा में एक बौद्ध मठ का निर्माण कराया था। छठवीं शताब्दी आते-आते, ये एक बहुत बड़े शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हो गया। गुप्त काल के अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में तब हिंदू, जैन, बुद्ध, तीन धर्मों का प्रभाव था। जो यहां की निर्माण शैली, वास्तुकला और मूर्तियों में दिखाई देता है।

बौद्ध धर्म के ग्रंथ बताते हैं कि महात्मा बुद्ध ने नालंदा में एक उपदेश दिया था। उनके एक शिष्य शारिपुत्र के नाम पर नालंदा म् एक स्तूप भी बना हुआ है। नालंदा का एक संबंध जैन धर्म से भी है। जैन सूत्रों के अनुसार भगवान महावीर ने भी कुछ वर्ष नालंदा में बिताए थे। गुप्त काल के बाद कन्नौज के राजा हर्षवर्धन ने नालंदा को अनुदान दिया। उन्होंने यहां तीन मंदिरों का निर्माण कराया। आठवीं सदी के बाद बंगाल के पाल वंश ने नालंदा की देखरेख की। चीनी यात्री ह्वेनसांग लिखते हैं, "नालंदा में दाखिला लेने वालों में सिर्फ 20 प्रतिशत छात्रों को प्रवेश मिलती थी।" नालंदा के सभी छात्रों ने महायान के साथ-साथ बौद्ध धर्म के अठारह ( हीनयान ) संप्रदायों के ग्रंथों का अध्ययन किया। उनके पाठ्यक्रम में वेद , तर्कशास्त्र, संस्कृत व्याकरण, चिकित्सा, षटदर्शन, व्याकरण, एस्ट्रोनॉमी, गणित जैसे तमाम विषयों की पढ़ाई हुआ करती थी। पढ़ाई का तरीका भी अनूठा हुआ करता था।

ह्वेन सांग के लिखे अनुसार नालंदा में एक वक्त में दस हजार छात्र पढ़ाई करते थे। और उन्हें पढ़ाने के लिए लगभग 1500 शिक्षक हुआ करते थे। इन सबके ऊपर एक चांसलर हुआ करता था। ह्वेनसांग ने नालंदा के एक चांसलर, शिलाभद्र का जिक्र किया है। जो ह्वेन सांग के अनुसार योग शास्त्र के सबसे बड़े शिक्षक थे।

नालंदा के विद्यार्थियों के द्वारा ही एशिया में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का विस्तृत प्रचार व प्रसार हुआ था। तिब्बत के राजा के निमंत्रण पर भदंत शांतिरक्षित और पद्मसंभव तिब्बत गए थे और वहां उन्होंने संस्कृत, बौद्ध साहित्य और भारतीय संस्कृति का प्रचार करने में अप्रतिम योग्यता दिखाई थी। नालंदा में बौद्ध धर्म के अतिरिक्त हेतुविद्या, शब्दविद्या, चिकित्सा शास्त्र, अथर्ववेद तथा सांख्य से संबंधित विषय भी पढ़ाए जाते थे। युवानच्वांग ने लिखा था कि नालंदा के एक सहस्त्र विद्वान् आचार्यों में से सौ ऐसे थे जो सूत्र और शास्त्र जानते थे, पांच सौ, 3 विषयों में पारंगत थे और बीस, 50 विषयों में। केवल शीलभद्र ही ऐसे थे जिनकी सभी विषयों में समान गति थी।

धर्मस्वामिन के अनुसार बख्तियार खिलजी की मौत के कई साल बाद नालंदा पर एक और आक्रमण हुआ था। जिसके बाद नालंदा लगभग पूरा खाली हो गया। तुर्क आक्रमणों के चलते बौद्ध भिक्षुओं में डर बैठ गया था। जिसके बाद ये इलाका खाली कर दिया गया। नालंदा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया है। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की विरासत को पुनर्जीवित करने का प्रयास के रुप में देखा जाना चाहिए।

# महत्वपूर्ण होगा स्पीकर का चुनाव



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अठारवीं लोकसभा में किसी दल का स्पष्ट बहुमत नहीं है। भाजपा की अगुवाई में राजग यानी एनडीए की मिली-जुली सरकार है। ऐसे में लोकसभाध्यक्ष यानी स्पीकर का पद बेहद महत्वपूर्ण होगा। भाजपा के कुल 240 सांसद ही हैं,जो पूर्ण बहुमत से 32 कम हैं। भाजपा का इतिहास दल बदल कराकर विपक्षी सरकारें गिराने और अपनी बनाने का रहा है। मध्यप्रदेश विधानसभा के 2018 वाले चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई थी और कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बन भी गई थी;किंतु तोड़ फोड़ करके भाजपा ने अपनी सरकार बना ली। इसके लिए उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिलाया था। कोशिश राजस्थान में भी की गई, हालॉकि योजना परवान नहीं चढ़ी। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की महा अघाड़ी सरकार में दल बदल कराया गया और उसे गिराकर शिवसेना के नए बने एकनाथ शिंदे गुट की राजग सरकार बनी। उत्तराखंड में बड़ी संख्या में कॉग्रेसियों को भाजपायी बनाया गया और विजय बहुगुणा को इस्तेमाल किया गया। यहां तक कि नैनीताल हाईकोर्ट के जज जोसेफ ने इसे 'पाप'करार दिया। अपने इस स्वभाव और रीति नीति के चलते यदि स्पीकर भाजपा का बन गया तो छोटे दलों की खैर नहीं,वे चाहे जिस तरफ के हों। वो तोड़े और भाजपा में विलीन किए जाएंगे। ऐसे में 26 जून को होने वाला स्पीकर चयन बहुत महत्व रखता है तथा सांसदों,विशेषकर छोटे दलों को बहुत विवेक लगाना होगा और सूझबूझ से काम करना होगा। सावधानी हटी कि दुर्घटना घटी। अभी फिलहाल भाजपा अपना ही स्पीकर बनाने पर तुली है और विपक्ष का कहना है कि यदि चंद्रबाबू नाइडू की तेदेपा का स्पीकर कैंडीडेट सामने आता है,तो वे समर्थन करेंगे; भाजपाई यदि खड़ा हुआ,तो विरोध होगा और चुनाव लड़ा जायगा। युद्ध की दुंदुभी तो बज चुकी है,प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति पर ही। कांग्रेस सांसद के.सुरेश ज्यादा सीनियर थे। उन्हें बाईपास करके भाजपाई भर्तिहरि महताब को इस पद पर बिठाया गया है। अगले कुछ दिन बेहद महत्वपूर्ण और सावधानी बरतने के हैं।

## एक नजर

### पुलिस ने शांतिभंग में किया गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** पुलिस ने चार लोगों को शांति भंग की आशंका में पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मुकीम निवासी मोहल्ला सरायकला कस्बा स्योहारा को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने गौरव पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम आदमपुर, मौ. आजम पुत्र अमजद निवासी मौ. चौक बाजार, मुखिया पुत्र चमन शाह एवं शाबिर पुत्र चमन शाह निवासी ग्राम बिचपुरी को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### ग्राम पंचायत कार्यालय से सामान हुआ चोरी

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम सराय खजूर के प्रधान बबली ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 21 जून की रात्रि में किसी समय चोर पंचायत भवन से सामान चोरी करके ले गए। प्रात: जब कार्यालय खोला गया तो घटना की जानकारी हुई। जिसमें चोर बैटरी, इन्वर्टर व केबल चोरी कर ले गए। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान द्वारा थाना छजलैट को दी गई और प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### चुनावी रंजिश को लेकर ग्राम प्रधान से मारपीट

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम प्रधान ने चुनावी रंजिश को लेकर विपक्षियों पर गाली-गलौज करने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान जगदीश ने शिकायती पत्र में बताया कि उससे विपक्षी गण चुनावी रंजिश रखते हैं। इसी रंजिश को लेकर गांव के तीन लोगों पर गाली-गलौज करने एवं मारपीट कर घायल करने का लगाते हुए एसएसपी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पीड़ित प्रधान द्वारा लगाए गए आरोपों की वीडियो भी वायरल की गई है।

### लाइन में फाल्ट होने से ठप रही विद्युत आपूर्ति

**कांठ, अमृत विचार :** रविवार दोपहर हुई हल्की बारिश और हवा चलने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति फाल्ट होने से लगभग तीन घंटे ठप रही। जिसके चलते उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश रुकने के बाद कर्मचारियों द्वारा फाल्ट ठीक किया गया। जिसके बाद आपूर्ति सुचारू हुई।

# अवर अभियंता के खिलाफ किसानों का धरना-प्रदर्शन

## कार्रवाई को लेकर आक्रोशित किसानों ने नानपुर बिजलीघर पर दिया धरना

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचारः** नानपुर विद्युत कर्मियों की लापरवाही से परेशान क्षेत्रीय किसानों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैट के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए बिजलीघर का घेराव किया। साथ ही अवर अभियंता को हटाने की मांग करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में एक्सईएन के पहुंचने और आश्वासन पर किसानों ने धरना समाप्त किया।

जानकारी के अनुसार रविवार को नानपुर बिजली घर के अवर अभियंता के व्यवहार और कार्य शैली से नाराज किसान अवर अभियंता को हटाए जाने की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए और नारेबाजी की। किसानों ने प्रदर्शन के दौरान अवर अभियंता और लाइनमैन को हटाने की मांग की। धरना-प्रदर्शन में पहुंचे भाकियू के प्रदेश प्रभारी शुभम राठी ने कहा कि किसानों को अवर अभियंता और लाइनमैन द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है और जानबूझकर किसानों के ट्यूबवेलों को सप्लाई नहीं दी जा रही है। जिसके चलते गर्मी में फसलें सूखने की कगार पर हैं। इस दौरान चेतावनी दी गई कि बिजली घर रतनपुर कला और बिजली घर नानपुर के अवर अभियंताओं के खिलाफ अगर विभागीय कार्रवाई नहीं होती है तो उनका संगठन धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा। प्रदर्शन के दौरान भाकियू पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी शुभम राठी, मंडल उपाध्यक्ष तजम्मुल प्रधान, जिला सचिव आशकार लंबरदार, ऋषभ चौधरी, प्रेम पाल सिंह, तस्लीम बाबा, साजिद खान उर्फ बबलू, नसीम नंबरदार नौशे अली, चौधरी वीर सिंह, रागिब चौधरी आदि मौजूद रहे।



नानपुर बिजलीघर के बाहर धरने पर बैठे किसान व भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### किसानों के प्रदर्शन से मचा हड़कंप

धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को एसडीओ सत्येंद्र मौर्य द्वारा समझने का प्रयास किया गया। लेकिन किसानों की मांग थी कि जब तक एक्सईएन मौके पर आकर उनकी समस्याओं को नहीं सुनेंगे और उनका समाधान नहीं करेंगे तब तक वह प्रदर्शन करते रहेंगे। बताया गया कि एक्सईएन भीष्म तोमर के पहुंचने और उनके द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर किसान यूनियन के पदाधिकारी माने और धरना समाप्त किया। इस दौरान किसानों ने मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।



किसानों से संपर्क करते भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## 25 से धरना देगा भाकियू अराजनैतिक

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** जिला सहकारी बैंक कांठ द्वारा किसानों से तीन की जगह सात प्रतिशत ब्याज लेने के विरोध में भाकियू अराजनैतिक 25 जून से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी। जिसमें पांच किसान भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

गौरतलब है कि जिला सहकारी बैंक द्वारा किसानों से तीन की जगह सात प्रतिशत ब्याज कराने का दबाव बनाया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा धरना प्रदर्शन के बाद सभी सहकारी बैंकों में तीस जून तक तीन प्रतिशत ब्याज जमा करने पर सहमति बन गई है, लेकिन जिला सहकारी बैंक कांठ के मैनेजर और समिति सचिव ने मनमाना रवैया अपनाया हुआ है। किसानों ने आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि किसानों को धमकाने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही मनमाने रवैये के विरोध में 25 जून को जिला सहकारी बैंक कांठ पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इसके लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की टीम ने किसानों से संपर्क शुरू कर दिया है। इस अवसर पर नितिन विश्नोई, राजेन्द्र भगत जी, सचिन विश्नोई, राजीव कुमार, बृजपाल सिंह, हाजी इमरान, जितेंद्र विश्नोई जीतू आदि उपस्थित रहे।

## निजी मुंशियों से अवैध वसूली कराने का आरोप

**कांठ, अमृत विचारः** क्षेत्र के अनेक लेखपालों पर निजी मुंशियों को रखकर अवैध वसूली करने के आरोप नागरिकों ने लगाए हैं।

कई लेखपालों द्वारा निजी मुंशी रखकर तहसील से संबंधित कार्य कराए जा रहे हैं। जो क्षेत्रीय नागरिकों से जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि के दुरुस्तीकरण आदि मामलों में रिपोर्ट लगाने में अवैध वसूली करते हैं। लोगों ने इन मुंशियों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए बताया कि कई बार इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायतें भी की जा चुकी हैं। ऐसा ही एक मामला शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार के समक्ष आया था। एक लेखपाल के मुंशी पर जमीन नापकर सरकारी रकबे में दर्ज करने के नाम पर किसान से 10,000 रुपये ठग लिए। तहसीलदार ने लेखपाल से जानकारी की तो लेखपाल ने युवक का नाम तो बता दिया लेकिन अपना मुंशी होने से स्पष्ट इनकार करते हुए पल्ला झाड़ लिया। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने बताया कि लेखपाल द्वारा प्राइवेट मुंशी रखने पर प्रतिबंध है। उन्होंने बताया कि यदि ऐसा कोई मामला उनके समक्ष आएगा तो शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।



पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपाई। ● अमृत विचार

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान के आवास पर पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया।

जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवनकाल में समाज हित के लिए अपना जीवन समर्पण किया। इस अवसर पर राजपाल सिंह चौहान ने पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष शिवेन्द्र गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, पवन कुमार पुष्पद, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शईक पठान, मुखलाल सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल सिंह, मुकेश चौधरी, नागेंद्र लामा, हेमेंद्र प्रताप सिंह, आशुतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# पं. श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** नगर के मंदिर पौणा खेड़ा प्रांगण में जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि डॉ. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था तथा उनका देहांत 23 जून 1953 को श्रीनगर में हुआ था। जो आज भी रहस्य का विषय बना हुआ है। इस दौरान भाजपा नगराध्यक्ष विकास गुप्ता, चौधरी ऋषिपाल सिंह, डॉ. विजय शर्मा, धर्मेंद्र गांधी, डॉ. मदन बंसल, सुरेंद्र शर्मा, निशा त्यागी, पंकज चौहान, अजय पाल सिंह एडवोकेट, निहाल सिंह लाठर, मनोज ठाकुर आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अभिलाष गोण, सभासद सुमित गुप्ता, प्रशांत चौधरी, गंगा शरण प्रजापति, अभिनव चौधरी, शरद गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई।

## सार-संक्षेप

### खेत से मिट्टी उठाने को लेकर हुआ विवाद, दो घायल

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव मुलाबान में खेत से मिट्टी उठाने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ। गांव निवासी आस मोहम्मद और सुलेमान का आरोप है कि उनके गांव के लोग जबरन खेत से मिट्टी उठा रहे थे। जिसका विरोध करने पर उसे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पीटने लगे। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बीच बचाव किया। विवाद में आस मोहम्मद और सुलेमान गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ितों ने थाना डिलारी में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया व आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### करंट लगने से किसान की मौत, मचा कोहराम

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव मिर्जापुर करीमुद्दीन में करंट लगने से किसान की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। रविवार की सुबह आठ बजे गांव निवासी किसान शिवते हसन मकान की छत पर रस्सी बांध रहा था। तभी हाईटेंशन के जर्जर तारों की चपेट में आने से उसे करंट लग गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से किसान के परिवार में मातम छा गया। लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। वहीं मृतक के परिवार में एक पुत्र व पुत्री हैं। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए- खाक कर दिया।

### 30 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान 30 लीटर कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को उपनिरीक्षक विपिन कुमार कोतवाली क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर नन्हूवाला की नहर की पुलिया के निकट से एक व्यक्ति को पकड़ कर उसके पास से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कपिल कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी भरतावाला थाना ठाकुरद्वारा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बोवदवाला निवासी राजेन्द्र शर्मा पुत्र ध्रुव शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 जून को वह अपनी पत्नी के साथ रतुपुरा मार्ग पर वाहन के इंतज़ार में खड़े थे। इसी दौरान रतुपुरा की ओर से तेज रफ़्तार कार चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद चालक कार सहित फरार हो गया था। वहीं लोगों ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। घायल दंपति ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।




ठाकुरद्वारा में आर्य समाज की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### आर्य समाज की संस्कृति को अपनाने का आह्वान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** आर्य समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक नगर में संपन्न हुई। इसमें तहसील क्षेत्र में वैदिक संस्कृति को बढ़ावा देने पर विचार हुआ। बैठक में जिला प्रधान अजब सिंह, मंत्री रमेश सिंह, कोषाध्यक्ष राजवर्धन सिंह, संरक्षक डॉ. अभय सोई, संजीव सिंघल, गुलाब सिंह वर्मा, आशुतोष, धर्म प्रकाश, पंडित करण सिंह, सुभाष चंद्र, राम अवतार, जयपाल सिंह, दिनेश प्रजापत, संजय कुमार, नीरज गुप्ता, केदार सिंह, सुबोध कुमार, अवनीश आर्य, रामस्वरूप आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. मुखर्जी के जीवन से लें प्रेरणा

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचारः** रविवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर के आवास पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को याद किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक रहे। उन्होंने सारा जीवन देश सेवा में समर्पित किया। कार्यक्रम में रमन भूषण एडवोकेट, हाजी मजलूम पाशा, नक्शे अली, मोहम्मद उमर कुरैशी, अजीम मलिक, विनोद दिवाकर आदि उपस्थित रहे। उधर ग्राम मोहनपुर, तखतपुर वाकीपुर जटनी एवं कुतुबपुर अज्जू में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान प्रमोद कुमार सिंह, चमन सिंह, नीतू सिंह, खेम पाल सिंह, मनोज कुमार, राजू सिंह, पप्पू सिंह, मुकेश सिंह, हिमांशु, राजपाल सिंह, राजकुमार सिंह, सतीश सिंह, आकाश कुमार, सत्येंद्र सिंह, टिंकू सिंह, सोहित आदि उपस्थित रहे।



श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस सेंट मार्क स्कूल में मनाया। कार्यकर्ताओं ने पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, मुकेश चौधरी, आशुतोष अग्रवाल, कमलेश कुमार, नागेंद्र लंबा, धर्मेंद्र कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, पंकज सिंह, प्रियांशु कुमार, इकराम कुरैशी, इबले हसन, सुरेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।




लोगों को जागरूक करते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## भोजन की बर्बादी रोकने की अपील

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** सामाजिक संस्था तुर्क फाउंडेशन शादी विवाह में खाने की बर्बादी रोकने के लिए अभियान चला रही है। इसी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

रविवार को संस्था के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बिलारी स्थित रॉयल गार्डन, मैरिज हॉल, राजा का सहसपुर स्थित हाशिम मैरिज हॉल, द ताज रिसोर्ट महमूदपुर माफी आदि में शादी-विवाह व अन्य कार्यक्रमों में खाने की बर्बादी रोकने के लिए संदेश लिखे बैनर पोस्टर लगाए। इस दौरान डॉ. मोहम्मद जावेद, अंजार हुसैन एडवोकेट, आफाक हुसैन एडवोकेट, मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, मोहम्मद वसीम ,फौजी रियाज उल हसन, हाजी रियाज अहमद, मोहसिन कमल, अयाज एडवोकेट, शाहबाज आलम, हाजी कदीर अहमद, प्रधान मुजीब अहमद आदि मौजूद रहे।

## मामूली बूंदाबांदी ने बढ़ाई उमस, गर्मी ने किया बेहाल

**कांठ, अमृत विचारः** एक ओर जहां लोग चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से परेशान हैं, तो वहीं रविवार दोपहर हुई मामूली बूंदाबांदी ने उमस बढ़ा दी है। जिससे लोगों का घरों में रहना दुभर हो गया। पिछले दो महीने से भीषण गर्मी पड़ रही है। हर कोई बारिश की उम्मीद कर रहा है। भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। वहीं हल्की बूंदाबांदी से लोगों को राहत मिली। मगर उमस से लोग बेचैन रहे। रविवार दोपहर को हुई हल्की बारिश के बाद पूरा दिन चिलचिलाती धूप निकली। हल्की बारिश के चलते पारा 1 से 2 डिग्री नीचे गिरा। वहीं किसानों का कहना है कि मामूली बारिश से खेतों की मिट्टी भी गीली तक नहीं हुई, इस समय किसानों को भारी बारिश की आवश्यकता है, जिससे आम आदमी को भी भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

# हादसों में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल

- तीन बाइकें क्षतिग्रस्त, घायलों को हायर सेंटर किया रेफर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** दो अलग-अलग घटनाओं में तेज रफ्तार कार चालकों ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें दो महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। उपचार के लिए घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें तीन को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रविवार सुबह 10 बजे के दौरान कोतवाली क्षेत्र के गांव रामू वाला शेखू निवासी संदीप कुमार पुत्र विजयपाल अपने साथी आदित्य पुत्र नेम सिंह के साथ किसी काम से जसपुर रोड पर जा रहा था। ठाकुरद्वारा-शरीफ नगर मार्ग पर स्थित जसपुर मोड़ के निकट तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक कार सहित फरार हो गया। एंबुलेंस द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।वही दूसरी घटना में शाम पांच बजे ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग पर स्थित फैजुल्लागंज के निकट तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार जनपद रामपुर की कोतवाली स्वार के थाना मसवासी के गांव भोबरा निवासी महिपाल सिंह पुत्र भजन लाल अपनी पत्नी रीना देवी, आठ वर्षीय बेटी शिरसा व सलज अंजली पत्नी अमित को लेकर बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान जसपुर रोड पर फैजुल्लागंज स्थित मंदिर के मोड पर तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। इसी दौरान सामने खड़ी अन्य बाइक को भी कार चालक ने रौंद दिया। घटना में तीन बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना में महिपाल सिंह, अंजली देवी व रीना देवी घायल हो गई।



ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग पर सड़क पर पड़े घायल। ● अमृत विचार




मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

## निशुल्क कैंप लगाकर की मरीजों की जांच

**कुंदरकी, अमृत विचारः** गांव रुपपुर में गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की ओर से एक निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सैकड़ों मरीजों की जांच की गई। संस्था के नगर अध्यक्ष अरकान कादरी ने बताया कि संस्था द्वारा गरीबों व असहायों की मदद के लिए समय-समय पर कैंप लगाए जाते हैं। इस दौरान डॉ. मुहम्मद रजा, गौसे आजम, अब्दुल मुहीम अत्तारी, फरजंद अली, अलीम आदि मौजूद रहे।

# धर्म की हानि पर अवतार लेते हैं भगवान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के निरंकारी सत्संग भवन पर मासिक साधसंगत का आयोजन किया गया। जिसमें प्रचारक ने सतगुरु के विचारों को प्रस्तुत किया।

रविवार को निरंकारी सत्संग भवन पर प्रचारक करतार सिंह ने कहा कि पूर्ण सतगुरु ब्रह्म ज्ञान की रोशनी से संसार का पथ-प्रदर्शन करने आता है और मोक्ष प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब परमात्मा को सद्गुरु के रूप में अवतार लेना पड़ता है और अपने भक्तों को ब्रह्म ज्ञान देकर उनका कल्याण करते हैं। सतगुरु जाति-धर्म के बंधनों से मुक्त करते हुए ब्रह्म ज्ञान देकर जीवन को सहज बनाते हैं। इस दौरान मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता, पूर्व सभासद हेमेंद्र प्रताप सिंह, ओमप्रकाश सिंह, हरपाल सिंह, हेमेंद्र प्रताप सिंह, देवेन्द्र नागपाल, रघुनाथ सिंह, दीपक कुमार, चंद्र कौशिक, योगेश, कुलदीप, ओम प्रकाश सिंह, हेमेंद्र प्रताप सिंह, कृषि वैज्ञानिक दीपक कुमार, जयप्रकाश सिंह, वंदना रानी, ममता, मुस्कान, प्रीति राजबाला, मेघा अग्रवाल, पूनम शर्मा, शशि, माला सिंह, कृपा देवी, संगीता, निशा आदि मौजूद रहीं।



ठाकुरद्वारा संत निरंकारी भवन में साध संगत में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### कार्यक्रम

- निरंकारी सत्संग भवन पर मासिक साध संगत का आयोजन
- लोगों से किया साध संगत में भाग लेने का आह्वान

## एक नजर

### महिला से दुष्कर्म, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**विजय नगला,(बदायूं) अमृत विचार :** घर में सो रही महिला के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। महिला ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता के पति ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने शिकायती पत्र में कहा कि वह एक प्राइवेट अस्पताल में काम करता है। गांव में उसकी पत्नी और बच्चे रहते हैं। 20 जून की रात को गांव का एक युवक उसके घर में घुस गया और उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म किया।

### सांड के हमले से घायल ग्रामीण की मौत

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव किरारी निवासी महेश ने शनिवार की शाम थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि छोटा भाई कोमिल मंगलवार को बाइक पर सवार होकर किसी काम से पंवासा जा रहा था। रास्ते में सांड ने हमला कर कोमिल को घायल कर दिया था। परिजनों ने उसे उपचार के लिए दिल्ली अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान कोमिल की शनिवार को मौत हो गई।

# ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचल कर बाइक सवार मां-बेटे की मौत

## बहन की गोद भराई के चलते पत्नी, बच्चे और नानी को बाइक पर बैठाकर वापस आ रहे थे हरवंश

संवाददाता, कुंवरगांव (बदायूं)

**अमृत विचार :** ईंट भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मौत के बाद परिवार में चीत्कार मचा है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ ली है जबकि चालक फरार है।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव हरनाथपुर निवासी हरवंश पुत्र छोटे लाल रविवार को अपनी ससुराल थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव हथिनीभूड़ से पत्नी सीमा और तीन साल के बेटे दिव्यांश को लेकर गांव लौट रहे थे। बाइक पर उनकी नानी भी बैठी थीं। दोपहर लगभग चार बजे कुंवरगांव क्षेत्र के गांव मढ़िया भांसी रोड पर सड़क पर खराब खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को बचाने के चक्कर में विपरीत दिशा से आई दूसरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार चारों लोग सड़क पर जा गिरे। सीमा और दिव्यांश ट्रैक्टर के पहिये से कुचल गए। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सीमा व दिव्यांश को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



सीमा और दिव्यांश का फाइल फोटो।

### बाजार जा रहे दो किसानों की हादसे में जान गई

**बदायूं, अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर रविवार सुबह जिला बरेली के थाना भमौरा क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली और कोरियर वैन की भिड़ंत हो गई। जिसमें मिर्च बेचने के लिए बाजार जा रहे बदायूं के गांव नौशेरा निवासी दो किसानों की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। भमौरा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिए और घायलों को वहां के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मौत के बाद दोनों किसानों के परिवार में चीत्कार मचा है।कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव नौशेरा निवासी राजवीर मौर्य (48) पुत्र ठाकुर मौर्य और शिशुपाल मौर्य (52) पुत्र बिहारी मौर्य ने अपने खेत में मिर्च की फसल की थी। रविवार को मजदूरों की मदद से ट्राली में मिर्च की बोरियां लदवाने के बाद रामवीर, शिशुपाल मौर्य, गांव निवासी चमन मौर्य, जहूर अहमद ट्रैक्टर पर बैठकर ट्राली लेकर जिला बरेली के कस्बा देवचरा जा रहे थे। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर थाना भमौरा के पास कोरियर वैन ने ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर पर बैठे राजवीर और शिशुपाल नीचे गिर गए और कोरियर वाहन की चपेट में आ गए। कोरियर वाहन छोड़कर उसका चालक भाग निकला। हादसे में चमन और जहूर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। भमौरा पुलिस चारों को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सक ने राजवीर मौर्य और शिशुपाल मौर्य की मौत की पुष्टि कर दी और घायलों को भर्ती कराया। पुलिस द्वारा मौत की सूचना पर दोनों किसानों के परिजन बदायूं के पोस्टमार्टम पहुंचे। जहां बताया गया कि शव बरेली हैं तो चीत्कार करते परिजन बरेली के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। राजवीर के बेटे सुमित मौर्य, सचिन, कीर्ति, सपना, प्रीति और शिशुपाल की पांच बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मुस्लिम नौजवान हुनर व व्यापार पर भी ध्यान दें

**बरेली, अमृत विचार :** तंजीम पैगाम ए इंसानियत की ओर से रविवार को आईएमए हॉल में 17 वीं तालीमी कांफ्रेंस का आयोजन हुआ, जिसमें कौम की शिक्षा और तरक्की पर चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने मुस्लिम नौजवानों को शिक्षा के साथ हुनर और व्यापार पर भी ध्यान देने को कहा।

मुख्य वक्ता रिफाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कर्नाटक के अध्यक्ष इंजीनियर मुमताज मंसूरी ने कहा कि पूरी दुनिया में व्यापार करने के तौर तरीके बदल रहे हैं, लिहाजा मुसलमानों को चाहिए कि वे अपने बच्चों में बचपन से ही शिक्षा, हुनर के साथ व्यापारिक सोच को पैदा करें।अतिथि वक्ता शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक अब्दुल कदीर ने छात्रों से कहा कि नीट को लेकर जो भी विवाद है, उससे वे बचें और परीक्षा के लिए हमेशा तैयार रहें। इस मौके पर प्रतियोगी और यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। आयोजन में आईटा बरेली यूनिट के अध्यक्ष सैयद इरफान अली का सहयोग रहा।

# 30 लाख में हुआ था 15 करोड़ के प्लॉट पर कब्जे का सौदा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- माफिया के बढ़ते हौसले और ताकत के खुले प्रदर्शन के पीछे थी कई दिनों की तैयारी
- किराए पर इकट्ठे किए गए थे गुंडे, हिस्ट्रीशीटर केपी यादव ने दोस्त के जरिए तय कराया था पूरा सौदा

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर करीब 15 करोड़ कीमत के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार को सड़क पर डेढ़ घंटे तक फायरिंग की जिस घटना ने बरेली में अपराध का नया इतिहास बना दिया, उसे अंजाम देने के लिए 30 लाख रुपये कीमत अदा कर किराए के गुंडे बुलाए गए थे। कथित रूप से कोर्ट के एक आदेश के साथ राजीव राणा पक्ष पुलिस को लेकर सुबह छह बजे प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचा तो वहां हथियारों से लैस ये गुंडे भी मौजूद थे। इज्जतनगर पुलिस ने इस मामले में जरूरत से ज्यादा दिलचस्पी तो दिखाई लेकिन माना जा रहा है कि यह अंदाजा उसे भी नहीं था कि मौके पर गैंगवार की भी पूरी तैयारी पहले ही की जा चुकी है।

एंटी भूमाफिया और अपराधियों के पलायन कर जाने के दावों बीच शनिवार को बरेली में जो माफिया के बढ़ते हौसले और ताकत का खुला प्रदर्शन किया गया, उसके पीछे कई दिनों की लंबी तैयारी बताई जा रही है। इस मामले में गिरफ्तार एक आरोपी के मुताबिक प्लॉट पर कब्जा करने के लिए 30 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। यह सौदा हिस्ट्रीशीटर केपी यादव ने अपने एक दोस्त के जरिए तय कराया था। इसके बाद अवैध हथियारों के साथ शहर से देहात तक के किराए के तमाम गुंडों को बुलाया गया था। राजीव राणा पक्ष की ओर से इन गुंडों के साथ शहर से कुछ दूर की गई पार्टी में पहले ही पूरी प्लानिंग भी समझा दी गई थी।इस प्लानिंग के बाद शुक्रवार देर रात ये सभी शहर के एक होटल में इकट्ठे हो गए थे। कुछ घंटे यहीं काटे और फिर योजना के तहत शनिवार सुबह पीलीभीत बाईपास पर पहुंचकर प्लॉट पर कब्जा शुरू कर दिया गया।काफी तोड़फोड़ होने के बाद जब आदित्य उपाध्याय पक्ष को इसका पता चला तो विरोध हुआ और फिर ताबड़तोड़ गोलियां चलनी शुरू हो गईं।

### कॉल डिटेल व लोकेशन..! पहले ही पता था हमले के बाद यही करेगी पुलिस

पुलिस अधिकारियों ने इस मामले के आरोपियों की हफ्ते भर की कॉल डिटेल निकालने के साथ और उनकी लोकेशन का पता लगाने का निर्देश दिया है लेकिन वे लोग पहले ही जानते थे कि पुलिस क्या करेगी और उससे बचने के लिए तैयारी भी कर चुके थे। बताया जा रहा है कि भाड़े के बदमाशों के साथ जब पार्टी की गई थी तो उन्हें समझा दिया गया था कि हमले से पहले उन्हें क्या करना है ताकि बाद में पुलिस छानबीन करे तो यह पुष्टि न हो सके कि वे मौके पर थे। रविवार को आरोपी राजीव राणा ने अपना पक्ष साफ करते हुए जो वीडियो जारी किया, उसमें भी वह पुलिस को अपनी और अपने लोगों की लोकेशन का पता लगाने की चुनौती देता दिख रहा है।

### चाकू दिखाकर लूटी बाइक और हजारों की नगदी

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में चाकू दिखाकर बाइक और नगदी लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित का कहना था कि रात्रि को जन्मदिन की पार्टी में गया था। तब हथियारबंद युवकों ने घेर कर उसके साथ लूटपाट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वार्ड-आठ शिवनगर ट्रांजिट कैंप निवासी जय मंडल ने बताया कि वह सात जून की रात्रि साढ़े ग्यारह बजे अपने दोस्त वेद प्रकाश के साथ बाइक संख्या यूके 06 बी बी 5270 से जन्मदिन की पार्टी से लौट रहा था कि श्मशान घाट आजाद नगर मार्ग पर अचानक गौरव, शिप्पी, अंकित कुमार, देव उर्फ पुलपुलिया, अमित कुमार, दीपक सिंह, सागर और कोहनी ने उसे घेर लिया और धारदार चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोप था कि आरोपियों ने डरा-धमका उसकी बाइक व दोस्त की जेब में रखी 3500 की नगदी लूट ली और हमला कर घायल कर दिया।

# प्रेम प्रसंग में रोड़ा बनने पर पति ने की थी वर्षा की हत्या

संवाददाता, जसपुर

- चलती कार में पहले गला घोंटा फिर सड़क किनारे फेंककर सीने पर दागीं तीन गोलियां
- बहुचर्चित वर्षा हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

**अमृत विचार:** खाटू श्याम बाबा के दर्शन कराने के बहाने राजस्थान ले जाकर पति द्वारा गोली मारकर पत्नी की हत्या किए जाने की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया है। पति ने प्रेम प्रसंग में रोड़ा बनने पर पत्नी वर्षा की हत्या की थी। पति ने पहले चलती कार में पत्नी का गला घोंटा फिर शव को सड़क के किनारे फेंक कर उसके सीने में तीन गोलियां दागी थीं। घटना का खुलासा करने के बाद राजस्थान पुलिस ने आरोपी पति व उसके सहयोगी कार चालक को जेल भेज दिया है।

जसपुर के मोहल्ला चौहान (गुजरातियान) वार्ड नंबर 3 निवासी विशाल कुमार ने अपनी पत्नी वर्षा की हत्या का जुर्म कुबूल कर लिया है। सुनियोजित योजना के अनुसार वह विगत 13 जून को अपनी पत्नी को खाटू श्याम बाबा के दर्शन कराने के बहाने राजस्थान ले गया था। वहां उसने अपने कार चालक गांव मंडुवा खेड़ा, जसपुर निवासी मोहित उर्फ मन्नू व अपने एक अन्य साथी सोनू ठाकुर के सहयोग से चलती कार में गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी।

उसके बाद उसके शव को राजस्थान के पाली जिले के थाना सोजत सिटी के अंतर्गत गांव अटपड़ा के पास स्टेट हाईवे बिलाड़ा मोड़ मार्ग के किनारे फेंक कर उसके सीने पर तीन गोलियां दागी थीं। 19 जून को वर्षा का शव हाईवे के किनारे पर अज्ञात महिला के शव के रूप में पड़ा मिला था।

### उधार सामान न देने पर शिक्षामित्र ने लगाई आग

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव कांसपुर निवासी रामौतार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मजदूरी करते हैं। गांव के बाहर उनकी झोपड़ी है। झोपड़ी के पास लकड़ी के खोखे में परचून की दुकान है। जहां उनके बेटे मोहित और रोहित बैठते हैं।

शनिवार शाम गांव निवासी एक शिक्षामित्र उनके खोखे पर आया और उनके बेटों से सामान उधार मांगा। बेटों ने उधार देने से मना किया तो वह गाली-गलौज करने लगा और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि शिक्षामित्र ने उनकी झोपड़ी में आग लगा दी। आग की लपटें खोखे तक पहुंचीं। झोपड़ी और खोखे में रखा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सामान जल चुका था। दातागंज कोतवाल अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# दिल्ली से दुबई जा रही फ्लाइट में बम! उत्तराखंड से भेजा था मेल

संवाददाता, हल्द्वानी/दिल्ली

- पिथौरागढ़ के 9वीं क्लास के बच्चे ने मजाक में भेजा था मेल

**अमृत विचार :** दिल्ली से दुबई जाने वाली फ्लाइट में बम होने की घटना का पटाक्षेप हो गया है। सनसनी फैलाने वाला यह ई-मेल उत्तराखंड के सीमांत पिथौरागढ़ जिले के रहने वाले एक बच्चे ने किया था। पूछताछ में पता चला कि ये मेल उसने सिर्फ मजाक के तौर भेजा था।

मालूम हो कि बीती 18 जून को दिल्ली से दुबई जाने वाली फ्लाइट में बम होने की सूचना से सनसनी फैल गई थी। आनन-फानन में सुरक्षा एजेंसियों ने हवाई जहाज की तलाशी ली। तलाशी में विमान में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। यह मेल पिथौरागढ़ जिले के कक्षा नौ में पढ़ने वाले 13 वर्षीय किशोर ने किया था। उसे हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने किशोर से पूछताछ के बाद रविवार को घटना का खुलासा किया। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाई अड्डा) ऊषा रंगनानी ने बताया कि लड़के ने कुछ दिन पहले बम की झूठी सूचना देते हुए फोन करने वाले एक अन्य किशोर से जुड़ी खबरों से प्रभावित होकर मजाक में ईमेल भेजा था। रंगनानी ने बताया कि जांच के दौरान यह पता चला कि ईमेल भेजने के तुरंत बाद ईमेल आईडी हटा दी गई थी। यह भी पता चला कि ईमेल पिथौरागढ़ से भेजा गया। किशोर ने बताया कि उसके माता-पिता ने पढ़ाई के उद्देश्य से उसे एक मोबाइल फोन दिया था जिससे उसने एक फेक ई-मेल आईडी बनाई। उसके बाद उसने इंटरनेट पर रिसर्च कर बम की धमकी देने वाला मैसेज तैयार किया और उसे दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी को भेज दिया। बाद में उसने धमकी देने वाले ईमेल आईडी को डिलीट कर दिया।

### मृतक महिला के नाम पर बेच दिए टायर, याचिका दायर

**काशीपुर,अमृत विचार :** मृतक महिला के नाम फर्जी तरीके से टायर बेचने के बाद पैसे के लिए दावा करने का मामला सामने आया है। मृतक महिला के पति ने धारा-156 (3) के तहत कोर्ट में याचिका दायर करके न्याय की गुहार लगाई है।कुंडेश्वरी के ग्राम गांधीनगर निवासी लवप्रीत सिंह ने धारा 156 (3) के तहत अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर की अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया कि उसकी पत्नी आरती की मृत्यु 26 मई 2023 को इलाज के दौरान हो गई थी। 31 मई 2024 को मुरादाबाद रोड स्थित एक टायर शोरूम के प्रोपराइटर ने लवप्रीत के पते पर उसकी स्वर्गीय पत्नी आरती के नाम चेक बाउंस का नोटिस भेजा।

# रुद्रप्रयाग हादसे में चेकपोस्ट प्रभारी समेत चार निलंबित

ब्यूरो, देहरादून

- 15 जून को टेंपो ट्रैवलर खाई में गिरने से हुई थी 15 तीर्थयात्रियों की मौत
- दो सचल दल प्रभारियों को दिए आरोप पत्र, पुलिस पर कार्रवाई को डीजी को लिखा

**अमृत विचार :** रुद्रप्रयाग में चारधाम यात्रियों से भरे टेंपो ट्रैवलर के हादसे के मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर परिवहन विभाग ने कड़ा एक्शन लिया है। चेकिंग में लापरवाही पर तपोवन चेकपोस्ट प्रभारी समेत चार परिवहन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया।

रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में 15 जून को हुए टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गया था। हादसे में चारधाम यात्रा पर आए 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। चारधाम यात्रा पर हुए इस हादसे को शासन ने खासी गंभीरता से लिया। घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए। वहीं परिवहन विभाग ने भी हादसे की जांच की थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर खासी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। आरटीओ पौड़ी ने हादसे की जांच कर दो दिन पहले परिवहन मुख्यालय भेजी थी। अब परिवहन विभाग ने तपोवन चेकपोस्ट प्रभारी यशवीर सिंह बिष्ट, कार्यालय सहायक विवेक उनियाल, परिवहन उप निरीक्षक मेहताब अली व आरक्षी अमर सैनी को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए को निलंबित कर दिया है। जबकि दो पीआरडी जवानों को उनके मूल विभाग में लौटा दिया गया है।

इधर, एसडीएम ने भी मामले की मजिस्ट्रेटी जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। रिपोर्ट में परिवहन विभाग के सचल दल की भी लापरवाही मानी है।

### मां-बेटे से मारपीट करने वालों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**बिल्सी, अमृत विचार:** मोहल्ला संख्या आठ साहेबगंज में पुरानी रंजिश को लेकर शुक्रवार की रात एक महिला और उसके पुत्र के साथ मोहल्ले की लोगों ने मारपीट कर दी थी। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाल विजेंद्र सिंह ने बताया कि मोहल्ला संख्या आठ में निवासी जैतून पत्नी अबरार शुक्रवार की रात करीब आठ बजे अपनी परचून की दुकान पर बैठी थी। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते मोहल्ले के रहने वाले अरबाज, मोसिम, शहबाज और समीर महिला और उसके पुत्र शोबी के साथ मारपीट करने लगे। जिससे वह दोनों घायल हो गए। पीड़िता की बेटियां बीच बचाव करने आई तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बदरीनाथ और यमुनोत्री में चार तीर्थयात्रियों की मौत

ब्यूरो, देहरादून

- चारधाम यात्रा में अब तक 157 यात्रियों की हो चुकी मौत

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की मौतों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को बदरीनाथ व यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। चारधाम यात्रा पर अब तक 157 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।

चारधाम यात्रा इस वर्ष 10 मई से प्रारंभ हुई। यात्रा को लेकर शुरू से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। हालांकि शासन-प्रशासन द्वारा यात्रा को लेकर तमाम व्यवस्थाएं की हैं लेकिन भीड़ की वजह से दिक्कतें भी सामने आती रही हैं। चारधाम यात्रा में रजिस्ट्रेशन के बाद ही यात्री व वाहनों के आने की व्यवस्था है। रजिस्ट्रेशन के वक्त भी संबंधित व्यक्ति को स्वास्थ्य परीक्षण आदि का भी उल्लेख करना होता है। वहीं इस संबंध में शासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए समय-समय पर मौसम आदि से संबंधित एडवाइजरी जारी की जाती है। इसके बाद भी यात्रा पर आए दिन श्रद्धालुओं की मौत की खबरें आ रही हैं।

राज्य आपदा परिचालन केंद्र के मुताबिक रविवार को बदरीनाथ और यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए चार यात्रियों की जान चली गई। वहीं, अब चारधाम यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले यात्रियों की संख्या 157 पहुंच गई है। चारधाम यात्रा के दौरान अब तक केदारनाथ में सबसे ज्यादा 73 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं, बदरीनाथ में 38, गंगोत्री में 13 और यमुनोत्री धाम में 29 यात्रियों की मौत हुई है। ज्यादातर मौतें हृदयगति रुकने से हुई हैं।

### बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव खिरिया बाकरपुर के जंगल में मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया था। रविवार को मेडिकल परीक्षण कराने और डीएनए टेस्ट के लिए सैंपल लेने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

थाना कादचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी 10 साल की बच्ची को भुट्टा खिलाने के बहाने 14 जून को गांव मौसमपुर निवासी वीरेश यादव ने खेत पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने उसके रिश्तेदार और परिचितों को उठाकर पूछताछ की। शनिवार को पुलिस ने उसे खिरिया बाकरपुर के जंगल से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। उसके पैर में गोली लगी थी। सिपाही मोहित भी कंधे पर गोली लगने से घायल हुआ था।

# जलभराव से गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** ब्लॉक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत मौलागढ़ का रकवा मिलक के मुख्य मार्ग पर कई दिनों से जल भराव की समस्या बनी हुई है। यह गैस गोदाम रोड पर खुलता है। यहां के लोग जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। शिकायत के बाद ग्राम प्रधान ने समस्या का समाधान नहीं कराया है। रविवार की दोपहर लोगों ने प्रदर्शन कर समस्या के समाधान की मांग की है।

नगर से सटे गांव मिलक की आबादी करीब चार हजार है। इस गांव की मुख्य सड़क गैस गोदाम रोड पर खुलती है। मगर मुख्य सड़क पर कुछ दिनों से जल भराव की समस्या बनी हुई है।

गांव से बाहर जाने का मुख्य मार्ग होने से लोगों को आवागमन के दौरान परेशानी उठानी पड़ रही है। लोग जलभराव के बराबर बने प्लाट से होकर गुजरने को मजबूर है। कोचिंग जाने वाले छात्र-छात्राओं की साइकिल अक्सर जलभराव से गुजरने के दौरान गिर जाती है। गांव के लोग कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत कर चुके हैं। मगर इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं कराया गया है। इसके अलावा गांव में किसी की मौत हो जाती है। तो श्मशान घाट जाने का यही एक मुख्य मार्ग है। जब लोग अर्थी लेकर श्मशान घाट जाते हैं, तो उन्हें जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है।

समस्या का समाधान नहीं होने पर रविवार की दोपहर लोगों ने प्रदर्शन किया। जिसमें अजय सैनी, उमेश सैनी, मुकेश सैनी, प्रताप, आदित्य शर्मा, सौरभ शर्मा, राजू सैनी, राजीव, शारदा, मुन्नी, कमला, मोनू, भगवान दास, हरी शंकर, राहुल, आदेश आदि मौजूद रहे।



गैस गोदाम रोड पर जलभराव को लेकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

- अर्थी ले जाने में भी होती है बेहद ही परेशानी
- मौलागढ़ के मिलक में आती है गैस गोदाम की सड़क

### नकदी और चोरी का अन्य सामान बरामद, दो गिरफ्तार

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में मनोटा पुल के पास सैदनगली तिराहे के पास खड़े चोरी के सामान व नकदी के साथ खड़े दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर दोनों का चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी सालिम व थाना क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी माजिद उर्फ सद्दाम ने 12 जून की रात को रतूपुरा निवासी खेम सिंह के घर में घुसकर नकदी व अन्य सामान चोरी किया था। रविवार को माजिद उर्फ सद्दाम व सालिम थाना क्षेत्र में गांव मनोटा पुल के पास स्थित तिराहे पर खड़े हुए थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सालिम व माजिद उर्फ सद्दाम को हिरासत में ले लिया।

तलाशी लेने पर चोरी के 7600 रुपये की नकदी, बैंक की पास बुक, आधार कार्ड व दो जोड़ी कपड़े बरामद हुए। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने सालिम व माजिद उर्फ सद्दाम का चालान कर दिया।

# नियमों के उल्लंघन में 215 वाहनों का चालान, दो सीज

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस और थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर हूटर, सायरन, काली फिल्म, अवैध रूप से लाल नीली बत्ती लगाने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की। जिसमें 527 वाहनों को चेक किया गया तथा 215 वाहनों के चालान एमवी एक्ट के तहत किए गए। दो वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की। पुलिस ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन 28500 शुल्क जमा कराया।

अभियान के तहत प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर अनावश्यक रूप से खड़े टेंपो एवं बस के भी चालान किए गए। टेंपो चालकों एवं बस चालकों को हिदायत दी कि वाहन निर्धारित स्टैंड पर ही खड़ा किया जाए। दो पहिया वाहन चालक सदैव हेलमेट लगाएं और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर सफर करें। वाहनों में हूटर सायरन का प्रयोग न किया जाए। लोगों से अपील की कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहें। इसके अलावा हयातनगर व हजरतनगर गढी सहित तमाम थानों की पुलिस ने हूटर व नीली,लाल बत्ती वाले वाहनों पर कार्रवाई के लिए चेकिंग अभियान चलाया।



डग्गामार बस का चालान करते टीएसआई अनुज मलिक।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## सार-संक्षेप

### मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया पूरा: योगी


डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री।

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर सिविल हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नदृष्टा बताया। योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी त्यागना पड़ा। कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

### एक्सप्रेस-वे से डबल डेकर बस नीचे गिरी, 40 घायल

**कन्नौज, अमृत विचार :** जौनपुर से 110 यात्रियों लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर बस थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार की सुबह चालक को झपकी आने से डिवाइडर को तोड़ते हुए कई पलटियां खाकर नीचे खाई में जा गिरी। दुर्घटना में करीब 40 यात्री घायल हो गये। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर 12 यात्रियों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। सूचना मिलते ही यूपीडा समेत कई थानों की पुलिस के अलावा एंबुलेंस व पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये, जिन्होंने राहत व बचाव कार्य में मदद की। थाना ठठिया क्षेत्र के गांव गढ़ापुरवा निवासी सौरभ कुमार (25) आरएस यादव की डबल डेकर बस लेकर जौनपुर से 110 यात्रियों को बैठा कर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से दिल्ली जा रहा था। बस सौरिख थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह 3:50 पर ग्राम नगला वीरभान के सामने किलोमीटर संख्या 159 पर पहुंची। उसी समय बस चालक सौरभ को झपकी आ गई। इससे बस एक्सप्रेस- वे की डिवाइडर व जाली को तोड़ते हुए कई पलटे खाते हुए नीचे खाई में जा गिरी। एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस दुर्घटना में घायल हुए यात्रियों ने बचाव कार्य कर रहे स्थानीय लोगों पर लूटपाट के आरोप लगाये। घायलों ने अस्पताल में बताया कि घटना के बाद आसपास गांव के ग्रामीणों ने बचाव न करते हुए कई सवारियों के मोबाइल व नगदी पार कर दी।

### भदोही में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**भदोही, एजेंसी :** जिले के औराई थाना इलाके में रविवार को एक महिला का शव फंदे से लटका मिला। औराई थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि खमरिया पुलिस चौकी के पकरी तर मुहल्ले के विकास मौर्या मुंबई में रहते हैं और यहां उनकी पत्नी मीरा देवी (38) अपने दो बेटों साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि विकास 20 जून को मुंबई से वापस घर आया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आज सुबह जब मीरा नहीं उठी तो करीब आठ बजे छोटा बेटा उसे जगाने के लिए कमरे में गया जहां उसकी मां नहीं थी, फिर विकास और बेटा बगल के कमरे में गए जहां मीरा का शव फंदे से लटका मिला। सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है।

### बुलंदशहर का इनामी बदमाश ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार

**बुलंदशहर, एजेंसी :** बुलंदशहर पुलिस ने 25,000 रूपये के इनामी व फरार चल रहे शातिर बदमाश को रविवार को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि जिले के ग्राम दोराऊ थाना डिवाई का निवासी शातिर बदमाश प्रताप का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके विरुद्ध संगीन अपराध करने लगभग आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए पुलिस ने उसे पर 25,000 रूपये का इनाम घोषित कर रखा था। रविवार को गुलावठी पुलिस द्वारा उसे ग्रेटर नोएडा से अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

### बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई की हत्या

**बलिया, एजेंसी :** जिले के उभांव थाना क्षेत्र में कथित रूप से बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक लड़के की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने इस मामले में रविवार को एक युवक समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अठगावा गांव में एक स्कूल के पास पवन राजभर (11) नामक लड़के का शव मिला। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मृतक के पिता नागेंद्र राजभर की तहरीर पर भदौरा तरछापार गांव निवासी हिमांशु यादव नामक युवक और उसके एक अज्ञात साथी के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हिमांशु, पवन की 16 वर्षीया बहन के साथ छेड़खानी करता था जिसका पवन विरोध करता था इसीलिये हिमांशु ने पवन की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### गोतस्कर मुजफ्फर का भाई बना हिस्ट्रीशीटर

**प्रयागराज, अमृत विचार :** माफिया अतीक अहमद के बेहद करीबी ब्लाक प्रमुख व गोतस्कर मुजफ्फर के भाई को भी अब पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बना दिया है। मुजफ्फर के भाई जावेद की भी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इस कार्रवाई के बाद जावेद पर पुलिस की कड़ी निगाह रहेगी। अतीक अहमद के करीबी कौड़िहार ब्लाक प्रमुख व कुख्यात गोतस्कर मुजफ्फर की पहले ही हिस्ट्रीशीट की सूची मे शामिल कर दिया गया था। वही अब उसके भाई जावेद अहमद को भी हिस्ट्रीशीटरों की सूची में शामिल कर दिया गया है।

### ओडीएफ प्लस में शामिल हुए छूटे 274 गांव

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ओडीएफ प्लस में 21 जिलों के 274 गांव शामिल किए गए हैं। जो पहले चरण में अभियान से छूट गए थे। अब इन गांवों को भी मॉडल बनाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में ओडीएफ प्लस के तहत गांवों को मॉडल बनाया जाना है। इस क्रम में अप्रैल में वर्ष 2024-25 के लिए 43,256 गांव चयनित हुए थे। जहां, स्वच्छता, जल संरक्षण, जलनिकासी, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि कार्य किए जाएंगे। जबकि इस अभियान से कई गांव छूट गए थे। जिनका चयन करने के निर्देश केंद्र सरकार ने दिए थे।

# ट्राले के साथ भिड़ंत में पिकअप चालक और क्लीनर जिंदा जले

## कानपुर के बिधनू क्षेत्र में रविवार की सुबह हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, बिधनू/कानपुर

- शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार तड़के हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बिधनू थाना क्षेत्र के शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार सुबह चार बजे ट्राला और पिकअप में आमने-सामने हुई भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में पिकअप के चालक और परिचालक केबिन में फंसने से जिंदा जल गए। ट्राला का चालक फरार हो गया।

घाटमपुर से नौबस्ता (कानपुर) की ओर जा रहे पिकअप की शंभुआ रेलवे पुल पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ईंट लदे ट्राला से टक्कर हो गई। पिकअप के बोनट में धमाके से साथ आग लगने से चालक व क्लीनर केबिन में फंस गए। दोनों करीब 20 मिनट तक जान बचाने के लिए चिल्लाते रहे


मौके ● अमृत विचार

लेकिन कोई पास नहीं पहुंच पाया। आग से ट्राला का केबिन भी जल गया। लेकिन उसका चालक भाग निकला। राहगीरों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घाटमपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर आग बुझाई। लेकिन तब तक पिकअप के चालक- क्लीनर के शव जलकर राख हो चुके थे। विधनू थाना प्रभारी ने बताया मृतक 50 वर्षीय पूरन सिंह लोधी, ग्राम पनवा, तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश का निवासी था। वह पिकअप का मलिक और चालक था।

दूसरा मृतक इस्माइल भी तहसील गैरतगंज का रहने वाला था। दोनों रायसेन से कानपुर आम लेने निकले थे। पिकअप में रखी 20 हजार नकदी भी जली मिली है। मौके पर पहुंचे घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के 10 मिनट में पुलिस पहुंच गई थी। आग विकराल थी जिसे बुझाने तक चालक-क्लीनर जिंदा जल चुके थे।

## बच्ची की हत्या के मामले में चाचा को किया गिरफ्तार

**हरदोई, एजेंसी :** जिले के टड़ियांवा इलाके में आठ वर्षीया एक बच्ची की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके चाचा को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि 19 जून को एक बच्ची का शव गन्ने के खेत में पत्तियों से ढका मिला था। घटना को लेकर बच्ची के पिता ने गांव के ही एक युवक पर पुरानी रंजिश को लेकर हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब जांच शुरू की गई तो बच्ची के चाचा की भूमिका संदिग्ध मिली, जिसके बाद जब उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। सिंह ने बताया कि उसने कबूल किया कि घटना के वक्त वह शराब के नशे में था और बच्ची को अकेला पाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के चीखने-चिल्लाने पर उसका गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

## बरेली के छात्र के आत्महत्या मामले में आठ छात्र पूरी तरह से निष्कासित

कुमारगंज, अयोध्या

- आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का मामला

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में एक माह पूर्व छात्र की आत्महत्या से जुड़े प्रकरण में छात्र-छात्राओं द्वारा आंदोलन करना भारी पड़ा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र-छात्राओं पर बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

अधिष्ठाता छात्रकल्याण डॉ. डीके द्विवेदी ने रविवार को बताया कि अनुशासनहीन आठ छात्रों के खिलाफ निष्कासन की कार्रवाई की गई है। बताया कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा पत्र जारी कर आठ छात्रों को उनके छात्रावास से स्थाई रूप से निष्कासित एवं उनका वर्तमान सत्र शून्य करते हुए डिग्री पूर्ण होने के पश्चात दो वर्षों तक इस विश्वविद्यालय में प्रवेश न मिलने की दंडात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि 13 मई को दोपहर बाद विश्वविद्यालय परिसर के सरयू छात्रावास के रूम नंबर 82 में बरेली के अमानपुर भगवतीपुर गांव निवासी एमएससी के शोध छात्र यशपाल सिंह पुत्र मलखान सिंह का शव फंदे से लटका मिला था। इसके बाद भड़के छात्र साथियों ने धरना- प्रदर्शन शुरू कर दिया था। छात्र आंदोलन के पश्चात विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी की रिपोर्ट पर 21 जून को कृषि विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 310वीं बैठक में अनुशासनहीन छात्रों पर दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

**इन छात्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई**

छात्र पंकज यादव एमएससी एजी अंतिम वर्ष, हर्षवर्धन सिंह एमएससी द्वितीय वर्ष, कामरान आजम पीएचडी अंतिम वर्ष, विकास चौधरी बीएससी एजी प्रथम वर्ष, सदरा किदवई पीएचडी एग्रोनॉमी, ऋषभ मिश्रा पीएचडी फल विज्ञान, रंजना पीएचडी सामुदायिक विज्ञान सहित आठ छात्र-छात्राओं को दंडित किया गया है।

## जिस महिला को मरा समझ अंतिम संस्कार किया, वह जिंदा मिली

गोरखपुर, एजेंसी

जिले के बांसगांव क्षेत्र में जिस महिला को मरा समझ कर शव का अंतिम संस्कार किया गया वह झांसी में जिंदा मिली। पुलिस ने शनिवार शाम को महिला को उसके पति से मिलवाया।

बांसगांव निवासी के राम सुमेर ने हाल में पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी पत्नी फूलमती (40) 15 जून को लापता हो गई है। उसने बताया कि 19 जून को उरुवा बाजार में एक महिला का शव मिला जिसकी पहचान सुमेर ने अपनी पत्नी के रूप में की और उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया।

पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम की जांच में पता चला था कि महिला की गला घोंटकर हत्या की गई थी, इसलिये पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने फूलमती के मोबाइल फोन का पता लगाया तो वह गोरखपुर से 600 किलोमीटर दूर झांसी जिले में सक्रिय मिला और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) में सुल्तानपुर के शुभम नामक व्यक्ति के नंबर पर लगातार बातचीत होना पाया गया।

पूछताछ करने पर शुभम ने पुलिस को बताया कि फूलमती जीवित है और वह उसे गोरखपुर से झांसी लेकर आया है जिसके बाद पुलिस ने शुभम द्वारा बताए गए स्थान पर फूलमती को ढूंढ़ लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जितेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि फूलमती का बयान दर्ज करने के बाद उसे उसके पति के साथ वापस भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि राम सुमेर, फूलमती, शुभम और उस महिला के बीच संबंध क्या संबंध था जिसका अंतिम संस्कार फूलमती समझ कर किया गया।

## महिला एसआई की शिकायत पर एसएचओ हुए निलंबित

**लखनऊ, अमृत विचार:** आगरा में एक प्रशिक्षु महिला एसआई ने एत्माद्दौला थाने के एसएचओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला एसआई के आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाते हुए पुलिस आयुक्त ने आरोपित एसएचओ को निलंबित कर दिया है। प्रशिक्षु महिला एसआई ने शनिवार को पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गौड़ से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि 17 मार्च को उन्होंने एत्माद्दौला थाने में आमद कराई थी। उनके थाने के इंस्पेक्टर दुर्गेश मिश्रा फोन पर अश्लील कमेंट करते थे और ऑफिस में बैठाकर अमर्यादित बातें करते थे। इंस्पेक्टर आए दिन मुझे आवास पर बुलाने की कहते हैं। थाने के बाहर कमरा न लेने को कहते है। पुलिस आयुक्त ने इंस्पेक्टर के साथ ही एत्माद्दौला थाने के एसएसआई अमित कुमार को भी निलंबित किया है। एसएसआई के खिलाफ भी शिकायत मिली थी।

# टॉवर पर चढ़ रोडवेज चालक ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवहन निगम के अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**अमृत विचार :** रोडवेज बस के एक चालक ने रविवार की सुबह मोबाइल टॉवर पर चढ़ कर खूब हंगामा काटा। परिवहन निगम के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर उसने टॉवर से कूदने की धमकी दी।

घंटों मान मनौव्वल किये जाने के साथ ही भ्रष्टाचार के मामले में जांच का आश्वासन मिलने के बाद चालक नीचे उतरा। तब जाकर पुलिस और परिवहन निगम के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। चालक ने आरोप लगाया है कि अप्रैल में वेतन काट लिया गया। मारपीट की फर्जी


टावर पर चढ़ा चालक। (लाल घेरे में)

एफआईआर दर्ज करा दी गई। बस में डीजल खपत ज्यादा बताकर ड्यूटी से हटा दिया गया। टॉवर पर चढ़ने वाला चालक राजू सैनी अलीगढ़ क्षेत्र के अतरौली डिपो में संविदा पर तैनात है। रविवार सुबह राजू सैनी पत्नी भावना, बेटी खुशबू, बेटा अमन के साथ कैसरबाग डिपो पहुंचा। रोडवेज के अधिकारियों की अनदेखी और भ्रष्टाचार के विरोध में राजू कैसरबाग डिपो के निकट स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। सुबह आठ बजे मोबाइल टावर पर चढ़ते ही उसने ऊपर से रोडवेज के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और नीचे कूद कर जान देने का एलान किया। इस दौरान कुछ लोगों ने मोबाइल से उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# अयोध्या में 20 जगह धंसा रामपथ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पहली बारिश के बाद अयोध्या की नई तस्वीर सामने आई है। सबसे आकर्षक रामपथ लगभग 20 स्थानों पर धंस गया। सीवर लाइन नंगी हो गई है। कई मोहल्लों में पानी लबालब है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं मिली। यातायात के लिए पुलिस लगाई गई है। सड़क पर बैरियर हैं। रोलर और जेसीबी सड़क पर हैं। सफेद गिट्टी से गडढे भरे जा रहे है। पैबंद लगाने का काम तेज है।

अयोध्या में शनिवार रात करीब 10 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज हवा चली तो लोगों को गर्मी से राहत मिली। कभी तेज तो कभी धीमी बारिश ने राहत तो दी लेकिन इसी के साथ रामनगरी से पुराने शहर फैजाबाद की नई तस्वीर भी देखने को मिली। रामपथ के साथ शहर में डाली सीवर लाइन ने शहर


13 किलोमीटर क्षेत्र में जगह-जगह सड़क पर इसी तरह के हो गए है गड्ढे। ● अमृत विचार

- जेसीबी और रोलर सड़क पर पैबंद लगाने का काम तेज

के कई हिस्सों को गड्ढों में तब्दील कर दिया। श्रीराम मंदिर जाने के लिए सबसे आकर्षक रामपथ की दुर्गति सामने आ गई। सहादतगंज हनुमानगढ़ी से रिकाबगंज चौराहे तक लगभग 11 स्थानों पर राम पथ धंस गया। ज्यादातर गड्ढे सहादतगंज से अयोध्या के बीच बांयी पटरी पर देखे गए। रिकाबगंज से अयोध्या के बीच नौ स्थानों पर रामपथ धंसा। बारिश तो रात भर हुई। सुबह जैसे-जैसे पानी रिसकर जमीन में पहुंचता रहा मिट्टी पटाई नीचे बैठती रही। राम पथ के गडढे सामान्य नहीं थे। ऊपर से केवल गोला दिखता था लेकिन अंदर नदी के करार की तरह था।

## वर्ग पहेली-110

**बाएं से दाएं**

1. 1. छोटा-सा मठ 2. छोटा मंदिर या देवालय 3. साधु या संन्यासी की समाधि स्थल के समीप बनी हुई कुटिया, झोपड़ी 4. छोटा घर 5. छोटा मंडप।

4. 1. पदसंज्ञित 2. नामज़द 3. मनोनीत, नामित, निर्दिष्ट।

6. दे. इनाम।

7. 1. सरसों की एक किस्म, तोड़िया 2. स्त्रियों का एक आभूषण।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मत या विचार रखने वाला 2. किसी मत या संप्रदाय का अनुयायी।

2. 1. अवनति करने वाला या गिराने वाला 2. जिसका पतन या नाश होने वाला हो 3. नीचे की ओर गिराने वाला या ले जाने वाला।

3. 1. सूद, ब्याज 2. दूसरी या अन्य कला 3. लाभ।

4. प्रकाशित करना, रोशन करना।

5. 1. चपत, थप्पड़ 2. मारपीट 3. धोखा, छल।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | | | | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 5 |
| 6 | | | ■ | 7 | |

**वर्ग पहेली -109 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 वि | दे | श |
| 2 अ | ■ | 3 ज़िं | ■ | ■ | ■ |
| नि | ■ | 4 दा | दू | पं | थी |
| बं | ■ | दि | ■ | ■ | ■ |
| 5 ध | 6 व | ली | ■ | 7 टु | ■ |
| ■ | ज | ■ | 8 चौं | क | ना |
| 9 पी | ह | री | ■ | ड़ा | ■ |

## सुडोकू -23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 5 | | 1 | 6 | | 4 | |
| | 6 | | 8 | 7 | | | | 9 |
| 8 | | 3 | | 2 | | | | 1 |
| | | | | 4 | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |
| | | 9 | | 3 | | | | |
| 5 | | | | 6 | | 2 | | 7 |
| 6 | | | | 5 | 1 | | 8 | |
| | 4 | | 7 | 9 | | 1 | 6 | |

**सुडोकू - 22 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 6 | 4 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 1 | 6 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 8 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 25 जून 01.23 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष:** आज का दिन पारिवारिक दृष्टि से उत्तम रहेगा तथा सभी के बीच आपसी स्नेह बढ़ेगा। इस दौरान आपकी पुराने मित्रों से भी बातचीत हो सकती है जिससे मन भावुक हो सकता है। परिवार के साथ घूमने का विचार बन सकता है।

**वृष:** आज यदि आप प्राइवेट नौकरी करते हैं तो आपके बॉस आपसे खुश हो सकते हैं व पदोन्नति भी संभव है। यदि अभी-अभी आप कॉलेज में दाखिल हुए हैं तो कुछ सहपाठियों के द्वारा चुनौती मिल सकती है जिससे मन कुंठित रहेगा। धर्म के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा।

**मिथुन:** आज पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए कोई नया ऑफर मिलने की संभावना है, लेकिन किसी भी निर्णय को लेने से पहले उस पर अच्छे से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज यदि आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में लगे हैं तो आपको अपना पैटर्न बदलने की आवश्यकता है। आप अपने लिए नए विषयों का भी चुनाव कर सकते हैं। भोग और विलासिता वाली जीवनशैली के प्रति आप आकर्षित रहेंगे।

**सिंह:** आज यदि आप संगीत, कला या रचनात्मक क्षेत्र में काम करते हैं तो आपको अपने प्रतिद्वंद्वी से कड़ी चुनौती मिल सकती है, लेकिन ऐसे समय में उससे भागने की बजाए डटकर सामना करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी।

**कन्या:** आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने सहकर्मियों का भरपूर साथ मिलेगा जो उन्हें उनके काम में सहयोग देगा। अध्यापक भी आपसे प्रसन्न होंगे तथा कॉलेज में आपको कोई सम्मान भी मिल सकता है। पिता से परामर्श लेना आपके लिए हितकर होगा।

**तुला:** आज आर्थिक दृष्टि से खर्चों में बढ़ोतरी होगी। यदि आप व्यापार के क्षेत्र में हैं तो आप अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से खर्चे करेंगे जिससे मानसिक तनाव होने की भी आशंका है। ऐसे में कोई भी बड़ा खर्चा करने से पहले उस पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श अवश्य कर लें।

**वृश्चिक:** आज यदि आपका अपने साथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद या लड़ाई-झगड़ा चल रहा है तो वह समाप्त हो जाएगा। यदि आपके मन में कोई शंका है तो उनसे बात करने के लिए अनुकूल है। इसलिए उनसे खुलकर बात करें।

**धनु:** आज परिवार के सदस्यों का आपके प्रति प्रेम और बढ़ेगा तथा वे आपके लिए कुछ नया करने का प्रयास कर सकते हैं। किसी से बात करते समय अपने शब्दों के चुनाव पर ध्यान दें तथा कटु वचन कहने से बचें।

**मकर:** आज दिन की शुरुआत में आपका जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है तथा दोनों के बीच मतभेद उभरकर आयेंगे। किसी भी प्रकार की द्वेष भावना को मन में न आने दें तथा उनसे खुलकर बात करें।

**कुंभ:** आज मानसिक रूप से आपको सिर दर्द, चिंता व तनाव की समस्या हो सकती है जिससे मन बेचैन रहने की संभावना है। ऐसे में तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें तथा प्रतिदिन योग को अपने जीवन में स्थान दें।

**मीन:** आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो किसी तीसरे के द्वारा आपको भ्रमित करने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि आप उसके जाल में आसानी से नही आएंगे, लेकिन इससे आपके रिश्ते में दरार पड़ सकती है। इसलिए पहले से ही इसको लेकर सतर्क रहें।

## आज का पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| 4 बु. 5 | गु. 2 | 1 मं. |
| के. | शु. सू. 3 | |
| 6 | 9 | 12 रा. |
| 7 8 | 10 चं. | श. 11 |

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 15.54 तक तत्पश्चात श्रवण।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जान से प्यारा — सुबह : 11.21
चाइना गेट — रात : 07.20

**&pictures**
आई — सुबह : 10.45
लव हास्टल — रात : 08.00

**Sony Pix**
टार्जन — सुबह : 10.57
जॉन रैंबो — रात : 09.00

**Zee Cinema**
चेन्नई वर्सेज चाइना — सुबह : 08.53
रावणासुर — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
बेमिसाल — सुबह : 11.35
तनु वेड्स मनु — शाम : 05.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**


कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

# आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच से बढ़ रहा : शाह

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने की बाढ़ से निपटने के उपायों की समीक्षा, आधुनिक तकनीक के विस्तार पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी


नई दिल्ली में बैठक की अध्यक्षता करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

- सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से बाढ़ प्रबंधन परामर्श लागू करने की अपील

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को उच्चस्तरीय बैठक में बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों और इस समस्या को कम करने के लिए व्यापक तथा दूरगामी नीति बनाने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा की। शाह ने पिछले साल लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर चर्चा हुई।

उन्होंने बादल फटने से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से उपलब्ध कराए गए चित्रों के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत का आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी परामर्श को समय पर लागू करने की अपील की।

उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों की हर साल जांच करनी चाहिए। शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्ययन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लडगेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र आवश्यकता के अनुरूप और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए। शाह ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिज़ाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए।

### ब्रह्मपुत्र का पानी मोड़कर कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन करें विकसित

शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन विकसित हों। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समुचित एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने इसके लिए फायरलाइन बनाने, सूखे पत्तों को हटाने और स्थानीय निवासियों और वनकर्मियों के साथ मॉक ड्रिल की ज़रूरत पर बल दिया। गृह मंत्री ने एनडीएमए को जंगल में लगने वाली आग से निपटने के लिए मैनुअल तैयार करने को भी कहा। बैठक में भारतीय मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग ने विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सभी विभागों ने मानसून को लेकर हुई तैयारियों और कार्ययोजना के बारे में बताया। दो घंटे चली बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, राज्यों के गृह सचिव, जल संसाधन, नदी विकास एवं नदी संरक्षण पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालयों के अधिकारी, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य एवं सचिव, एनडीआरएफ और मौसम विभाग के महानिदेशक, केंद्रीय जल आयोग, एनएचएआई के अध्यक्ष और संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## महिला कांस्टेबल से दुष्कर्म के आरोप में एसआई के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक शादीशुदा महिला कांस्टेबल के साथ दुष्कर्म और उत्पीड़न के आरोप में 32 वर्षीय पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह अपराध 2020 से जुलाई 2022 के बीच सानपाड़ा इलाके में हुआ था। आरोपी ने 26 वर्षीय पीड़िता से दोस्ती की और उसे शादी का झांसा देकर सानपाड़ा के फ्लैट में उससे कई मौकों पर कथित दुष्कर्म किया। दोनों ही मुंबई पुलिस में हैं। आरोपी ने पीड़िता से समय-समय पर 19 लाख रुपये भी लिए, लेकिन उसने केवल 14.6 लाख रुपये ही लौटाए। आरोपी ने महिला का पीछा भी किया। साथ ही पीड़िता को अपने पति को छोड़ने के लिए भी कहा और ऐसा न करने पर उसे मारने की धमकी दी। महिला द्वारा मुंबई के पंत नगर पुलिस थाने में दी गई शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज हुई थी।

## तमिलनाडु शराब कांड की हो सीबीआई जांच : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी




- बोलीं- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी को इस मामले पर देना चाहिए बयान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती है।

उन्होंने कहा कि मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। ऐसे राज्य में जहां सरकार की ओर से संचालित तस्माक दुकानों से लाइसेंसी शराब मिलती है, उसके बावजूद कलाकुरची शहर के बीच में केमिकल आधारित अवैध शराब परोसी जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहां हैं, राहुल गांधी कहां हैं। वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब जहरीली शराब से दलित मर रहे हैं तो एक बयान नहीं आता।

उन्होंने उस मामले में गांधी और खड़गे से बयान देने की मांग भी की। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को देने की मांग की।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी का शव बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने घुसपैठ-रोधी अभियान के दौरान मारे गए एक आतंकवादी का रविवार को शव बरामद किया। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर कहा, उरी सेक्टर में 22 जून को शुरू किए गए घुसपैठ-रोधी अभियान में एक आतंकवादी मारा गया है। अभियान अभी भी जारी है। सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा के पास दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद उरी सेक्टर के गोहल्लान इलाके में घुसपैठ-रोधी अभियान शुरू किया था।

### आत्महत्या से पहले बेटी मां व कुत्ते को मारी गोली

**चंडीगढ़।** पंजाब के बरनाला जिले में एक व्यक्ति ने अपनी मां, बेटी और कुत्ते की गोली मारकर हत्या करने के बाद अपनी भी जान ले ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम रामराज्य कॉलोनी में व्यक्ति के घर यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि कुलबीर मान सिंह ने रिवॉल्वर से पहले अपनी बेटी निमरत कौर (21) को और अपनी मां बलवंत कौर (85) तथा पालतू कुत्ते को गोली मारी। इसके बाद व्यक्ति ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मान लंबे समय से तनाव में था। मान की बेटी हाल ही में कनाडा से लौटी थी। उसने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## शिक्षा व्यवस्था माफिया के हवाले : प्रियंका गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'नीट-यूजी' सहित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर रविवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इसने पूरी शिक्षा प्रणाली को माफिया और भ्रष्टाचारियों के हवाले कर दिया है। कांग्रेस नेता की इस टिप्पणी के ठीक एक दिन पहले, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार निकाय एनटीए के कामकाज की समीक्षा और परीक्षा में सुधार की सिफारिशों के लिए समिति गठित की है। केंद्र सरकार ने शनिवार को एजेंसी के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटा दिया और नीट-यूजी में अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंप दी।

प्रियंका ने एक्स पर कहा कि नीट-यूजी का प्रश्नपत्र लीक हुआ, वहीं नीट-पीजी, यूजीसी नेट और सीएसआईआर-नेट रद कर दिए गए। देश की बड़ी परीक्षाओं का यह हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफिया-भ्रष्टाचारियों के हवाले है। लालची-चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंपने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद, कैंपस से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा-व्यवस्था की पहचान बना दिया है।

### नीट घोटाले का जिम्मा सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं पर एनटीए की नौकरशाही में फेरबदल पर प्रधानमंत्री मोदी की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी दूसरों पर डालने के बजाय सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि एनटीए को स्वायत्त निकाय बताया गया लेकिन असल में इसे भाजपा/आरएसएस के हितों को पूरा करने के लिए बनाया गया। उन्होंने ये बाते एक्स किए पोस्ट में कही।

## गोहत्या मामलाः मध्यप्रदेश के मुरैना में दो आरोपियों के खिलाफ लगाई रासुका

**मुरैना (मध्यप्रदेश)।** मुरैना जिले के गांव से गोमांस बरामद होने के बाद गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गोहत्या की शिकायत के बाद पुलिस ने जिले के नूराबाद गांव की बंगाली कॉलोनी स्थित मकान से गोमांस और गाय की खाल जब्त की थी। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आदर्श शुक्ला ने बताया कि अनिपाल गुर्जर ने शिकायत दी थी कि उसने कुछ लोगों को गोहत्या करते देखा और जब उसने विरोध किया तो उन लोगों ने उस पर हमला किया। दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। एएसपी अरविंद ठाकुर ने बताया कि आरोपी असगर और रेतुआ पर रासुका के तहत मामला दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया गया।

## मणिपुर में फिर गोलीबारी, सुरक्षा बलों को भेजा गया

इंफाल, एजेंसी

- एक घंटे हुई गोलीवार, कोई हताहत नहीं हुआ :पुलिस

मणिपुर में दो संघर्षरत समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के बीच फिर से गोलीबारी हुई है। रविवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे पड़ोसी कांगपोकपी जिले में पर्वतीय क्षेत्रों से इंफाल पूर्व जिले के थामनापोकपी और लामलाई इलाकों की ओर गोलियां चलानी शुरू कीं।

उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण स्वयंसेवकों ने जवाबी गोलीबारी की। इलाके में स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए सुरक्षा बलों को भेजा गया गया है। अधिकारी ने बताया कि एक घंटे बाद गोलीबारी थम गई और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इंफाल घाटी में रहने वाले मेइती और पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## बैराज के सभी फाटक हरियाणा ने किए बंद

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा, क्योंकि हरियाणा ने हथिनीकुंड बैराज के सभी फाटक बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर अपना अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखेंगी।

आतिशी ने कहा कि यमुना नदी पर बने बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी घोर जल संकट का सामना कर रही है और दिल्ली को जल मुहैया कराए जाने की मांग को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। उनका अनशन तीसरे दिन, रविवार को भी जारी है। आप ने कहा कि चिकित्सकों ने आतिशी को उनका अनशन समाप्त करने की सलाह दी है। मंत्री ने दावा किया कि हरियाणा सरकार ने पूछा कि जब उसके पास पर्याप्त आपूर्ति नहीं है तो वह दिल्ली के लिए पानी कैसे छोड़ेगी। आतिशी ने दावा किया, लेकिन शनिवार जब कई पत्रकार हथिनीकुंड बैराज पर गए, जहां से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, तो सभी ने फोटो खींचे और वीडियो बनाए, जिसमें साफ दिख रहा है कि बैराज में पानी है, लेकिन जिन गेट से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, वे बंद हैं।

उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा सरकार से विनती करती हूं कि हथिनीकुंड बैराज के गेट खोल दीजिए। दिल्ली वालों का पानी छोड़ दीजिए। दिल्ली वालों को उनके हक का पानी मिलना चाहिए।

### जल संकट पर आप प्रतिनिधि उपराज्यपाल से मिले

**नई दिल्ली।** आप के प्रतिनिधिमंडल ने जल संकट को लेकर रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से मुलाकात की और कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि इस मुद्दे को हरियाणा सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आप सांसद संजय सिंह और आप विधायक सोमनाथ भारती 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे जिसने सक्सेना से मुलाकात की। भारद्वाज ने कहा, मानसून 28 जून के आसपास आने की उम्मीद है। शिमला समेत हिमाचल प्रदेश में बारिश शुरू हो चुकी है। यह एक सप्ताह की बात है। हमने उनसे इस एक सप्ताह के लिए दिल्ली को पानी दिलाने का अनुरोध किया है। सक्सेना ने उन्हें इस मामले में हरियाणा सरकार से बात करने का आश्वासन दिया है।

## महिला की हत्या कर ट्रेनों में रखे शव के टुकड़े, 60 वर्षीय व्यक्ति धराया

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** उज्जैन में दुष्कर्म में नाकाम रहने पर महिला की हत्या के बाद उसके शव के टुकड़े अलग-अलग यात्री ट्रेनों में रखने के आरोप में जीआरपी ने रविवार को 60 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

जीआरपी अधिकारी ने बताया कि 37 वर्षीय महिला के हाथ और पैर ऋषिकेश में यात्री ट्रेन में 10 जून को मिले थे, जबकि उसके शरीर के बाकी हिस्से इंदौर में एक अन्य यात्री ट्रेन से नौ जून को मिले थे। जीआरपी की इंदौर इकाई के पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने बताया कि महिला की नृशंस हत्याकांड के आरोप में कमलेश पटेल (60) को उज्जैन से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि रतलाम जिले की महिला पति से झगड़े के बाद 6 जून को घर छोड़कर चली गई थी। परिवार ने 12 जून को बिलपांक पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। महिला उज्जैन रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। पटेल महिला को घर ले गया और उसे भोजन में नींद की गोली मिलाकर दी। नींद आने पर पटेल ने दुष्कर्म का प्रयास किया, लेकिन नींद खुल गई और महिला ने शोर मचा दिया। पटेल ने रस्सी से गला घोटकर महिला की हत्या कर लाश के टुकड़े ट्रेन में रख दिए ताकि उसकी पहचान न हो सके।

# कारोबार/कृषि

## इलेक्ट्रॉनिक की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर होगी 240 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक और सब-असेंबली की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर 240 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें मदरबोर्ड, लिथियम आयन बैटरी, कैमरा मॉड्यूल आदि जैसे कुछ प्रमुख कलपुर्जे शामिल हैं, जिन्हें बड़े पैमाने पर आयात किया जाता है।

रिपोर्ट में सरकार से आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 35-40 प्रतिशत की सीमा में उच्च प्रोत्साहन के साथ संशोधित इलेक्ट्रॉनिक घटक की उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाएं लाने की सिफारिश की गई है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 102 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का समर्थन करने के लिए घटकों और 'सब-असेंबली' की मांग 45.5 अरब डॉलर थी।

# राज्यों को समय से पहले मुआवजा दे सकता है केंद्र

## जीएसटी क्षतिपूर्ति : केंद्र ने 2020-21 और 2021-22 में राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ का लिया था कर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- तय समय से चार महीने पहले नवंबर 2025 तक चुकाया जा सकता है कर्ज
- बाजार से लिए कर्ज का भुगतान मार्च 2026 तक किया जाना था

केंद्र सरकार माल एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति के तहत राज्यों को मुआवजा देने को लिए गए कर्ज का समय से पहले भुगतान कर सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में जीएसटी राजस्व क्षतिपूर्ति के लिए राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

उन्होंने बताया कि कर्ज को तय समय से चार महीने पहले नवंबर, 2025 तक चुकाया जा सकता है। बाजार से लिए गए कर्ज का पूरा भुगतान मार्च, 2026 तक किया जाना था। अधिकारी ने कहा कि अगस्त में जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद है। माल और सेवा कर लागू होने के बाद राज्यों के राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए मुआवजा उपकर को शुरू में पांच साल के लिए लाया गया था। क्षतिपूर्ति उपकर जून, 2022 में खत्म हो गया, लेकिन लेवी के जरिये जमा की गई राशि का उपयोग केंद्र द्वारा कोविड-19 के दौरान उधार लिए गए 2.69 लाख करोड़ रुपये के ब्याज और मूलधन को चुकाने के लिए किया जा रहा है। जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में शनिवार को कर्नाटक ने क्षतिपूर्ति उपकर लगाने, ऋण राशि के पुनर्भुगतान और आगे की व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा उठाया था। अधिकारी ने कहा कि राज्यों को बता दिया गया है कि ऋण राशि का भुगतान जल्दी किया जा सकता है। मार्च, 2026 के बजाय नवंबर, 2025 तक ऐसा हो सकता है। इसलिए नवंबर, 2025 से आगे उपकर राशि का बंटवारा कैसे किया जाएगा, इस सब पर अगली परिषद की बैठक में चर्चा की जाएगी।

### जीएसटी परिषद तीन मंत्री समूहों का करेगी पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद को उसके तहत आने वाले तीन मंत्री समूहों (जीओएम) का पुनर्गठन करना होगा। इसका कारण यह है कि 11 राज्यों के नए मंत्री शनिवार को परिषद में शामिल हो गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा से 11 नए मंत्री शामिल हुए। परिषद में नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण, जीएसटी के तहत रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने और जीएसटी प्रणाली में सुधार पर तीन मंत्री समूहों का पुनर्गठन किया जाएगा। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह का फरवरी में ही पुनर्गठन किया जा चुका है। इसके संयोजक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, जबकि अन्य तीन के पुनर्गठन की अधिसूचना अभी तक जारी नहीं हुई है। गठित समूह में ओडिशा से वित्त मंत्री को शामिल किया जाना है।

### जीएसटी भुगतान से पहले बिक्री रिटर्न फॉर्म में संशोधन संभव

**नई दिल्ली।** जीएसटी करदाताओं के पास अब मासिक या तिमाही करों के भुगतान से पहले बाहरी आपूर्ति या बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 में संशोधन का विकल्प होगा। परिषद ने बैठक में करदाताओं को कर अवधि के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 में विवरण संशोधित करने और अतिरिक्त विवरण जोड़ने की सुविधा के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 ए के जरिए नयी वैकल्पिक सुविधा देने की सिफारिश की थी। हालांकि, उक्त कर अवधि के लिए जीएसटीआर-3बी में रिटर्न जमा करने से पहले जीएसटीआर-1ए दाखिल करना होगा। केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख और पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि जीएसटीआर-1 में दिए विवरण में संशोधन की अनुमति से कर भुगतान से पहले लिपिकीय और अनजाने में होने वाली गलती को सुधारने का एक मौका मिलेगा।

## सऊदी अरब में इस्पात संयंत्र जल्द स्थापित करेगा एस्सार

नई दिल्ली, एजेंसी





- 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा एस्सार

एस्सार समूह सऊदी अरब में कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात संयंत्र के निर्माण में 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है। समूह के शीर्ष अधिकारी प्रशांत रुइया ने यह जानकारी दी है। यह मंजूरी किसी भी समय मिल सकती है, जिसके बाद समूह सऊदी अरब में रास अल-खैर में बंदरगाह सुविधाओं के साथ 40 लाख टन सालाना क्षमता के इस्पात संयंत्र पर काम शुरू कर देगा।

समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक रुइया ने कहा कि हमें अब भी सभी अंतिम मंजूरियां नहीं मिली हैं। यह संयंत्र सऊदी अरब की घरेलू इस्पात मांग को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब एक बड़े वृद्धि के दौर में है। वहां आज बड़ी मात्रा में इस्पात का आयात किया जाता है। ऐसे में मूल रूप से यह एक घरेलू संयंत्र होगा। तेल से समृद्ध सऊदी अरब की नजर इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण केंद्र बनने पर है। 2030 तक उसका लक्ष्य सालाना तीन लाख कारों के विनिर्माण पर है। एस्सार समूह ऐसी कारों के साथ-साथ अन्य उपभोक्ता सामान उद्योग की ओर से आने वाले इस्पात की मांग का लाभ उठाना चाहता है।

## एफपीआई ने जून में अब तक शेयरों में 12,170 करोड़ रुपये किए निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी



आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में अबतक (21 जून तकत्र भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपये निवेश किए हैं।

नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के बीच उन्होंने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ से अधिक की राशि निकाली थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि ताजा निवेश के बाद 2024 में एफपीआई की शेयरों से निकासी (21 जून) 11,194 करोड़ रुपये रही है।

## ई-कॉमर्स निर्यात बढ़ाने को राजस्व विभाग व डीजीएफटी कर रहे काम

**कोलकाता।** देश से ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) राजस्व विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है। देशभर में निर्दिष्ट ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिससे ऑनलाइन निर्यात को सुसंगत बनाया जा सकेगा।

सूत्रों के अनुसार देश का ई-कॉमर्स निर्यात दो अरब डॉलर है, जबकि चीन का 350 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक सहयोगी ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करके इस अंतर को पाटना है। विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी ने कहा कि इस संबंध में बहुत चीजें सुव्यवस्थित करने की जरूरत है। हम राजस्व विभाग के साथ ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित करने पर काम कर रहे हैं, ताकि माल की खेप को मंजूरी में तेजी लाई जा सके। इन केंद्रों में समर्पित सीमा शुल्क और जांच जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे पहले से मंजूरी प्राप्त पार्सल को हवाई अड्डों पर ग्रीन चैनल से आगे बढ़ाया जा सकेगा और आगे इनकी जांच की जरूरत नहीं होगी।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ी, 831 अन्य देरी से चल रहीं
- मई, 2024 तक इन पर 17,07,190.15 करोड़ हो चुके हैं, खर्च जो लागत का 51.3% है

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है। मई, 2024 तक इन परियोजनाओं पर 17,07,190.15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.3% है। मंत्रालय ने कहा है कि समयसीमा के हिसाब से देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या 554 पर आ जाएगी। 831 परियोजनाओं में से 245 एक से 12 महीने, 188 13 से 24 महीने की, 271 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 127 परियोजनाएं 60 महीने देरी से चल रही हैं।

## 10 में से 3 कंपनियों का बाजार पूंजी 1.06 लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया। बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।





# टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित

## हमारे खिलाड़ी हर परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परख रहे हैं



एंटीगा, एजेंसी

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा खिलाड़ियों ने मैदान पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतरीन खेल दिखाया जैसे कि उनसे उम्मीद थी। बंगलादेश के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा कि मैं काफी लंबे समय से इस पर अपनी राय रखते आया हूं। हमने आज परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परखा। गेंद और बल्ले दोनों के साथ ही हमारी रणनीति सफल हुई। कुल मिलाकर यह बहुत बढ़िया टीम प्रयास था। हमें मैदान में उतर कर उसी तरह का खेल खेलना है, जो हमसे उम्मीद की जाती है। हर बल्लेबाज को अपनी भूमिका होती है। आज सिर्फ एक बल्लेबाज ने ही अर्धशतक लगाया, लेकिन इसके बावजूद हम 196 स्कोर तक पहुंच गए।

मुझे नहीं लगता कि टी-20 में यह मायने रखता है कि आप कितने अर्धशतक या शतक लगा रहे हैं बल्कि यह अधिक जरूरी है कि आप विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में कितने सफल हैं। मैंने पिछले मैच के बारे में भी कहा था कि सूर्या के साथ उनकी साझेदारी हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण थी। हमें हार्दिक की क्षमता का पता है। आज उन्होंने इस बात की मिसाल पेश की कि वह बल्ले के साथ क्या कमाल दिखा सकते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले ने भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर कहा कि इंटेंट के साथ बल्लेबाजी करना अहम है।

भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा है और आठ नंबर पर बल्लेबाजी विकल्प के रूप में भारत के पास रवींद्र जडेजा हैं। इससे भारत के शीर्षक्रम को छूट के साथ बल्लेबाजी करना का अवसर मिला है।

### शर्मा अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को जल्द बाहर करने की फिराक में

**ग्रोस आइलेट।** आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को आस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी जबकि अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिये यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। अफगानिस्तान से हारने के बाद अब आस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाये। आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर आस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाये जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। तीसरे नंबर पर उतरे ऋषभ पंत रिवर्स हिट लगाने के चक्कर में अक्सर विकेट गंवा रहे हैं और उन्हें इस कमी से पार पाना होगा।



- विराट कोहली पर होंगी सभी की निगाहें
- टीम शीर्षक्रम के प्रदर्शन का कर रही इंतजार
- भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा मैच
- पंड्या ने ऑलराउंडर प्रदर्शन कर दिया जवाब

**टीमें : भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा।

**मैच का समय : रात आठ बजे से।**

## मेरी सबसे कठिन परीक्षा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी : कुलदीप यादव



**ग्रोस आइलेट, एसेंसी।** कुलदीप यादव टी-20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब तक हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं। जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिये और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाये रखना जरूरी है। पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिये हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है।

## खेल डायरी

### नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिये मूत्र के नमूने नहीं दिये थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था।

### श्रीजा ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर में दो स्वर्ण पदक जीते

**लागोस (नाईजीरिया)।** पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला रविवार को फाइनल में चीन की डिंग यिजी को 4-1 से हराकर डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी। श्रीजा ने अर्चना कामथ के साथ मिलकर महिला युगल में हमवतन दीया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े को 3-0 से हराकर दूसरा स्वर्ण भी जीता। इस तरह भारत ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारत ने पुरुष युगल वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता।

### भारतीय टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में जीता कांस्य

**अंताल्या (तुर्की)।** धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। भारत का वर्तमान विश्व कप में यह तीसरा पदक है। उसे अभी दो और पदक मिल सकते हैं।

### रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य

**अंताल्या (तुर्की)।** धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय मिश्रित रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारत ने इसके साथ ही अपना अभियान चार पदकों के साथ खत्म किया। भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था लकिन अंकिता भक्त महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गयी।

# जीत के साथ इंग्लैंड सेमीफाइनल में

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**

गत चैम्पियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के मैच में सह मेजबान अमेरिका को 62 गेंद रहते 10 विकेट से हराकर अपना सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने वाली पहली टीम बन गई।

इससे पहले इंग्लैंड के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका की टीम ने सुपर आठ के अपने आखिरी मैच में 18.5 ओवर में 115 रन पर सिमट गयी। अमेरिका के लिए नितीश कुमार 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कोरी एंडरसन ने 29 रन और हरमीत सिंह ने 21 रन का योगदान दिया।

क्रिस जोर्डन ने 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके। सैम करन और आदिल रशीद ने दो दो जबकि रीस टॉप्ले और लियाम लिविंगस्टोन ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। इससे पहले चैम्पियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में अमेरिका के खिलाफ टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।



अमेरिका को 10 विकेट से हराने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

## वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ खेलों में भारत को रिकॉर्ड 32 पदक

**नयी दिल्ली।** सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के चार अधिकारियों ने फ्रांस में आयोजित 'वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ' खेलों में रिकॉर्ड 32 पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव मलिक, मेजर अनीश जॉर्ज, कैप्टन स्टीफन सेबेस्टियन और कैप्टन डानिया जेम्स (महिला वर्ग में) ने सेंट ट्रोपेज में आयोजित खेलों के 43वें चरण में 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। पेशेवर चिकित्सकों के 'ओलंपिक खेल' माने जाने वाले इन खेलों में कैप्टन सेबेस्टियन ने छह स्वर्ण पदक जीते।

# भारत ने किया द. अफ्रीका का सूपड़ा साफ





दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराकर सीरीज पर कब्जा करने के बाद भारतीय महिला टीम ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती हुई। ● एजेंसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मंधाना लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने से चूक गयी। उन्होंने 83 गेंद में 11 चौके की मदद से 90 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

पिछले दो मैचों में 117 और 136 रन की पारियां खेलने वाली मंधाना ने इस मैच में तीन शानदार साझेदारी कर टीम की जीत में योगदान दिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (25) के साथ 71 गेंद में 61 जबकि दूसरे विकेट के लिए प्रिया पूनिया (28) के साथ 66 गेंद में 62 रन की साझेदारी की। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 48 रन की साझेदारी की।

हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। कप्तान लॉरा वोलवार्ट (61) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और शानदार शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीका बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहा। लॉरा ने 57 गेंद पर 7 चौकों लगाए और तैजमिन ब्रिट्स (38) के साथ पहले विकेट के लिए 119 गेंद में 102 रन की साझेदारी की। ब्रिट्स ने 66 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने सतर्क शुरुआत की। लय में चल रही मंधाना ने छठे ओवर में नेदिन डि क्लर्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर अपने हाथ खोले। अगले ओवर में आयोबोंगा खाका (38 रन पर एक विकेट) के खिलाफ शेफाली ने चौका जड़ा। यह जोड़ी खतरनाक हो रही थी लेकिन 12वें ओवर में तुमी सेखुकुने (43 रन पर एक विकेट) ने शेफाली को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलायी। मंधाना ने 18वें ओवर में नोनदुमिसो शेनगेस के खिलाफ चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

### तीन मैचों की श्रृंखला

- स्मृति मंधाना शतक से चूकीं, 90 रन की खेली तूफानी पारी
- भारतीय महिला टीम ने सीरीज पर किया 3-0 से कब्जा

### वनडे सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय

| खिलाड़ी | बनाम | वर्ष | रन |
|---|---|---|---|
| स्मृति | द. अफ्रीका | 2024 | 342 |
| जया शर्मा | न्यूजीलैंड | 2003 | 309 |
| मिताली | ऑस्ट्रेलिया | 2004 | 289 |
| मिताली | इंग्लैंड | 2010 | 287 |
| पूनम | द. अफ्रीका | 2021 | 263 |

### स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका 215/8 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लॉरा वोलवार्ट का एवं बो अरुंधति | 61 | 57 | 7/0 |
| तैजमिन रन आउट (श्रेयंका/ रिचा) | 38 | 66 | 2/1 |
| मारिजेन कैप का एवं बो पाटिल | 07 | 20 | 0/0 |
| एनेके बॉश का एवं बो अरुंधति | 05 | 09 | 1/0 |
| सुने लूस बो वस्त्राकर | 13 | 23 | 1/0 |
| नेदिन डि क्लर्क बो दीप्ति | 26 | 46 | 2/0 |
| नोनदुमिसो रन आउट (दीप्ति / घोष) | 16 | 29 | 2/0 |
| मेइके डि रिडर नाबाद | 26 | 31 | 2/0 |
| नॉनकुलुलेको म्लाबा बो दीप्ति | 00 | 01 | 0/0 |
| तुमी सेखुकुने नाबाद | 06 | 18 | 0/0 |

**अतिरिक्त** -17 रन, **विकेट पतन :** 1-102, 2-104, 3-114, 4-120, 5-143, 6-174, 7-178, 8-178

**गेंदबाज :** श्रेयंका 1 0-0-35-1, अरुंधति 10-0-36-2, वस्त्राकर 9-0-54-1, दीप्ति 10-0-27-2, राधा 10-0-46-0, मंधाना 1-0-10-0।

**भारत 220/4 (40.4ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना कैच खाका बो म्लाबा | 90 | 83 | 11/0 |
| शैफाली वर्मा कैच बॉश बो सेखुखुने | 25 | 39 | 4/0 |
| प्रिया पुनिया कैच बॉश बो खाका | 28 | 40 | 3/1 |
| हरमनप्रीत रन आउट | 42 | 48 | 2/0 |
| जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद | 19 | 31 | 1/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 06 | 03 | 0/1 |

**अतिरिक्त**- 10 रन, **विकेट पतन :** 1-61, 2-123, 3-171, 4-214

**गेंदबाज :** खाका 9-0-38-1, डि क्लर्क 8-0-45-0, सेखुकुने 8.4-0-43-1, म्लाबा 10-1-55-1, शेनगेस 5-0-37-0।

# ऑस्ट्रेलिया पर अफगान की ऐतिहासिक जीत



ऑस्ट्रेलिया पर जीत की खुशी मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**किंग्सटाउन, एजेंसी**

### टी-20 वर्ल्ड कप

- अफगानिस्तान ने 21 रनों से दी करारी शिकस्त
- रहमानउल्ला गुरबाज और इब्राहिम ने जड़ा अर्धशतक

रहमानउल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) की शानदार बल्लेबाजी की और 148 रनों का लक्ष्य हासिल किया। इसके बाद गेंदबाजी में अफगान के गुलबदीन नईब (चार विकेट) और नवीन उल हक (तीन विकेट) लेकर ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 127 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में बड़ा उलटफेर करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर 21 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

यह जीत इसलिये ऐतिहासिक है क्योंकि अफगानिस्तान ने क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार हराया, वो भी विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंट में। इसी जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ गई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगान की गुरबाज और जदरान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकार्ड 118 रनों की साझेदारी की। 16वें ओवर में स्टॉयनिस ने गुरबाज को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गुरबाज ने 49 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली।

इब्राहिम जदरान ने 48 गेंदों में छह चौके लगाते हुये (51) रनों की पारी खेली। जवाब में उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। इनकी तरफ से सिर्फ मैक्सवैल ने 3 छक्के और 6 चौकों की मदद से 59 रन की पारी खेली। इसके अलावा कप्तान मिशेल मार्श व स्टोइनिस ही ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने दहाई का आंगडा छुआ। ऑस्ट्रेलिया पूरी टीम को अफागन के गेंदबाजों ने ताश के पत्तों की तरह बिखेर दिया।

**60** रन गुरबाज ने 4 छक्के व 4 चौके की मदद से बनाए

**51** रन जदरान ने 6 चौकों की मदद से 48 गेंदें खेल कर बनाए

### सुपर-8 अंक तालिका

**ग्रुप-1**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.425 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.223 |
| अफगानिस्तान | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.650 |
| बंगलादेश | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.489 |

**ग्रुप-2**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.625 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 2 | 1.814 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.412 |
| अमेरिका | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.908 |

### जीत की खुशी में पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी-20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी।

**यूरो कप** — बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंचे

# बेल्जियम ने रोमानिया को दी शिकस्त

**कोलोन (जर्मनी), एजेंसी**

पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2-0 से हरा दिया। यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंची थी। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी।

UEFA EURO2024 GERMANY



बेल्जियम के गोलकीपर कोएन कैस्टेल्स (ऊपर बाईं ओर) गोल को रोकत हुए।

### यूएफा यूरो मुकाबलों में सुरक्षा बढ़ायेगा

**फ्रैंकफर्ट।** यूरोपीय चैम्पियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा (यूरोपीय फुटबॉल संघों के संघ) ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे, हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी। पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा।

# विंडीज व अफ्रीका के बीच करो या मरो का मुकाबला

**नॉर्थ साउंड, एजेंसी**

मेजबान वेस्टइंडीज को टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जायेगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जायेगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं, लेकिन उसे भी जीत जरूरी है। हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी नेट रनरेट पर टिकेगा।

**टीमें : दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**मैच का समय : सुबह छह बजे से।**

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# चुनाव की तारीख को लेकर सट्टेबाजी में घिरा कंजर्वेटिव पार्टी का एक और नेता

लंदन, एजेंसी

- **ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को एक बार फिर आलोचना का सामना करना पड़ा**


ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को रविवार को एक बार फिर आलोचना का सामना पड़ा क्योंकि उनकी पार्टी के एक और वरिष्ठ पदाधिकारी पर आम चुनाव की तारीख पर सट्टा लगाने का आरोप लगा है। देश में आम चुनाव के लिए चार जुलाई की तारीख तय की गई है। यह मामला चुनाव की तारीख घोषित किए जाने से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने से संबंधित है। इससे पहले भी सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पर आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का मामला सामने आ चुका है, जिसकी जांच जारी है।



भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता सुनक ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में सामने आए आरोपों के बारे में जानकर वे बेहद क्रोधित थे जबकि अब पता चला है कि कंजर्वेटिव पार्टी के मुख्य डेटा अधिकारी की भी जुआ-रोधी नियामक द्वारा चुनाव की तारीख की घोषणा से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने के आरोप में जांच की जा रही है। इस संबंध में द संडे टाइम्स की रिपोर्ट में खुलासा होने के बाद निक मेसन ने किसी भी तरह का गलत कार्य करने से इनकार किया है। यह सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के लिए एक नया झटका है, जो पहले से ही सभी चुनाव-पूर्व जनमत सर्वेक्षणों में विपक्षी लेबर पार्टी से बहुत पीछे चल रही है।

इससे पहले, सुनक के चुनाव अभियान की अगुवाई कर रहे टोनी ली और उनकी पत्नी लॉरा सैंडर्स पर चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का आरोप लगा था। ब्रिटेन में सट्टेबाजी कानूनी है, लेकिन अंदरूनी जानकारी का लाभ उठाकर सट्टा लगाना गैरकानूनी है। सुनक ने इस सप्ताह की शुरुआत में संवाददाताओं से कहा था, कई जांच चल रही हैं। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसे न केवल कानूनी कार्रवाई का सामना करना चाहिए, बल्कि मैं यह भी सुनिश्चित करूंगा कि उसे कंजर्वेटिव पार्टी से बाहर निकाल दिया जाए।

**प्रकृति**



कोलकाता में गंगा नदी के तट से डूबते सूरज का मनोरम दृश्य। • एजेंसी

# यूएई पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

नयी दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल-नाहयान के साथ व्यापक वार्ता करने के लिए रविवार को अरब देश की यात्रा पर पहुंचे हैं। जयशंकर और अल-नाहयान के द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर चर्चा करने की उम्मीद है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम के साथ ही भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के समग्र परिदृश्य की समीक्षा करने का अवसर उपलब्ध कराएगी। उसने एक संक्षिप्त बयान में कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इसमें कहा गया है, यात्रा के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष के साथ साझेदारी के व्यापक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में बेहतर हुए हैं।



अबूधाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर में विदेश मंत्री एस जयशंकर। • एजेंसी

- **द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर भी चर्चा की उम्मीद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए हैं। दोनों देशों ने आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए फरवरी 2022 में विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## एक नजर

### हिमाचल के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में आदिवासी लाहौल स्पीति जिले के कई हिस्सों में रविवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जिला प्रशासन के अनुसार भूकंप से जान माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। मौसम विभाग ने बताया कि भारतीय-तिब्बत सीमा से लगे राज्य के कई हिस्सों में सुबह 10:56 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई। भूकंप का केन्द्र 32.63 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.52 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई में था।

### जिया के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध का लगाया आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने प्रधानमंत्री शेख हसीना पर पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के खिलाफ व्यक्तिगत राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाते हुए रविवार को दावा किया कि जिया मृत्युशय्या पर हैं, क्योंकि उन्हें आगे का इलाज कराने के लिए विदेश जाने की अनुमति नहीं दी गई है। डेली स्टार की एक खबर में कहा गया है कि जिया (78) को गुलशन स्थित आवास फिरोजा पर अचानक तबीयत खराब होने के बाद शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे एंबुलेंस से एवरकेयर अस्पताल ले जाया गया।

### अमेरिका के ओहायो में गोलीबारी में 10 घायल

**ओहायो।** अमेरिका के ओहायो राज्य की राजधानी कोलंबस में हुई गोलीबारी में 10 लोग घायल हो गए जिनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से कहा कि गोलीबारी रविवार तड़के शॉर्ट नॉर्थ आर्ट्स जिले में हुई। कोलंबस पुलिस विभाग ने कहा कि सभी घायल पुरुष हैं। गोलीबारी के संदिग्ध की पुलिस तलाश कर रही है जो सफेद रंग की होंडा सिटी में फरार हो गया था।

### यूक्रेन ने रूस में 30 से अधिक ड्रोन भेजे

**कीव।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस की बमबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए, जिसके कुछ ही घंटों बाद शनिवार रात रूस के पश्चिमी क्षेत्रों में 30 से अधिक ड्रोन मार गिराए गए। रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि चार बमों में से एक शनिवार दोपहर पांच मंजिला आवासीय इमारत पर गिरा। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि 41 घायलों का इलाज जारी है।

# शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में कजाकिस्तान नहीं जाएंगे मोदी

## मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से प्रधानमंत्री ने लिया निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

- **3-4 जुलाई को अस्ताना में आयोजित होगा शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन**
- **मध्य एशिया में शांति और सभी देशों के बीच सहयोग बनाए रखने के लिए बनाया गया संगठन**

तीसरी बाद भारत के प्रधानमंत्री का पद संभाल रहे नरेंद्र मोदी अगले महीने कजाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने नहीं जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सम्मेलन में उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हो सकते हैं। सम्मेलन में मोदी के शामिल नहीं होने से कई तरह के सवाल खड़े होंगे। हालांकि एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से भी प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय लिया है।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3-4 जुलाई को होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए अस्ताना नहीं जाने का फैसला किया है। हालांकि, पहले वह एससीओ सिक्योरिटी समिट के लिए कजाकिस्तान जाने थे। इसके चलते उनकी एडवांस सिक्योरिटी टीम ने अस्ताना जाकर सुरक्षा का जायजा भी लिया था। दरअसल,



एससीओ मध्य एशिया में शांति और सभी देशों के बीच सहयोग बनाए रखने के लिए बनाया गया संगठन है। पाकिस्तान, चीन रूस भी इसके सदस्य हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन, जिनपिंग और शहबाज शरीफ इस सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। वर्तमान में शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन में 8 देश कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान जैसे 8 देश सदस्य हैं। वहीं, अफगानिस्तान, ईरान, बेलारूस और मंगोलिया पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। जायसवाल ने सिर्फ इतना कहा कि इसे लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोदी ने एससीओ में शामिल नहीं होने का फैसला आगामी संसद सत्र के चलते लिया है। जो 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव और दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण के अलावा, माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री 2 से 4 जुलाई के बीच लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देंगे। सेंट्रल एशिया में दुनिया के कच्चे तेल और गैस का करीब 45% भंडार मौजूद है, जिसका उपयोग ही नहीं हुआ है। इसलिए भारत की एनर्जी जरूरतों को पूरा करने के लिए आने वालों साल अहम हैं।

### 2 साल बाद पुतिन से मिलने का मौका था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 साल से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से नहीं मिल पाए हैं। दोनों नेताओं की आखिरी मुलाकात 2022 में उज्बेकिस्तान में हुए सम्मेलन में ही हुई थी। तब मोदी ने पुतिन से कहा था, यह युग युद्ध का नहीं है। तब से भारत और रूस ने सालाना पुतिन-मोदी शिखर सम्मेलन नहीं किया है। पुतिन चीन, नॉर्थ कोरिया और सऊदी जा चुके हैं, लेकिन वो एक बार भी भारत दौरे पर नहीं आए हैं। एससीओ का मेंबर होने के बावजूद समिट में नहीं जाने पर भारत मध्य एशिया जैसे अहम इलाके में अलग-थलग पड़ सकता है। 2023 में सम्मेलन भारत में होना था। तब भी सरकार ने शेड्यूल का हवाला देकर इसे ऑनलाइन करने का फैसला किया। वहीं भारत ने एससीओ मंच का इस्तेमाल सदस्य देशों, खासकर पाकिस्तान और चीन को बार-बार ये याद दिलाने के लिए किया है कि ग्रुप का एक मूल उद्देश्य आतंकवाद से लड़ना था। साथ ही यह भी कि सभी राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें।

# विकसित किया कवच का नया संस्करण

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का नया और अधिक सक्षम एवं प्रभावशाली संस्करण कवच 4.0 विकसित किया है तथा परीक्षण के बाद इसे शीघ्र ही लगाना शुरू किया जाएगा।

सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कवच की प्रगति की समीक्षा की जिसमें अधिकारियों ने कवच के संस्करण 4.0 की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। रेल मंत्री को बताया गया कि कवच के सभी तीन अनुमोदित निर्माता संस्करण 4.0 के परीक्षण के उन्नत चरण में हैं।

# नेतन्याहू ने हथियारों की आपूर्ति में कमी आने की बात दोहराई

तेल अवीव, एजेंसी

- **अमेरिका ने नेतन्याहू के दावों को कुछ दिन पहले नकार दिया था**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को अपने दावे को दोहराते हुए मंत्रिमंडल को बताया कि गाजा में इजराइल के अभियान के लिए अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति में नाटकीय गिरावट आई है। नेतन्याहू ने कुछ दिन पहले भी यही दावा किया था जिससे अमेरिका ने नकार दिया था।



नेतन्याहू ने अपने मंत्रिमंडल को बताया कि हथियारों की आपूर्ति चार महीने पहले हुई थी, लेकिन यह नहीं बताया कि किस हथियार की आपूर्ति की गई थी। उन्होंने केवल इतना कहा कि कुछ सामग्री छिटपुट रूप से पहुंचीं, लेकिन अधिकांश हथियार वहीं रह गए। नेतन्याहू ने मंत्रिमंडल को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों से आपूर्ति में तेजी लाने के लिए कई सप्ताह तक अनुरोध के बाद पिछले सप्ताह उन्हें एक वीडियो जारी करना पड़ा।

# श्रीलंका ने 18 भारतीय मछुआरे पकड़े

कोलंबो, एजेंसी

- **श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप लगाया**

श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और मछली पकड़ने वाली उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। मीडिया की एक रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गयी।

समाचार पोर्टल द न्यूज फर्स्ट की रिपोर्ट के अनुसार मछुआरों को शनिवार रात चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान डेल्फ्ट द्वीप के पास उत्तरी सागर से गिरफ्तार किया गया। श्रीलंका की नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गायन विक्रमसूर्या ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए कांकेसंतुरई बंदरगाह ले जाया जाएगा। पिछले सप्ताह, चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और श्रीलंकाई नौसेना ने द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में उनके ट्रॉलर (मछली पकड़ने में इस्तेमाल की जाने वाली नौका) को जब्त कर लिया था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने बताया कि ताजा घटना से पहले 2024 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 180 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और उनके 25 ट्रॉलर जब्त किए गए थे।

# फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को मंजूरी दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- **पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए लिया गया फैसला**

पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को रविवार को मंजूरी दे दी। पीओके में पिछले महीने व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की छह पलाटून तीन महीने के लिए क्षेत्र में तैनात की जाएंगी।

फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती का यह फैसला, पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के खिलाफ नए सिरे से प्रतिबद्धता के साथ एक बड़ा अभियान शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद आया है। महंगाई और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने किया और क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में व्यापारी इसमें अग्रणी भूमिका में थे। जियो न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया, यह घटनाक्रम विवादित क्षेत्र के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक और गृह मंत्री मोहसिन नकवी के बीच मुलाकात के बाद हुआ। बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने कानून और व्यवस्था की स्थिति, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य, साथ ही विवादित क्षेत्र के अगले वित्तीय वर्ष के बजट पर चर्चा की।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

इस्लामाबाद, एजेंसी

- **पीटीआई का पार्टी के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन**
- **आम चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली करने के आरोप लगे थे**

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने रविवार को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में विफल रहने के कारण मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के तत्काल इस्तीफे की मांग दोहराई और पार्टी के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह बात मीडिया की खबरों में कही गई है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर में बताया गया है कि खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेताओं ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया और नेशनल असेंबली (संसद का निचला सदन) के अन्य सदस्यों के साथ राजधानी इस्लामाबाद में संसद से पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के कार्यालय तक एक रैली निकाली। नेता प्रतिपक्ष और पीटीआई के नेता उमर अयूब के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने चुनाव में कथित धांधली को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजा और निर्वाचन आयोग के सदस्यों के इस्तीफे की मांग की। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए विवादास्पद आम चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली किये जाने के आरोप लगे थे। इस दौरान पार्टी के संस्थापक और क्रिकेटर से राजनीतिक नेता बने खान की रिहाई के लिए नारे भी लगाए गए।

### पर्यटक की हत्या के आरोप में 23 लोग गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की पुलिस ने स्वात शहर में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी करने वाले एक पर्यटक की पीट-पीटकर हत्या करने के सिलसिले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया में आई खबरों में रविवार को यह जानकारी दी गयी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की मदयान तहसील में बृहस्पतिवार को गुस्साई भीड़ ने मुहम्मद इस्माइल (40) की गोली मारकर हत्या कर दी और उसे पूरे कस्बे में घसीटते हुए ले गए तथा बाद में सार्वजनिक रूप से उसे फांसी पर लटका दिया। इस्माइल पंजाब प्रांत के सियालकोट का रहने वाला था। भीड़ ने मदयान पुलिस थाने को भी आग के हवाले कर दिया था। इस्माइल पर कुरान के पन्ने जलाने का आरोप था। इस घटना में पांच पुलिसकर्मी और 11 स्थानीय लोग घायल हो गए थे।

# गाजा संघर्ष को लेकर नहीं बदलेगा श्रीलंका का रुख

कोलंबो, एजेंसी

- **विक्रमसिंघे बोले- पांच साल में हो फिलिस्तीन की स्थापना**

राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को पांच साल के अंदर एक अलग फिलिस्तीनी राष्ट्र की स्थापना के लिए श्रीलंका के अटूट समर्थन को दोहराया। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि देश की वर्तमान दिवालिया अर्थव्यवस्था के बावजूद उदार सार्वजनिक योगदान से उनकी सरकार के गाजा बाल कोष में दस लाख डॉलर एकत्र किए गए, जिन्हें दान कर दिया गया है।



विक्रमसिंघे ने ये टिप्पणियां गाजा के प्रभावित लोगों के लिए पूर्वी प्रांत के मुस्लिम बहुल कट्टनकुडी में जुम्मा मस्जिद में आयोजित विशेष सेवा में भाग लेने के दौरान कीं।

उन्होंने कहा, गाजा संघर्ष को लेकर श्रीलंका का रुख कभी नहीं बदलेगा, पांच साल में एक स्वतंत्र फलस्तीन देश की स्थापना के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए और नागरिकों की हत्या बंद होनी चाहिए। विक्रमसिंघे ने कहा, हमास से जुड़ी समस्याओं का फर्क आम लोगों पर नहीं पड़ना चाहिए। इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का समाधान अलग से किया जाना चाहिए। श्रीलंका सरकार ने देश की मौजूदा अर्थव्यवस्था के दिवालिया होने के बावजूद गाजा बाल कोष की स्थापना का निर्णय लिया।

## बॉलीवुड हलचल

### पवन सिंह की बायोपिक का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक पवन सिंह की रियल और रील लाइफ बनी भोजपुरी फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी स्टार के जीवन पर आधारित बायोपिक फिल्म में खुद उसी अभिनेता ने खुद का किरदार जिया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार है जब फिल्म पवर स्टार खुद पवन सिंह ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। इस फिल्म में पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका है। फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फ़िल्म पवन सिंह की लाइफ स्टाइल पर आधारित है, रीयल लाइफ में जैसे पवन सिंह हैं, वैसे ही इस फ़िल्म में भी वे दिखेंगे। मैड्ज मूवीज बैनर के तले बिग स्केल पर बनाई गई भोजपुरी फिल्म पावर स्टार के प्रोड्यूसर मधु शर्मा और समीर आफ़ताब हैं। इस फ़िल्म का निर्देशन फिरोज खान ने किया है। फिल्म पावर स्टार में पवन सिंह, मधु शर्मा, पीयूष सुहाने, मनोज सिंह टाइगर, प्रकाश जैस, युगांत पांडे, संजय वर्मा, अजय पटेल, इंद्रेश त्रिपाठी, उजैर खान, हेमलाल कौशल, सुजीत सार्थक, अभिषेक नजर आएंगे।

### 72 वर्ष के हुए बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर आज 72 वर्ष के हो गये। राज बब्बर का जन्म 23 जून 1952 को हुआ। वर्ष 1975 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद बतौर अभिनेता बनने का सपना लिये वह मुंबई आ गये। मुंबई आने के बाद मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिये उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान वह निर्माता-निर्देशक प्रकाश मेहरा के ऑफिस में एक छोटे से कमरे में रहकर संघर्ष किया करते थे। राज बब्बर ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म सौ दिन सास के से की। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेत्री रीना राय के पति की भूमिका निभाई। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी लेकिन अभिनेत्री प्रधान फिल्म होने के कारण उन्हें अधिक नोटिस नहीं किया गया।



### एसएस राजामौली ने कल्कि के ट्रेलर की तारीफ की

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी के ट्रेलर की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रशंसकों से लेकर मशहूर हस्तियों तक, हर कोई ट्रेलर की सराहना कर रहा है। निर्देशक एसएस राजामौली ने भी ट्रेलर की सराहना की है। निर्देशक एसएस राजामौली ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह पावर पैक्ड ट्रेलर है। यह फिल्म एफडीएफएस देखने के लिए सही मूड और टोन सेट करता है। अमिताभ जी, डार्लिंग और दीपिका के किरदारों में बहुत गहराई है। यह वाकई दिलचस्प है।

# ताइवान ने द्वीप के पास चीनी सैन्य विमान देखे

ताइपे, एजेंसी

**चीन की दादागिरी**

- **आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुसे**

ताइवानी सेना ने पिछले 24 घंटों में द्वीप के करीब चीनी सशस्त्र बलों के 15 विमान और छह जहाज देखे हैं। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक्स पर कहा, ताइवान के आसपास रविवार सुबह छह बजे तक 15 पीएलए विमान और छह पीएलएएन (नौसेना) जहाज देखे गये। आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गये।

चीनी सशस्त्र बलों ने मई में द्वीप के प्रशासन के नये प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार संभालने के दो दिन बाद ताइवान के आसपास व्यापक सैन्य अभ्यास किया। उनके अपने पूर्ववर्ती की स्वतंत्रता समर्थक नीति को जारी रखने की संभावना है। चीन ने जून की शुरुआत में कहा था कि चीनी सेना सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ना जारी रखेगी, साथ ही पुनर्मिलन को बढ़ावा देगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करेगी। साथ ही, सेना देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी। ताइवान 1949 से से स्वतंत्र रूप से शासित है। बीजिंग इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जबकि ताइवान (अपनी स्वयं की निर्वाचित सरकार वाला क्षेत्र) मानता है कि वह एक स्वायत्त देश है। बीजिंग ताइपे के साथ अन्य देशों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।

# पीछे नहीं हटेंगे, लेकिन युद्ध शुरू नहीं करेंगे : फिलीपींस

मनीला, एजेंसी

- **फिलीपींस की सेना ने चीनी सैनिकों के हमला करने के वीडियो सार्वजनिक किए थे**

फिलीपींस के राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि उनका देश किसी भी विदेशी ताकत के आगे नहीं झुकेगा लेकिन कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की सेना द्वारा फिलीपींस की नौसेना के जवानों को घायल करने और एक झड़प में कम से कम दो सैन्य नौकाओं को क्षतिग्रस्त किये जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह कहा।

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने अपने शीर्ष अधिकारियों और रक्षा प्रमुख के साथ द्वीपीय प्रांत पलावन के लिए उड़ान भरी। वह उन नौसेना कर्मियों को पदक प्रदान करने के लिए पहुंचे जो चीनी तटरक्षक के हमले का निशाना बने थे। सेना द्वारा सार्वजनिक किए गए टकराव के वीडियो और तस्वीरों में चीनी तट रक्षक के कर्मी फिलीपींस के नौसेना की एक नाव पर प्रहार करते, सायरन बजाते और स्ट्रोब लाइट का उपयोग करते देखे जा सकते हैं। वहीं, चीन की सरकार ने कहा है कि जब फिलीपींस के सैनिकों ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया तब उसे कार्रवाई करनी पड़ी। इस हिंसक टकराव ने अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अन्य पश्चिमी और एशियाई देशों की चिंता बढ़ा दी है।